योजना विभाग
PLANNING DEPARTMENT

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक समीक्षा

1986

ECONOMIC REVIEW OF HIMACHAL PRADESH

अर्थ एवं संख्या निदेशालय, हिमाचल प्रदेश
DIRECTORATE OF ECONOMICS AND STATISTICS,
HIMACHAL PRADESH

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक समीक्षा

1986

NIEPA DC
D03096

(आर्थिक स्थिति व विकास कार्यक्रम)

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Aministration
17-B, Sri Aurbindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No. 3046
Date. 18/6/86

विषय सूची

	पृष्ठ
प्रस्तावना	iii
भाग I—वर्ष 1985-86 की प्रगति की समीक्षा	
1. सामान्य आर्थिक स्थिति	1
2. कृषि कार्यक्रम	
2.1 कृषि	4
2.2 उद्यान	6
2.3 लघु तथा मध्यम सिंचाई और बाढ़ नियन्त्रण	7
2.4 भू-संरक्षण	8
2.5 पशुपालन	8
2.6 वन	10
2.7 मत्स्य पालन	11
2.8 भू-एकत्रीकरण	12
2.9 भूमि सुधार	12
3. सहकारिता एवं ग्रामीण एकीकृत विकास	
3.1 सहकारिता	13
3.2 ग्रामीण विकास	13
3.3 पंचायत	14
4. बहुद्देशीय परियोजनाएं तथा विद्युत	
4.1 बहुद्देशीय परियोजनायें तथा विद्युत	16
5. उद्योग तथा खनिज विकास	
5.1 उद्योग एवं खनिज विकास	17
6. परिवहन एवं संचार	
6.1 सड़कें तथा भवन निर्माण	19
6.2 पथपरिवहन	20
6.3 पर्यटन	20
7. सामाजिक सेवाएं	
7.1 शिक्षा	22
7.2 तकनीकी शिक्षा	22
7.3 युव सेवाएं एवं क्रीड़ाएं	23

	पृष्ठ
7.4 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	25
7.5 आयुर्वेद	26
7.6 होमियोपेथी	26
7.7 आयुर्विज्ञान महाविद्यालय	26
7.8 आवास	27
7.9 पेयजल योजना	28
7.10 पिछड़े वर्गों का कल्याण	28
7.11 समाज कल्याण	29
7.12 पोषाहार कार्यक्रम	29
7.13 रोजगार तथा श्रम कल्याण	30
7.14 नगर विकास तथा ग्राम नियोजन	31
7.15 भाषा एवं संस्कृति	31
7.16 पर्वतारोहण	32
7.17 विज्ञान और प्रौद्योगिकी	33
7.18 जनजाति तथा अनुसूचित जातियों का विकास	34
8. विविध	
8.1 आबकारी एवं कराधान	35
8.2 खाद्य एवं आपूर्ति	36
8.3 लोक सम्पर्क	38
8.4 स्थानीय निकाय	38
8.5 विवरणिका	38
8.6 सांख्यिकी	39
8.7 हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान	40
8.8 सार्वजनिक उपक्रम	41
भाग II--सांख्यिकीय सारणियां	89

प्रस्तावना

आर्थिक समीक्षा एक बजट प्रलेख है जो सरकार की उसके विभागों द्वारा की गयी आर्थिक गतिविधियों को विस्तार से प्रस्तुत करता है। इसमें वर्ष 1985–86 के दौरान प्रदेश की आर्थिक स्थिति के सभी पहलुओं के समावेश करने का यत्न किया गया है। 1985–86 सातवीं योजना का प्रथभ वर्ष होने के कारण, आधार वर्ष के रूप में इस का महत्व और भी बढ़ जाता है। भाग एक में समीक्षा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में की गयी है। दूसरे भाग में महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों की सांख्यिकीय तालिकाएं दी गयी हैं।

समय पर सूचना उपलब्ध करवाने के लिए मैं सभी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। इस समीक्षा के लिए इतनी विशाल तथा विस्तृत सामग्री के एकत्रीकरण, संकल और इसको संक्षेप में विश्लेषण का कार्य अर्थ एवं संख्या निदेशालय ने किया है। मैं निदेशालय द्वारा किये गये कड़े परिश्रम की प्रशंसा करता हूं।

सुरेन्द्र मोहन कंवर
आई.ए.एस.

वित्त आयुक्त एवं सचिव (वित्त एवं योजना)
हिमाचल प्रदेश सरकार

भाग I

वर्ष 1985-86 की प्रगति की समीक्षा

1. सामान्य आर्थिक स्थिति

1.1 शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

वर्ष 1984-85 के अन्तर्गत स्थिर भावों (1970-71) पर बनाए गए राष्ट्रीय आय के अनुमानों के आधार पर देश की अर्थ व्यवस्था में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राष्ट्र की शुद्ध आय 1983-84 के 55,100 करोड़ की तुलना में 1984-85 में 57,014 करोड़ पहुंच गयी। जिसके फलस्वरूप छठी पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत वास्तविक राष्ट्रीय आय में औसतन 5.3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि हुई। प्रचलित भावों पर राष्ट्रीय आय 1983-84 के 1,57,830 करोड़ रुपए की तुलना में बढ़ कर 1984-85 में 1,73,207 करोड़ रुपये पहुंच गई और इस प्रकार अर्थ व्यवस्था में 9.7 प्रतिशत वृद्धि हुई।

यह सराहनीय है कि कृषि उत्पादन में 4 प्रतिशत गिरावट के पश्चात् भी देश की अर्थ व्यवस्था ने 1984-85 में 3.5 प्रतिशत वृद्धि दर को प्राप्त किया। 1984-85 में खाद्यान्न उत्पादन केवल 146.2 मिलियन टन हुआ जबकि 1983-84 में खाद्यान्न उत्पादन ने 152.4 मिलियन टन के स्तर पर पहुंच कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था।

इस वर्ष तिलहन तथा कपास का देश में क्रमश: 4.3 एवं 13.1 मिलियन टन का रिकार्ड उत्पादन हुआ। खनन के क्षेत्र में कच्चे तेल एवं कोयले के उत्पादन में वृद्धि के फलस्वरूप 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विनिर्माण, गैस एवं विद्युत, जलपूर्ति आदि क्षेत्रों में भी गत वर्ष की अपेक्षा अधिक वृद्धि हुई।

प्रति व्यक्ति वास्तविक आय 1983-84 के 761 रुपए की तुलना में 1984-85 में 772 रुपए हो गई। प्रचलित भावों पर प्रति व्यक्ति आय 1983-84 के 2,180 रुपए से बढ़ कर 1984-85 में 2,344 रुपए हो गई।

1.2 शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद

वर्ष 1984-85 में स्थिर भावों (1970-71) पर बनाए गए राज्य आय के अनुमानों के आधार पर राज्य की अर्थ व्यवस्था में 5 प्रतिशत की गिरावट आई। राज्य की शुद्ध आय 1983-84 के 318.08 करोड़ रुपए से घट कर 302.29 करोड़ रुपए रह गई जिसका कारण सूखा पड़ने से कृषि क्षेत्र का प्रभावित होना है। 1984-85 में खाद्यान्न उत्पादन में 6.5 प्रतिशत की कमी हुई। 1983-84 में यह उत्पादन 10.77 लाख टन था जोकि घटकर 1984-85 में 10.07 लाख टन रह गया। सूखे के कुप्रभाव से फल उत्पादन क्षेत्र भी अछूता न रहा और 1984-85 में फल उत्पादन में 29 प्रतिशत की गिरावट आई। कृषि एवं फल उत्पादन क्षेत्रों ने मिलकर राज्य आय को 9.3 प्रतिशत गिराया। कृषि क्षेत्र का राज्य आय में 48 प्रतिशत योगदान है।

छठी पंच वर्षीय योजना की अवधि में वर्ष 1984-85 एवं 1982–83 में क्रमश: 5 प्रतिशत एवं 5.1 प्रतिशत की गिरावट के उपरान्त भी राज्य अर्थ व्यवस्था ने 3.7 प्रतिशत औसतन वार्षिक वृद्धि दर को प्राप्त किया। प्रचलित भावों पर राज्य की आय 1983-84 के 1,010.04 करोड़ रुपए से बढ़ कर 1984-85 म 1,061.74 करोड़ रुपए हो गई। इस प्रकार 1984-85 में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2,316 रुपए है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह आय 2,344 रुपए है।

प्रचलित वर्ष 1985-86 में प्रदेश की अर्थ व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की अच्छी स्थिति होने के कारण 7–8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

1.3 मूल्य स्थिति

मुद्रास्फीति की दर 4.9 प्रतिशत बनाए रखने के लिए वर्ष 1985 महत्वपूर्ण है। क्योंकि थोक मूल्य सूचकांक जनवरी, 1985 के 340.1 से बढ़ कर जनवरी 1986 में 356.6 ही हुआ। यह दर पिछले वर्ष 5.4 प्रतिशत थी। मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए :—

(i) सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना जिसमें अनाजों का पर्याप्त भण्डार भी सम्मिलित है,

(ii) खाने के तेल और चीनी जैसी घरेलू वस्तुओं को उपलब्ध कराना,

(iii) अधिक उत्पादन हेतु किसानों को प्रोत्साहनवर्धक मूल्य देना,

(iv) राजकोषीय अनुशासन का प्रवर्तन, तथा

(v) सरकारी खर्चों में कमी और शासकीय प्रणाली में अन्धाधुन्ध व्यय पर नियन्त्रण,

वर्ष 1983 से वर्ष 1986 तक के थोक मूल्य सूचकांक निम्न तालिका में दिखाए गए हैं :–

थोक मूल्य सूचकांक—समस्त भारत

(आधार 1970-71=100)

मास	1983	1984	1985	1986
जनवरी	290.6	322.3	340.1	356.6
फरवरी	292.7	323.2	339.2	
मार्च	295.3	322.9	342.5	
अप्रैल	300.3	323.6	347.8	
मई	307.4	327.4	350.6	
जून	309.3	334.5	355.9	
जुलाई	312.9	342.3	361.6	

मास	1983	1984	1985	1986
अगस्त	317.7	345.9	362.9	
सितम्बर	319.1	342.2	357.8	
अक्तूबर	318.9	342.6	359.2	
नवम्बर	319.3	340.6	356.9	
दिसम्बर	318.7	338.0	356.8	
औसत	308.5	334.0	352.6	

नोट:-अप्रैल, 1985 से आगे सूचकांक अस्थायी हैं।
स्रोत :-उद्योग मन्त्रालय, भारत सरकार।

हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार 1965=100) के अनुसार सूचकांक दिसम्बर, 1984 में 425 से बढ़कर दिसम्बर, 1985 में 457 हो गया जिससे 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

हिमाचल प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति पर विशेष नजर रखी जाती है। अर्थ एवं संख्या निदेशालय 13 आवश्यक वस्तुओं के संबंध में जिला मुख्यालयों के पाक्षिक परचून भाव एकत्र करता है। तहसील/उप-तहसील मुख्यालयों से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग भाव एकत्र करता है। जिला संख्या अधिकारी अपने जिले के लिए मासिक समीक्षा तैयार करता है। इस समीक्षा के आधार पर अर्थ एवं संख्या निदेशालय सारे प्रदेश के लिए मासिक समीक्षा तैयार करता है जो सरकार को भेजी जाती है।

1.4 रोजगार स्थिति

जून, 1985 के अंत में प्रदेश में कुल 2,63,234 (सार्वजनिक क्षेत्र 2,44,443 और निजी क्षेत्र 18,791) कर्मचारी थे जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 2,49,911 कर्मचारी कार्यरत थे। सार्वजनिक क्षेत्र की कुल रोजगार में से 71.7 प्रतिशत राज्य सरकार के 6.9 प्रतिशत केन्द्र सरकार के 5.5 प्रतिशत अर्ध सरकारी (केन्द्रीय), 14.7 प्रतिशत अर्ध-सरकारी (राज्य) तथा 1.2 प्रतिशत स्थानीय निकायों के प्रतिष्ठानों में लगे हुए थे।

पहली जनवरी, 1985 से 30 नवम्बर, 1985 तक की अवधि में 68,685 व्यक्तियों के नाम पंजीकृत किए गए तथा 6,449 लोगों को रोजगार दिए गए। विभिन्न रोजगार देने वालों में 10,147 रिक्त स्थान अधिसूचित किए। 30 नवम्बर, 1985 तक प्रदेश के सभी रोजगार कार्यालयों में 3.13 लाख प्रार्थी पंजीकृत थे।

राज्य सरकार ने 12 अनुसूचित रोजगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारित की है। वर्ष 1985-86 में सरकार ने कागज तथा कागज से बनी वस्तुओं के कारखाने के कर्मचारियों को भी न्यूनतम मजदूरी एक्ट, 1948 में शामिल किया। चाय बागानों में कार्यरत मजदूरों के अतिरिक्त अकुशल मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी को 10 रुपए प्रति दिन से बढ़ाकर 12 रुपए प्रतिदिन कर दिया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न श्रम कल्याण योजनाएं जैसे कर्मचारी राज्य बीमा योजना, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 औद्योगिक कर्मकारों को एकीकृत अनुदान प्राप्त मकान योजना, आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग, कर्मकारों के लिए शिक्षा योजना इत्यादि कार्यान्वित की गई।

1.5 विकास संबंधी उद्व्यय

सातवीं योजना के लिए योजना आयोग ने 1,050 करोड़ रुपए की उद्व्यय राशि स्वीकृत की है। राज्य सरकार अपने साधनों से 186.98 करोड़ रुपए जुटाएगी तथा 863.02 करोड़ रुपए की धनराशि केन्द्रीय सरकार से सहायता के रूप में मिलेगी। सातवीं योजना में विशेष महत्व आर्थिक व्यवस्था को दिया है जो कुल योजना उद्व्यय का 77.2 प्रतिशत है। सामाजिक सेवाओं के लिए 20.2 प्रतिशत तथा अन्य सेवाओं के लिए 2.6 प्रतिशत रखा गया है। आर्थिक व्यवस्था में कुछ मुख्य क्षेत्र जैसे विद्युत, सड़कें तथा भवन, वन तथा लघु एवं मध्यम सिंचाई इत्यादि है। सामाजिक सेवाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जल वितरण इत्यादि हैं।

वर्ष 1985-86 के लिए वित्त आयोग ने 177.00 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत उद्व्यय से संशोधित उद्व्यय 177.60 करोड़ रुपए होने की सम्भावना है। वर्ष 1986-87 में वित्त आयोग द्वारा स्वीकृत 205 करोड़ रुपए के उद्व्यय में 30.67 करोड़ रुपए न्यूनतम आवश्यक कार्यक्रम के लिए तथा 7.03 करोड़ रुपए पिछड़े क्षेत्रों के लिए सम्मिलित हैं। यह 1985-86 वर्ष के उद्व्यय से 15.8 प्रतिशत अधिक है।

1.6 नया 20 सूत्रीय कार्यक्रम

नए 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा योजना आयोग द्वारा वर्ष 1985-86 के प्रथम नौ महीनों की उपलब्धियों के आधार पर दूसरे सब राज्यों की तुलना में हिमाचल प्रदेश ने सर्व प्रथम स्थान प्राप्त करने का श्रेय पाया है। जनवरी, 1986 तक की संक्षिप्त उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:—

सूत्र नम्बर	मद	इकाई	वर्ष 1985-86 के लक्ष्य	जनवरी 1986 तक की उपलब्धियां	1986-87 के अनुमानित लक्ष्य
1	2	3	4	5	6
1	(क) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम				
	(i) पुराने मामले	नम्बर	23,000	10,583	20,000
	(ii) नए मामले	नम्बर	8,000	13,333	10,000
	(ख) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार	लाख मैनडेज	13.00	10.44	11.00
	(ग) आर०एल०ई०जी०पी० के अन्तर्गत रोजगार	लाख मैनडेज	11.83	12.02	10.00

1	2	3	4	5	6
7	(क) अनुसूचित जाति सहाय परिवार	नम्बर	24,000	19,779	24,000
	(ख) अनुसूचित जनजाति सहाय परिवार	नम्बर	2,631	2,916	2,631
8	पेय जल उपलब्ध कराने वाले कठिन गांव	नम्बर	250	333	280
10	झुग्गी में रहने वाली जन संख्या को सुविधा प्रदान करना	नम्बर	5,000	4,364	5,000
11	(क) विद्युतिकृत गांव	नम्बर	425	451	460
	(ख) पम्प सैट लगाए गए	नम्बर	60	104	60
12	(क) पेड़ लगाए गए	करोड़	5.50	4.82	6.50
	(ख) बायोगैस यन्त्र लगाए गए	नम्बर	2,500	2,462	3,000
13	नसबन्दियां की गई	नम्बर	38,000	21,977	*38,000 (अस्थायी)
14	(क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाएगें	नम्बर	15	12	16
	(ख) उपकेन्द्र खोले जाएगें	नम्बर	-	-	70
15	आई०सी०डी०एस० ब्लाक शुरू किए जाएगें	नम्बर	3	3	5
18	लघु उद्योग केन्द्र स्थायी रुप में पंजीकृत किए जाएगें	नम्बर	400	1,081	450

*भारत सरकार द्वारा सूचित किया जाएगा

2. कृषि कार्यक्रम

2.1 कृषि

कृषि हिमाचल प्रदेश के लोगों का प्रमुख व्यवसाय है। अतः यह प्रदेश की अर्थ व्यवस्था के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इससे प्रदेश की लगभग 72.4 प्रतिशत कार्यरत जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध होता है। राज्य के कुल घरेलू उत्पादन में कृषि क्षेत्र का 45 प्रतिशत योगदान है। प्रदेश के कुल 55.7 लाख हैक्टयर भौगोलिक क्षेत्र में से 6.01 लाख हैक्टेयर क्षेत्र खेती के अन्तर्गत आता है। यह भूमि मुख्यतः लघु एवं सीमान्त किसानों के वर्गों द्वारा जोती जाती है। कृषि विभाग की यह निरन्तर नीति रही है कि न केवल खाद्यानों के विषयों में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जाये बल्कि नकदी फसलों विशेषतयः बेमौसमी सब्जियों, सब्जी, आलू तथा अदरक आदि के सुधरे बीजों के उत्पादन द्वारा भी कृषकों की आर्थिक दशा में सुधार लाया जा सके जिसके लिये प्रदेश की कृषि संबंधी जलवायु अति उत्तम है। कृषि विभाग प्रदेश के कृषकों को उन्नत तकनीकी के प्रावधान के अतिरिक्त कृषकों को कृषि संबंधी उपकरणों (कृषि सामग्री) जैसे कि उन्नत बीज, उर्वरक, पौध संरक्षण दवाइयों तथा बीज एवं उर्वरक ड्रील और उन्नत कृषि औजारों की पर्याप्त तथा समयबद्ध आपूर्ति आदि का भी प्रबंध करता है।

माननीय प्रधान मंत्री के 20 सूत्रीय कार्यक्रम ने कृषि उत्पादन नीति को एक नई दिशा प्रदान की है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में शुष्क खेती, तिलहन और दालों के बीजो के विकास, बायोगैस संयत्र लगाना जो कि ऊर्जा स्रोत का एक विकल्प है की प्रोद्यौगिकी प्रणाली पर अधिक बल दिया जा रहा है। विभाग द्वारा लगातार प्रयत्नों के फलस्वरूप आज नकदी फसलें जैसे कि आलू, अदरक तथा सब्जियों इत्यादि के उत्पादन से प्रशंसनीय उपलब्धियां हुई है। 20–सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई सूत्रवार उपलब्धियों का वर्णन निम्नलिखित है।

सूत्र नः—1 सिंचाई स्रोतों का विकास तथा शुष्क खेती की उत्पादन सामग्री की आपूर्ति और इसकी तकनीकी जानकारी के प्रसार में वृद्धि लाना

हिमाचल प्रदेश मे लगभग 80 प्रतिशत खेती वर्षा पर निर्भर करती है वर्षा की बौछार प्रदेश में समान रूप से नहीं पड़ती हैं। ऐसी स्थितियों में फसलों के उत्पादन हेतु कृषि विभाग, शुष्क खेती की प्रणाली को कृषकों में लोकप्रिय कर रहा है। इस प्रणाली के अन्तर्गत कृषकों को भूमि में नमी बनाये रखने, फसलों की उचित किस्मों तथा उर्वरकों के उपयोग व खरपतवारों के विनाश और आपात के समय खेती इत्यादि के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न स्थानों पर इस संदर्भ में शिविर लगाये गये। कृषकों को शुष्क खेती की जानकारी उपलब्ध करवाने व सघन विकास के लिये वर्ष 1985-86 में 54 माइक्रो वाटरशैड (सूक्ष्म पानी छप्पर) चुने गए। इन माईक्रो वाटर शैडज के द्वारा सघन शुष्क खेती के अन्तर्गत 6.56 हजार हैक्टयर क्षेत्र लाया गया। इसके अतिरिक्त 70.13 हजार हैक्टयर क्षेत्र कथित वाटरशडज के बाहर वाले क्षेत्रों में शुष्क खेती के अन्तर्गत लाया गया। लगभग 6,329 सुधरे कृषि यन्त्र तथा 250 बीज एवं उर्वरक ड्रील वितरित किये गये। इस वर्ष के अन्तिम त्रिमाही में 8,671 कृषि के सुधरे यन्त्रों का वितरण कर दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त 337 पानी के संग्रहणों तथा पानी के संग्रहित करने हेतु इनकी रचनाओं को (वाटर हारवैस्टिंग तथा स्टोरेज स्ट्रक्चर) पूर्ण किया गया। वर्ष 1986-87 में इस कार्यक्रम में और वृद्धि लाई जायेगी।

सूत्र न० 2:–दालों तथा तिलहनों के उत्पादन में वृद्धि लाने हेतु विशेष पग उठाना

वर्ष 1985-86 में 85,250 हैक्टयर भूमि को दालों तथा 32,500 हैक्टयर भूमि को तिलहनी फसलों के अन्तर्गत लाने का लक्ष्य था ताकि 25 हजार टन दालों का तथा 7 हजार टन तिलहनों का उत्पादन किया जा सके। आशा की जाती है कि ये लक्ष्य पूर्णतयः उपलब्ध हो जायेंगे। वर्ष 1986–87 में 25.50 हजार टन दालों तथा 7.20 हजार टन तिलहनों के उत्पादन का प्रस्ताव रखा गया है। उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये वर्ष 1985-86 में लगभग 582.05 मि. टन दालों तथा 132.40 मि. टन. तिलहनों के बीजों की कृषकों में वितरित किया गया। दालों तथा तिलहनों की उन्नत किस्मों को लोकप्रिय बनाने हेतु दालों एवं तिलहनों के लगभग 28.02 हजार मिनिकिटस किसानों में वितरित किये गये।

सूत्र न० 7:—अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों का विकास करना

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों के आर्थिक विकास हेतु इन वर्गों के लिये अलग से योजनायें जैसे कि अनुसूचित जाति के लोगों की विशेष कम्पोनेंट (घटक) योजना तथा जनजाति क्षेत्र उपयोजना तैयार की गई। इन योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान पर कृषि उत्पादन सामग्री तथा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ तकनीकी जानकारी भी दी गई।

सूत्र न० 12:—बायोगैस का विकास

इस कार्यक्रम ने अधिक महत्व ग्रहण कर लिया है। वर्ष 1985-86 में 2,500 बायोगैस संयंत्र लगाने के लक्ष्य की उपेक्षा, दिसम्बर 1985 तक 2,293 संयत्र लगाये जा चुके हैं। यह लक्ष्य पूर्णतयः उपलब्ध होने का अनुमान है। वर्ष 1986-87 में 3,000 बायोगैस संयंत्र लगाने का प्रस्ताव है।

वर्ष 1985–86 में कार्यक्रम की उपलब्धियां तथा वर्ष 1986-87 के प्रस्तावित लक्ष्यों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :—

(क) **खाद्यान्न**:– राज्य को खाद्यानों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने को देखते हुये कृषि विभाग कृषकों को अति आधुनिक फार्म तकनीकी की जानकारी देने के साथ-साथ कृषकों को आवश्यक कृषि सामग्री जैसे बीज, उर्वरक तथा पौधसंरक्षण सामग्री इत्यादि की पर्याप्त एवं समवबद्ध आपूर्ति का भी प्रबन्ध करता है। वर्ष 1986-87 में 13.20 लाख टन अनाज पैदा करने का प्रस्ताव है जबकि वर्ष 1985–86 की अनुमानित उपलब्धि 12.97 लाख टन है।

(i) **अधिक उपजाऊ फसलों की किस्म का कार्यक्रम** :– कृषि क्षेत्र में तकनीकी उन्नति को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग अधिक से अधिक क्षेत्र को अनाजों की अधिक उपज देने वाली तथा सुधारी हुई किस्मों विशेषकर मक्की, धान तथा गेहूं के अन्तर्गत लाकर उत्पादन बढ़ाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1986-87 के लिये प्रस्तावित लक्ष्य निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

फसल का नाम	ईकाई	उपलब्धियां		
		1984-85	1985-86 (संभावित)	1986-87 के लक्ष्य
1. मक्की	'000 हैक्ट०	88.00	89.75	89.00
2. धान	,,	90.00	90.25	90.50
3. गेहूं	,,	310.00	315.00	320.00

(ii) **उर्वरक** :—रासायनिक खाद कृषि उत्पादन को बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाती है, विशेषकर जब उसे अधिक पैदावार देने वाले बीजों के साथ प्रयोग में लाया जाता है। उर्वरक के प्रयोग में महात्वपूर्ण वृद्धि हुई है जो निम्न तालिका में स्पष्ट है :—

(पौष्टिक रूप में खपत)

मद	इकाई	उपभोग		दिसम्बर 1985 तक उपलब्धियां	1986-87 के लिए लक्ष्य
		1984-85	1985-86 लक्ष्य		
नाइट्रोजन (एन)	'000टन	16.33	17.20	13.01	17.50
फासफोरस (पी$_2$ ओ$_5$)	,,	3.20	2.80	2.51	3.00
पोटाशियम (के$_2$ ओ)	,,	2.22	2.00	1.65	2.50
योग		21.75	22.00	17.17	23.00

उर्वरक के प्रयोग के अतिरिक्त, हरी खाद को प्रयोग करने पर भी जोर दिया जा रहा है। वर्ष 1986–87 में क्रमशः 37 लाख टन तथा 42 हजार टन हरी खाद एवं शहरी कम्पोस्ट के उत्पादन की सम्भावना है।

(iii) **पौध संरक्षण** :—वर्ष 1986-87 के दौरान 4.05 लाख हैक्टेयर क्षेत्र विभिन्न पौध संरक्षण के तरीकों के अन्तर्गत लाने का प्रावधान है जबकि वर्ष 1985-86 में यह क्षेत्र 3.98 लाख हैक्टेयर था।

(iv) **मिट्टी की जांच** :—वर्ष 1986-87 में 62,000 मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण किए जाने का प्रस्ताव है जबकि वर्ष 1985-86 की सम्भावित उपलब्धि 60,000 है।

(v) **बहुफसलीय खेती** :—वर्ष 1985-86 की लगभग 42 हजार हैक्टेयर क्षेत्र बहुफसलीय खेती के अन्तर्गत लाए जाने की सम्भावित उपलब्धि हुई जबकि वर्ष 1986-87 में लगभग 44 हजार हैक्टेयर क्षेत्र लाने का प्रस्ताव है।

(ख) **वाणिज्य फसलें**

(i) **आलू** :—आलू हमारे प्रदेश की महत्वपूर्ण नकदी फसल है जिस पर विशेषतः जिला शिमला, लाहौल-स्पिति तथा किन्नौर जिले के पूह मण्डल के किसानों की आर्थिक स्थिति काफी हद तक निर्भर करती है। उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाने के लिए तथा ग्राहकों को उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से "हिमाचल बीज आलू नियन्त्रण आदेश" अच्छी किस्म, ग्रेडिंग, ठीक बीज का होना और वजन, इत्यादि को नियन्त्रित करने के लिए लागू किया गया। किसानों को समयानुसार तकनीकी जानकारी के अलावा प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया गया।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने दिसम्बर, 1985 तक अधिसूचित एकत्रीकरण केन्द्रों पर प्रमाणित तथा सही आलू के बीजों पर 100 रुपए तथा 75 रुपए की दर से अनुदान देने की घोषणा की। खरीफ 1985 के दौरान बीज प्रमाण अभिकरण ने 95.71 हजार क्विंटल आलू के बीज प्रमाणित किए। नवम्बर, 1985 तक उपभोक्ता प्रान्तों को 32.37 हजार टन आलू का बीज तथा 9.66 हजार टन सब्जी के आलू का निर्यात किया। वर्ष 1986-87 में 1.25 लाख टन आलू के उत्पादन का प्रस्ताव है।

(ii) **सब्जियां** :—प्रदेश का विशेष जलवायु यहां पर बेमौसमी सब्जियां उगाने में सहायक है। इन सब्जियों को उगाने के लिए किसानों को आवश्यक आदान तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 1985–86 की सब्जियों की 2.80 लाख टन की सम्भावित उपलब्धियों की अपेक्षा वर्ष 1986-87 में 3.00 लाख टन सब्जियां उगाने का प्रस्ताव है।

(iii) **अदरक** :—वर्ष 1985–86 में 20.00 हजार टन हरा अदरक के उत्पादन की सम्भावित उपलब्धि की अपेक्षा वर्ष 1986-87 में 20.50 हजार टन हरा अदरक के उत्पादन की योजना है।

(ग) **कृषि विपणन**

किसानों को उन की फसल का उचित दाम दिलाने हेतु हिमाचल प्रदेश कृषि उत्पादन विपणन एक्ट 1969 (1970 का एक्ट) इस दौरान लागू रहा। पूरे प्रदेश को इस अधिनियम के अधीन लाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं।

(घ) अन्य कार्यक्रम

वर्ष 1985-86 के दौरान सेवा योजनाएं जैसे कृषि सूचना, कृषि आंकड़े, बीज की जांच तथा प्रमाणीकरण, कृषक प्रशिक्षण केन्द्र और कृषि इंजिनियरिंग कक्ष इत्यादि किसानों को लाभदायक सेवाएं प्रदान करती रही।

(ङ) केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं

(i) **गेहूं में से छोटे तथा जंगली घासपात जैसे फलेरिस का नियन्त्रण:**—इस योजना का उद्देश्य गेहूं में छोटे तथा जंगली घासपात जैसे फलेरिस का नियन्त्रण करना है। इसके अन्तर्गत 25 प्रतिशत अनुदान किसानों के प्रत्येक वर्ग को और 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन-जाति के कृषकों को दिया जाता है।

(ii) **सामयिक प्रतिवेदन योजना (फसलों के क्षेत्र व उत्पादन के अनुमान के लिए:**—इस योजना के अन्तर्गत 20 प्रतिशत चुने हुए गांव में अग्रिम गिरदावरी तथा फसलों की कटाई के परीक्षण किए जाते हैं।

(iii) **फसलों के आंकड़ों में सुधार:**—इस योजना का उद्देश्य फसल के आंकड़ों में सुधार लाना है जिससे सही आंकड़े उपलब्ध हो सकें। इस योजना के अन्तर्गत प्रतिदर्श गांवों में गिरदावरी किए हुए फसली क्षेत्र का मौके पर निरीक्षण किया जाता है और इस की तुलना पटवारी की जमाबन्दी से की जाती है। इस का निरीक्षण राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संस्था तथा राज्य कृषि सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

(iv) **राष्ट्रीय तिलहन बीज विकास प्रोजेक्ट:**—इस योजना के अन्तर्गत किसानों को प्रदर्शन द्वारा तिलहनों के बीजों की खेती के लिए सुधरी हुई कृषि विधियों को अपनाने का सुझाव व फसलों को कीड़े-मकौड़ों व रोगों से बचाने के लिए उपाय बताए जाते हैं। खरीफ तेल के बीज के 4,996 छोटी थैलियां तथा रबी तेल के बीज के 4,400 छोटी थैलियां किसानों को वितरित किए गए।

(v) **दालों का विकास:**—इस योजना के अन्तर्गत खरीफ के दौरान 9,226 छोटी थैलियां दालों के बीज तथा 9,400 छोटी थैलियां रबी दालों के बीज किसानों में वितरित किए गए।

(vi) **कृषि उत्पादन बढ़ाने हेतु छोटे व सीमान्त किसानों को अधिक सहायता देने की परियोजना:**—इस योजना का उद्देश्य छोटे तथा सीमान्त किसानों को तकनीकी जानकारी देकर कृषि उत्पादन को बढ़ावा है। इस योजना के अन्तर्गत 28,022 तेल के बीज व दालों को छोटी थैलियां बांटी गई।

(च) भू-संरक्षण कार्यक्रम

प्रदेश में अधिक वर्षा व ढलवां खेती के कारण मिट्टी के कटाव की विकट समस्या को सुलझाने के लिए विभिन्न भू-संरक्षण उपाय कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे हैं। इन उपायों के लिए कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान और 50 प्रतिशत ऋण दिया जाता है। वर्ष 1985-86 की 865 हैक्टेयर क्षेत्र (राज्य क्षेत्र) भू-संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाने की सम्भावित उपलब्धि की अपेक्षा वर्ष 1986-87 में 875 हैक्टेयर क्षेत्र लाने का प्रस्ताव है। राज्य क्षेत्र के अतिरिक्त वर्ष 1986-87 में केन्द्रीय क्षेत्र में भू-संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाने के लिए 1,174 हैक्टेयर क्षेत्र की प्रस्तावना है।

(छ) कृषि वित्त

हिमाचल प्रदेश में कृषि विभाग की विभिन्न ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न संस्थाएं हैं। हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक राज्य के कृषकों को छोटे व दीर्घ कालीन ऋण, फसलों के विपणन नकदी ऋण इत्यादि के लिए दिए जा रहे हैं। यह बैंक ग्रामीण एकीकरण विकास कार्यक्रम और अन्य आर्थिक कार्यक्रमों के लिए भी ऋण देता है। वर्ष 1984-85 में लघु दीर्घ कालीन ऋण क्रमश: 41.06 लाख रु. तथा 113.38 लाख रुपए कृषि तथा ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक, मौसमी कृषि कार्यक्रम और कृषि व इससे सम्बन्धित निवेश साख प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त यह राज्य सरकार को दीर्घ कालीन ऋण भी प्रदान करता है। वर्ष 1984-85 में बैंक द्वारा 400 लाख रु. वित्त प्रदान किया गया। वर्ष 1985-86 में बैंक द्वारा 440 लाख रुपए वित्त प्रदान करने का प्रावधान था। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक, प्रदेश में कृषि विकास के लिए कृषकों को वित्त प्रदान करता है जैसे कि ट्यूब वैलों का निर्माण, भूमि का सुधार, गोदाम निर्माण, भूमि क्रय, ट्रैक्टर क्रय तथा और कई वस्तुएं जैसे कि शहद की मक्खियां पालना, मछली पालना, रेशम के कीड़े पालना, डेयरी विकास इत्यादि।

वर्ष 1986-87 के लिए योजना:—वर्ष 1985-86 में चलाई जा रही बहुत सी योजनाएं वर्ष 1986-87 में भी जारी रहेंगी। इसके साथ 1986-87 के लक्ष्य उपरोक्त स्कीमों में दर्शाए गए हैं।

2.2 उद्यान

हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था में उद्यान का विशेष महत्व है। यह मुख्य राष्ट्रीय उद्देश्य जैसे कि अधिक अन्न, उत्पादकता और रोजगार के अवसर प्रदान करके उपलब्ध भूमि का प्रयोग, जल-वायु व हरियाली तथा पर्यावरण की सुरक्षा प्रदान करता है। राज्य सरकार तथा प्रदेश के लोगों द्वारा अधिक परिश्रम के कारण प्रदेश ने देश के उद्यान के क्षेत्र में विशेष स्थान प्राप्त किया है।

वर्ष 1985-86 में उद्यान के क्षेत्र में हुई मुख्य उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित है:—

1. फलों के अन्तर्गत क्षेत्र:—वर्ष 1985-86 में 7,000 हैक्टेयर क्षेत्र को नई पौधारोपण के अन्तर्गत रखा गया था। इसमें से 5,770 हैक्टेयर क्षेत्र दिसम्बर, 1985 तक पौधों के अन्तर्गत लाया जा चुका है तथा शेष लक्ष्य 1985-86 में शीतकालीन ऋतु में पूरा होने की सम्भावना है। वर्ष 1985-86 के 17.50 लाख फलों के पौधों के लक्ष्य की तुलना में 25 लाख से अधिक फलों के पौधे बांटे जाएंगे।

2. फल उत्पादन:—वर्ष 1985-86 में फलों के लगने तथा फलों की बढ़ोतरी के समय सूखे के अधिक लम्बे समय तक होने के कारण सभी प्रकार के फलों का उत्पादन आपेक्षित उत्पादन से 51 प्रतिशत कम होने की सम्भावना है। वर्ष 1985-86 में सभी प्रकार के फलों का कुल उत्पादन 2.30 लाख टन होने की सम्भावना है।

3. **जंगली फलों के पेड़ों को उत्तम किस्मों में सुधार करना** :—इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 के 10.00 लाख फलों के टॉप वर्किंग की तुलना में दिसम्बर, 1985 तक 0.01 लाख पेड़ों पर टॉप वर्किंग की गई। इस लक्ष्य के पूरा होने की सम्भावना है क्योंकि बसन्त के मौसम में टॉप वर्किंग का अधिक कार्य किया जाता है।

4. **पौध संरक्षण** :—दिसम्बर, 1985 के अन्त तक पौध संरक्षण कार्यों के अन्तर्गत 42,000 हैक्टेयर क्षेत्र को लाया गया तथा वर्ष 1985-86 में 78,000 हैक्टेयर क्षेत्र को पौध संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया जाएगा। पौध संरक्षण के क्षेत्र में अधिक प्रयत्नों के कारण सेबों की स्कैब बीमारी को लगातार दूसरे वर्ष भी नियन्त्रण में लाया गया। सेब को स्कैब रोग नियन्त्रण करने हेतु 80,000 हैक्टेयर की तुलना में दिसम्बर, 1985 तक 16,000 हैक्टेयर क्षेत्र लाया गया। वर्ष 1985-86 के अन्त तक लक्ष्य पूरा होने की सम्भावना है।

5. **उद्यान उद्योग में विविधता लाना** :—अन्य विशेष फलों की फसलों जैसे जैतून, अंजीर, पिस्ता, सारदा, मैलन, केसर, हौप्स, खुम्ब तथा फलों इत्यादि के लिए विशेष प्रयत्न किए जा रहे हैं। इस दिशा में भारी सफलता यह है कि जैतून तथा अन्य फल फसलों के विकास के लिए कुल्लू, मण्डी तथा चम्बा जिलों के लिए 2.44 करोड़ रुपए का "इन्डो-इटालियन प्रोजैक्ट" शुरू कर दिया है। लाहौल क्षेत्र में हौप्स की काश्त के लिए 7 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को हौप्स की काशत के अन्तर्गत लाया गया तथा वर्ष 1985 में इस उत्पादन का 26.00 टन (हरी) होगा। खुम्ब काश्त के एकीकृत विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 992 टन रासायनिक खाद तथा 3,371 स्पान की बोतलें बागवानों में वितरित की गई तथा दिसम्बर, 1985 तक 88 टन खुम्ब का उत्पादन हुआ।

6. **फलों का विपणन एवं विधायन** :—उद्यान विपणन एवं विधायन निगम के अन्तर्गत 6 पैकिंग तथा 4 ग्रेडिंग गृह ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में 5 शीत भण्डार, एक विधायन संयन्त्र, एक ट्रांजिट वेयर हाऊस तथा 2 आरा मशीनें तथा शिमला जिले में रोहड़ू तथा थानाधार क्षेत्रों में दो रोपवेज स्थापित की जा रही है। इस परियोजना के ढांचे के अन्तर्गत 59,000 टन फलों की पैकिंग, ग्रेडिंग, भण्डारण तथा विधायन की क्षमता है। इसके अतिरिक्त निगम का एक फल विधायन केन्द्र जरोल, बम्बई तथा दिल्ली में एक-एक शीत भण्डार, परवाणु तथा किरतपुर में पारगमन गोदाम, आजादपुर सब्जी मण्डी, दिल्ली की दुकानें, सोलन में मशरूम कम्पलैक्स, सब्जी मण्डी शिमला में शौपिंग/कम्पलैक्स तथा विश्व व्यापार केन्द्र, बम्बई में स्थित है। निगम ने किन्नौर जिले के रिकांग पीओ में एक ग्रेडिंग गृह का निर्माण किया तथा भरमौर में एक ग्रेडिंग गृह तथा एक रोपवेज स्थापित किए जा रहे हैं। वर्ष 1985-86 में एच. पी. एम. सी. ने 10.81 लाख पेटियों का विपणन, 11,000 पेटियों का भण्डार तथा 10,222 क्विंटल सेबों की बोरियों को ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में शीत भण्डारों में रखा। वर्ष 1984-85 के 1,222 टन की तुलना में वर्ष 1985-86 में 8,301 टन फलों के विधायन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। निगम ने वर्ष 1984-85 के केवल 0.15 लाख के मुकाबले में वर्ष 1985-86 में 1.11 लाख सी. एफ. बी. कार्टन बेचे। पिछले वर्ष के 43 लाख रुपए की तुलना में मार्च, 1986 तक शीत भण्डारों से 50 लाख रुपए से अधिक आय होने की आशा है। अक्तूबर, 1985 तक 95 लाख रुपए तक की विधायन की गई सामग्री बेची गई तथा वर्ष 1985-86 के अन्त तक 200 लाख रुपए आय होने की आशा है।

उद्यान विभाग द्वारा बागवानों को वैज्ञानिक ढंग से पैकिंग तथा ग्रेडिंग से सम्बन्धित शिक्षा देने हेतु फलों की 1.68 लाख टन पेटियों की पैकिंग व ग्रेडिंग दिसम्बर, 1985 तक प्रदर्शन द्वारा कराई जा चुकी है। दिसम्बर, 1985 तक 205 टन फलों का विधायन विभाग द्वारा चलाए जा रहे फल विधायन केन्द्रों में किया गया। इसमें सामुदायिक विधायन सेवा द्वारा किया गया 30 टन फलों का विधायन भी सम्मिलित है।

7. **समाज के कमजोर वर्गों के लिए उद्यान विकास** :—समाज के कमजोर वर्गों जैसे लघु तथा सीमान्त किसानों, अनुसूचित जाति तथा जन जाति के किसानों तथा पिछड़े क्षेत्र के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने नए 20-सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्यान के विकास की योजना बनाई है। विशेष अनुदान योजनाएं भी शुरू की गई तथा वर्ष 1985-86 के लिए 34.13 लाख रुपए रखे गए हैं।

8. **प्राकृतिक विपत्तियों के लिए सहायता** :—सूखे से प्रभावित बागवानों को 13.12 लाख फलों के पेड़ 75 प्रतिशत अनुदान पर बागवानों को सूखे पौधों को दुबारा लगाने के लिए दी। 36.47 लाख रुपए की सहायता देने के लिए व्यय किए गए।

वर्ष 1986-87 के लिए योजना :—वर्तमान योजनाओं के अतिरिक्त वर्ष 1986-87 में अनुसन्धान व शिक्षा, पौध संरक्षण परियोजनाएं, उत्तम फल पौध पौषण कार्यक्रम, शुष्क तथा वर्षा पर निर्भर उद्यान योजनाएं, उद्यान विस्तार/विकास कार्यक्रम, उद्यान खेत तथा पौधशाला कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्यान में अनुसन्धान तथा शिक्षा को अधिकतर कारगर बनाने के लिए सोलन में कार्यरत उद्यान कम्पलैक्स को 1985-86 से उद्यान विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया गया। वर्ष 1986-87 में 5 केन्द्रीय प्रदत्त योजनाएं जैसे (1) सेबों के स्कैब रोग पर नियन्त्रण, (2) अच्छे सेब उत्पादन के लिए अच्छी तकनीक, (3) लघु तथा सीमान्त किसानों को फल उत्पादन में वृद्धि के लिए सहायता, (4) सेब उत्पादन का तुड़ान के पूर्व अनुमान के लिए समन्वित तथा अनुसंधान परियोजनाएं, (5) फसल अनुमान सर्वेक्षण लागू करने का प्रस्ताव है।

2.3 लघु तथा मध्यम सिंचाई और बाढ़ नियन्त्रण

हिमाचल प्रदेश में कृषि भूमि का एक बहुत बड़ा भाग असिंचित है। अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि सिंचाई की प्रयाप्त सुविधाएं दी जाएं। कुल 55.7 लाख हैक्टेयर भोगौलिक क्षेत्रफल में से राज्य में 5.72 लाख हैक्टेयर निवल क्षेत्र बोया गया जिसमें से लगभग 1.40 लाख हैक्टेयर सिंचित है।

लघु सिंचाई :—वर्ष 1985-86 के दौरान 565.0 लाख रुपए की राशि 1,320 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई हेतु प्रदान की गई थी। इसके अतिरिक्त 1,000 हैक्टेयर भूमि में लघु सिंचाई का लक्ष्य है।

मध्यम सिंचाई :-- वर्ष 1985-86 के दौरान 164.0 लाख रुपए मध्यम/वृहद सिंचाई के अन्तर्गत प्रदान किए गए थे । वल्ह घाटी में मध्यम सिंचाई परियोजना 2,410 हैक्टेयर भूमि के कृषि क्षेत्र सहित निर्माण के अन्तिम चरण पर है । वर्ष 1985-86 में 200 हैक्टेयर भूमि को मध्यम सिंचाई के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है ।

मुख्य सिंचाई परियोजनाएं :-- शाह नहर पहली मुख्य सिंचाई परियोजना है तथा इससे 15,287 हैक्टेयर भूमि की सिंचाई की जा सकेगी । विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अभी बन रही है ।

पहाड़ी भूमि तथा जल विकास परियोजना :-- संयुक्त राज्य अमेरिका सहायता परियोजना का कार्यान्वियन प्रदेश में 86.9 करोड़ रुपए की लागत से आरम्भ किया गया है । इस योजना के अधीन पहाड़ी क्षेत्र तथा जल विकास परियोजनाओं को सहायता मिलेगी । यह परियोजना 24,700 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई की क्षमता पदा करेगी तथा 38,700 हैक्टेयर संचय क्षेत्र का विकास किया जाएगा । वर्ष 1985-86 में 25 सिंचाई 33 कृषि तथा 3 आर. डी. डी. योजनाएं क्रमशः 495.94 लाख रुपए, 57.71 लाख रुपए तथा 1.25 लाख रुपए के प्रावधान से अनुमोदित हो चुकी है ।

जल वितरण क्षेत्र :-- सिंचाई सम्भावनाओं के उपयोग को बढ़ाने के लिए जल वितरण कार्यक्रम लागू किया गया । यह कार्यक्रम मुख्य/मध्यम सिंचाई सी. सी. ए. मात्र तक ही सीमित था । मध्यम सिंचाई परियोजना गिरी के लिए संचय क्षेत्र विकास परियोजना सिरमौर जिले में भारत सरकार द्वारा 4.40 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । वर्ष 1985-86 में इस परियोजना के लिए 29 लाख रुपए का प्रावधान है ।

बाढ़ नियन्त्रण :-- वर्ष 1985-86 में तट-बन्धन तथा भूमि की सुरक्षा के लिए 73 लाख रुपए का प्रावधान था ।

2.4 भू-संरक्षण

भूमि कटाव उपाय नदी घाटी परियोजनाओं के महत्वपूर्ण होने की दृष्टि से भी आवश्यक हैं क्योंकि (1) सिंचाई/विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के जलाशयों के जीवन वृद्धि (2) लघु सिंचाई जलाशयों के प्रभावशाली कार्य तथा (3) बाढ़ों को कम करने में इनका अपना महत्व है । निम्नलिखित भू-संरक्षण योजनाएं प्रदेश में राज्य तथा केन्द्रीय दोनों क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही हैं ।

राज्य क्षेत्र

1. रक्षक वनारोपण भू-संरक्षण एवं प्रदर्शन :-- इस योजना के अन्तर्गत 640 हैक्टेयर नई भूमि पर मिट्टी की रक्षा के लिए वनारोपण तथा प्रदर्शन, भवन निर्माण तथा रख-रखाव और अन्य कई कार्यों को गैर-जनजातीय क्षेत्रों में करने का प्रस्ताव है । इसके अतिरिक्त इस वर्ष के दौरान जनजातीय क्षेत्र में इस योजना के अन्तर्गत 200 हैक्टेयर नई भूमि समुपचार करने का प्रावधान है ।

2. भू-संरक्षण प्रशिक्षण :-- इस योजना का उद्देश्य राज्य में भू-संरक्षण चलाने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना है । वर्ष 1984-85 में 18 डिप्टी रेंजर तथा 37 वनरक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा एक लैक्चर हाल भी बनाया गया ।

केन्द्रीय क्षेत्र

भू-संरक्षण के लिए केन्द्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत तीन योजनाएं कार्य कर रही हैं, जिनमें (1) सतलुज तथा व्यास नदी घाटी परियोजनाओं के लिए जल ग्रहण क्षेत्रों में भू तथा जल संरक्षण (2) हिमालय क्षेत्र में एकीकृत भू-जल तथा वन संरक्षण योजना (3) सिंध-गंगा नदी क्षेत्र (पवर तथा टोंस) (गिरी बाटा जलग्रह सहित) के तट पर बाढ़ आने वाले स्थानों पर एकीकृत पानी घरों का प्रबन्ध है । इन योजनाओं के अन्तर्गत दिसम्बर, 1985 तक 6,951 हैक्टेयर भूमि वनारोपण कार्यों के अधीन लाई गई । पानी के लिए ढांचे बनाये गये, 123 भूजा रोध, रोधी बांध प्रतिधारण दिवारें बनाई गई, तथा 6,06,800 बीज उगाए गए ।

2.5 पशुपालन

हिमाचल प्रदेश में जहां कृषि लोगों का मुख्य व्यवसाय है वहां पशु पालन विकास ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । विकास कार्यक्रम में (1) पशु स्वास्थ्य और रोग नियन्त्रण, (2) गोजातीय पशु का विकास, (3) भेड़ प्रजनन एवं ऊन का विकास, (4) कुक्कुट विकास, (5) पशु आहार तथा चारा विकास, (6) दुग्ध विकास का वितरण योजना और (7) पशु चिकित्सा सम्बन्धी शिक्षा सम्मिलित है । उपरोक्त सभी क्षेत्रों में वर्ष 1984-85 की सम्भावित उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित है :--

1. पशु स्वास्थ्य रोग नियन्त्रण :-- इस समय राज्य में 197 पशु चिकित्सालय, 393 औषधालय तथा 95 बाह्य-औषधालय कार्य कर रहे हैं । इन सभी संस्थाओं द्वारा पशु चिकित्सा तथा छूत के रोगों की रोकथाम के लिए विभिन्न कार्य किये गये । इसके अतिरिक्त प्रदेश में 14 चलते फिरते औषधालय भी कार्य कर रहे हैं जो कि महामारी को फैलने से रोकने के अतिरिक्त तुरन्त पशु चिकित्सा सुविधा पहुंचाते हैं । प्रदेश में 6 कलीनिक प्रयोगशालायें भी कार्य कर रही हैं जिनमें 4 जिला स्तर पर कार्यरत हैं । ऐसी प्रयोगशालायें पशुओं के विभिन्न रोग लक्षणों की तुरन्त जांच करती है । एक एपिडी मिआलोजिकल यूनिट भी मुंह तथा खुर के रोगों के नियन्त्रण तथा जांच के लिए राज्य मुख्यालय में कार्यरत है ।

वर्ष 1985-86 में पशु महामारी रिंडरपैस्ट जो छूत का रोग है की रोकथाम के लिए 4 चौकियां, पंडोगा तथा मांदली, जिला ऊना, स्वारघाट, जिला बिलासपुर तथा मलवां, जिला कांगड़ा में कार्यरत हैं । इन चौकियों द्वारा वर्ष 1985-86 में 35 हजार आने जाने वाले पशुओं को टीके लगाने का अनुमान है । वर्ष 1985-86 में पशु चिकित्सा

सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न केन्द्रों द्वारा निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है :—

क्रम संख्या	मद	('000) संभाव्य उपलब्धियां 1985-86
1	छूत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरग तथा वाह्य रोगी)	23.50
2	अछूत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरग तथा वाह्य रोगी)	990.00
3	उन रोग ग्रस्त पशुओं को दवाई दी गई जो कि चिकित्सालय/औषधालय आदि में नहीं ले जाये गये	40.00
4	चिकित्सालयों/औषधालयों में लगाये गये टीके	30.00
5	चिकित्सालयों/औषधालयों आदि में वधियाकरण	75.00
6	परिभ्रमण में दी गई चिकित्सा सुविधा	
	(क) छूत	25.50
	(ख) अछूत	400.00
7	परिभ्रमण में वधियाकरण	90.00
8	परिभ्रमण में लगाये गये टीके	570.00

2. गोजातीय विकास :—दो भिन्न जातियों के नद मादा के प्रजनन के लिए जर्सी को सब नस्लों में उपयुक्त माना गया है, इसलिये पहाड़ी गायों को जर्सी से प्रजनन पर विशेष बल दिया जा रहा है। कुछ स्थानों पर होलस्टीन फिजियन नस्ल का भी प्रजनन किया गया है। भैंस की वर्तमान नस्ल सुधारने तथा प्रजनन सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान सिरमौर जिले के माजरा, कोटगढ़, जिला शिमला तथा ऊना ग्राम सम्वर्धन ब्लॉक और जिला ऊना, कांगड़ा बिलासपुर, हमीरपुर तथा मण्डी के चिकित्सालयों में किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 88 सांड चिकित्सालयों/केन्द्रों में गायों तथा भैंसों की प्राकृतिक गर्भाधान की सुविधा ग्राम सम्वर्धन योजना तथा सघन गोजातीय पशु विकास योजना के अन्तर्गत भी उपलब्ध है। गोजातीय विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए प्रदेश में निम्नलिखित योजनाएं कार्यरत है :—

(क) **ग्राम सम्वर्धन योजना** :—इस योजना के अन्तर्गत 7 ग्राम सम्वर्धन ब्लॉक तथा 52 ग्राम सम्वर्धन केन्द्रों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह योजना शिमला, सोलन, सिरमौर, हमीरपुर तथा ऊना जिलों में कार्यरत हैं।

(ख) **पहाड़ी पशु विकास कार्यक्रम** :—यह कार्यक्रम शिमला, सोलन, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू तथा चम्बा जिलों में चलाया जा रहा है तथा 37 केन्द्र/उपकेन्द्र इस योजना के अन्तर्गत कार्य कर रहे हैं। इन केन्द्रों/उपकेन्द्रों में जर्सी/होलस्टीन फिजियन/रैड सिंध्जर्सी नस्लों को कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रयोग किया गया।

(ग) **सघन गोजातीय विकास परियोजना** :—यह परियोजना शिमला तथा सोलन जिलों में 22 सघन गोजातीय विकास केन्द्रों (16 केन्द्र शिमला तथा 6 केन्द्र सोलन) तथा वनाहट्टी में सीमन बैंक में चलाई जा रही है।

(घ) **चिकित्सालयों/औषधालयों तथा सांड केन्द्रों द्वारा प्रजनन सुविधाएं** :—प्रदेश में दो विभिन्न जाति के प्रजनन को अधिक बढ़ावा देने के लिए 309 चिकित्सालयों तथा औषधालयों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में जहां वीर्य पहुंचाना सम्भव नहीं है वहां 32 गाय सांड तथा 43 भैंस सांड केन्द्रों द्वारा प्राकृतिक गर्भाधान की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

(ङ) **कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र** :—उन क्षेत्रों में जहां चिकित्सालयों तथा औषधालयों की सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं, प्रदेश में वर्ष 1985-86 में 51 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों द्वारा प्रजनन की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

विजातीय बछड़ियों के पालन पोषण को लागत में सहायता करने के लिए सरकार ने प्रदेश में एक अनुदान योजना लागू की है इस योजना के अन्तर्गत लघु व सीमांत किसानों को बछड़ियों के लिए सन्तुलित आहार के रूप में अनुदान दिया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है :—

क्रम संख्या	मद	वर्ष 1985-86 की संभावय उपलब्धियां	
		गाय	भैंस
1	कृत्रिम गर्भाधान	1,36,000	14,500
2	प्राकृतिक गर्भाधान	2,500	6,000
3	कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बच्चे	47,000	4,300
4	प्राकृतिक गर्भाधान से उत्पन्न बच्चे	1,200	3,000

प्रदेश में शुद्ध व अच्छी नस्ल के सांडों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 5 गोजातीय पशु प्रजनन फार्म कमान्द (मण्डी) भंगरोटू (मण्डी), कोठीपुरा (बिलासपुर), पालमपुर (कांगड़ा) तथा बागथन (सिरमौर) में कार्यरत हैं। इन सभी पशु प्रजनन फार्म तथा अन्य फार्मों में 30 सितम्बर, 1985 तक पशुओं की कुल संख्या 571 थी। ये फार्म विदेशी नस्ल व पशुओं के प्रबन्ध की समस्याओं के अध्ययन में भी सहायता करते हैं। एक वीर्य कोष जिसमें एक गहरी जमी हुई प्रयोगशाला तथा दो तरल नाईट्रोजन संयंत्र भंगरोटू में स्थापित किया गया था, यह बैंक वीर्य कोषं वंशावली सांडों का जमा हुआ वीर्य मण्डी, कुल्लू तथा बिलासपुर जिलों में विभिन्न चिकित्सालयों/औषधालयों तथा कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों और सरकारी फार्मों को भेजता है। एक और वीर्य कोष जिसमें एक जमी हुई वीर्य सीमन प्रयोगशाला तथा दो तरल नाईट्रोजन संयन्त्र कांगड़ा जिला के पालमपुर में स्थापित किए गए तथा यह वीर्य कोष के विभिन्न कृत्रिम गर्भाधान कन्द्रों को जमा हुआ वीर्य भेजता है। एक तरल नत्रजन संयन्त्र ज्यूरी में भी चालू है। इन कार्यक्रमों को लागू करने से प्रदेश में वर्ष 1985-86 में 425 हजार टन दूध उत्पादन की सम्भावना है। सघन गोजातीय विकास परियोजना के अन्तर्गत एक प्रतिदर्श सवक्षण जिसका उद्देश्य दूध तथा दूध से बनी वस्तुओं क मूल्यों म गिरावट लाना था पूर्ण किया गया तथा रिपोर्ट प्रकाशित की गई।

3. **भेड़ प्रजनन तथा ऊन विकास** :—भेड़ पालन जो कि ऊन मांस, खालें तथा प्राकृतिक खाद का प्रमुख स्रोत है, प्रदेश के लोगों की आय का एक महत्वपूर्ण सहायक/स्रोत भी है। भेड़ों तथा ऊन में सुधार लाने के लिए सरकारी भेड़ प्रजनन फार्म ज्यूरी, (शिमला) चम्बा, नगवाई (मण्डी), ताल (हमीरपुर), कड़छम, (किन्नौर) तथा भेड़ व ऊन केन्द्र चुड़ी (चम्बा) किसानों को उन्नत भेड़ें वितरित करते हैं। 30 सितम्बर, 1985 तक इन फार्मों में भेड़ों की कुल संख्या 2,290 थी। वर्ष 1985-86 में लगभग 500 उन्नत किस्म की भेड़ें किसानों में वितरित करने की सम्भावना है। भेड़ों की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए तथा सोवियत मैरीनों और अमेरिकन रैम्बुल की ख्याति को देखते हुए सरकार ने वर्तमान सरकारी फार्मों पर शुद्ध प्रजनन का कार्य आरम्भ कर दिया है। चार भेड़ प्रसारण केन्द्र जिला कांगड़ा, मण्डी, कुल्लू तथा शिमला में प्रारम्भ किए जा रहे हैं।

भेड़ों क विकास के लिए विशेष पशु विकास परियोजना के अन्तर्गत जो कि जिला सिरमौर में चलाई जा रही है, छोटे व सीमान्त किसानों और कृषि मजदूरों को दरों पर तथा इस फार्म के लिए ऋण भी प्रदान किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त सघन भेड़ विकास कार्यक्रम जो कि चम्बा जिले की भरमौर तहसील में लागू है के अन्तर्गत भेड़ पालकों को उन्नत किस्म की भड़ें दी जाती हैं तथा उन्हें डिपींग तथा ड्रेंचिंग सुविधाएं दी जाती हैं और भेड़ों के लिए चारागाहों का विकास किया जाता है। बड़े पैमाने पर भेड़ों के लिए दवाई पिलाने तथा प्रगतिशील भेड़ पालकों को प्रशिक्षण देने का कायक्रम भी चलाया गया। वर्ष 1985-86 में ऊन उत्पादन की सम्भावना 13.00 लाख किलोग्राम है।

4. **कुक्कट विकास** :—सुधरी किस्म के कुक्कुट पक्षी वितरित करने तथा अण्डों से बच्चे निकालने के लिए प्रदेश में 14 कुक्कुट फार्म/ केन्द्र कार्यरत हैं। वर्ष 1985-86 में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है :—

क्रम संख्या	मद	वर्ष 1985-86 की संभावित उपलब्धियां
1	सरकारी फार्मों पर अंडे देने वाली मुर्गियों की औसत संख्या	3,900
2	अण्डों का उत्पादन	7,75,000
3	चुजों का उत्पादन	1,80,000
4	चुजे निकालने के लि ए रखे गए अण्डे	2,40,000
5	खाने के लिए अण्डों का विक्रय	5,00,000
6	चुजे निकालने के लिए अण्डों का विक्रय	2,000
7	प्रजनन के लिए पक्षियों का विक्रय	98,000
8	खाने के लिए पक्षियों का विक्रय	60,000

वर्ष 1985-86 के दौरान विशेष पशुधन (कुक्कुट) उत्पादन कायक्रम जो कि शिमला, बिलासपुर तथा ऊना जिलों में केन्द्रीय सरकार की वित्तीय सहायता से लघु एवं सीमान्त किसानों के लाभ के लिए 175 कुक्कुट इकाईयां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 1985-86 में सघन कुक्कुट विकास कार्यक्रम भी ऊना जिले में चलाया जा रहा है।

5. **पशु आहार तथा चारा विकास** :—उच्च वंश पशुओं का उत्पादन तथा संरक्षण, पौष्टिक पशु आहार तथा उन्नत चरागाहों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। प्रदेश में चरागाहों तथा घासनियों के विकास तथा उन्नति के लिए सरकार अपने कार्यक्रमों को राज्य में पशु आहार के साधनों की उन्नति की तरफ केन्द्रित कर रही है। फलारस, दयुबरोसा तथा राई घास जो हिमाचल प्रदेश की जलवायु के बहुत अनुकूल है के बीज प्रचलन के यत्न किये जा रहे हैं। इसका अधिक उत्पादन करने के लिए इसे सरकारी फार्मों तथा प्लांट ब्रीडरों को बांटा जा रहा है।

6. **गव्यशालय विकास तथा दुग्ध वितरण योजना** :—दुग्ध उत्पादकों को लाभकारी मूल्य दिलवाने तथा उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर शुद्ध दूध उपलब्ध करवाने के लिए कांगड़ा, चम्बा, कुल्लू तथा नालथपाझाखडी में 4 दुग्ध वितरण योजनाएं विभाग द्वारा चलाई जा रही हैं। प्रदेश में 1984-85 में 404.13 हजार टन दूध पैदा हुआ था।

7. **पशु चिकित्सा सम्बन्धी शिक्षा** :—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग ने 89 प्रत्याशी औषधियोजक का कोर्स करने के लिए चम्बा तथा सुन्दरनगर भेजे हैं। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नियमित रूप से पशु पालकों को भी गव्य व्यवसाय, कुक्कुट पालन, भेड पालन तथा अन्य पशुपालन क्रियाओं में प्रशिक्षित किया जाता है।

8. **अनुसूचित जातियों के लिए विशेष उप-योजना** :—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों को लोगों कोसुधरी हुई किस्म के पशु दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें अन्य सुविधाएं जैसे 6 मास के लिए पशु आहार तथा पशु और कुक्कुट शैड को बनाने के लिए 50 प्रतिशत सहायता तथा बीमा इत्यादि के लिए अनुदान दिया जाता है। 2,480 परिवारों को वर्ष 1985-86 में लाभान्वित किए जाने की सम्भावना है।

9. **अनुसूचित जनजातीय उप-योजना** :—अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किन्नौर, लाहौल-स्पिति, पांगी तथा भरमौर, जिला चम्बा में विशेष सहायता प्रोग्राम चला रखा है।

वर्ष 1986-87 के लिए योजना :—वे सभी योजनाएं जो पहले से कार्यरत हैं उन्हें वर्ष 1986-87 में भी चालू रखने का प्रस्ताव है। इन योजनाओं के अन्तर्गत प्रदेश में पशु चिकित्सा की बढ़ी हुई आवश्यकता को पूर्ण रूप से और प्रभावशाली ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से 25 औषधालय खोलने तथा 10 पशु औषधालय को चिकित्सालयों में परिवर्तित करने की योजना है।

2.6 वन

हिमाचल प्रदेश में 21,324 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वन हैं जो कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 38.3 प्रतिशत है। इसमें वनों का वास्तविक क्षेत्रफल बहुत कम है। इन वनों में विभिन्न उद्योगों जैसे कि अखबारी कागज, रेओन ग्रेड पल्प, आर्ट पेपर, गत्ता तथा कपड़ा उद्योग से सम्बन्धित उपकरण इत्यादि के साधनों का भण्डार है। इसके

अतिरिक्त आयुर्वेदिक औषधियां बनाने के लिए जड़ी बूटियां भारी मात्रा में प्राप्त की जा सकती हैं । इसके अतिरिक्त वन भू-संरक्षण तथा नदियों में पानी ठीक तरह प्रवाहित होने से मदद करते है, जिससे बहुउद्देशीय विद्युत परियोजनाओं को संरक्षण मिल सके ।

प्रदेश में वनोत्पाद के समुपयोजन का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया है और इसे हिमाचल प्रदेश वन निगम को सौंप दिया गया है। समस्त भारत में हिमाचल प्रदेश में शन्कु जाति की इमारती लकड़ी का सबसे बड़ा उत्पादन क्षेत्र होने के कारण इसके विकास हेतु दीर्घकालीन विनियोग को सतत् बढ़ाया जा रहा है ताकि राष्ट्र की बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सकें ।

गत वर्ष में शुरु की गई योजनाएं इस वर्ष के दौरान भी चल रही है । वनों के विकास के लिए कुछ मुख्य योजनाएं निम्नलिखित हैं :—

1. वन रोपण

(क) **वन उत्पाद** :—3,169 हैक्टेयर भूमि पर शीघ्र बढ़ने वाली प्रजातियों के रोपण का प्रस्ताव है तथा 3,163 हैक्टेयर भूमि पर महत्वपूर्ण इमारती लकड़ी की जातियों को संहत खण्डों में सघन रोपण करने का प्रस्ताव है ।

(ख) **चरागाह विकास** :—इस योजना का उद्देश्य बेहतर चारा प्रजातियों दोनों देशीय तथा विदेशीय के परिचय द्वारा चारे की मात्रा तथा गुणों में वृद्धि तथा परिभ्रमण चरान अभ्यासों की लोकप्रियता करना है । इस वर्ष के दौरान 1,043 हैक्टेयर भूमि की इस उद्देश्य के लिए प्रयोग में लाने की आशा है ।

(ग) **सामाजिक वन योजनाएं**

(i) **राष्ट्रीय सामाजिक वानिकी परियोजना (अबरैला)** :—वर्ष 1985-86 में विश्व बैंक संगठन की सहायता से 57 करोड़ रुपए के उद्व्यय से सामाजिक वानिकी परियोजना शुरु की गई । यह पंच-वर्षीय परियोजना सातवीं पंचवर्षीय योजना के अनुरूप चलाई जा रही है । प्रचलित वर्ष में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है । योजना का उद्देश्य जलाने की लकड़ी, फौडर तथा छोटी इमारती लकड़ी के उत्पादन को बढ़ाना है ताकि लोगों की आम जरूरतों को पूरा किया जा सके । वन रोपण का कार्य नीजी बेकार भूमि तथा सरकारी वनों/बेकार भूमि पर किया जाएगा । प्रचलित वर्ष में 16,450 हैक्टेयर भूमि में वन रोपण का कार्य इस परियोजना के अन्तर्गत किया जाएगा जिसमें 1 करोड़ पौधे सार्वजनिक वितरण द्वारा लगाए जाएंगे ।

(ii) **केन्द्र द्वारा प्रायोजित ग्रामीण ईंधन रोपण योजनाएं** :—इस योजना का उद्देश्य सरकारी व्यर्थ भूमि गांव की सार्वजनिक भूमि तथा सड़कों के किनारे इत्यादि पर ईंधन प्रदान करने वाले पौधो का रोपण करना है । जो 50:50 के अनुपात से अधिकतम 1,000 रु. केन्द्रीय भाग के रूप में दिया जाएगा । यह योजना 5 जिलों, कांगड़ा, हमीरपुर, मण्डी, सोलन तथा शिमला में चलाई गई है । इस योजना के अन्तर्गत 3,970 हैक्टेयर में पौधे लगाएं जांएगे ।

(iii) **केन्द्र द्वारा प्रायोजित लघु तथा सीमान्त किसान योजनाएं** :—इस योजना का उद्देश्य लघु तथा सीमान्त किसानों को पौधे राज्य तथा केन्द्र के 50:50 के अनुपात से रोपण के लिए दिए जाते है । इस योजना के अन्तर्गत 34.50 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य लघु तथा सीमान्त किसानों द्वारा देने का लक्ष्य है ।

(घ) **केन्द्र द्वारा प्रायोजित चिलगोजा पाइन का पुनः प्रजनन**:—

चिलगोजा के जंगल, जिसके बीजों का खाने के रूप में बहुत महत्व है, जिला किन्नौर के शुष्क क्षेत्रों तथा कुछ जंगल पांगी क्षेत्र में 2,060 हैक्टेयर क्षेत्र में पाए जाते है । इन क्षेत्रों के स्थानीय निवासियों को इन बीजों को एकत्र करने का अधिकार है, जो इनकी आय का मुख्य साधन है । यह योजना इस वर्ष चल रही है तथा वर्ष 1986-87 में भी चलाई जाएगी ।

2. **धौलाधार में प्रक्षेत्र वानिकी परियोजना** :—यह परियोजना छठी पंचवर्षीय योजना की है तथा धौलाधार क्षेत्र के विनवा जलग्रह में जर्मनी लोक तंत्रात्मक गणराज्य की सहायता से चलाई जा रही है । यह एकीकृत परियोजना वन रोपण, पशुपालन, लकड़ी बचाने वाले संयन्त्र इत्यादि की है । इस परियोजना के अन्तर्गत, वनों के अन्तर्गत 10 प्रतिशत क्षेत्रफल को बढ़ाने का प्रस्ताव है । यह परियोजना कार्यान्वियन के दूसरे चरण पर है । प्रथम चरण अभिविन्यास स्तर पर था तथा दूसरा चरण कार्यान्वियन स्तर पर है ।

3. **वन्य प्राणी तथा प्राकृतिक संरक्षण** :—हिमाचल प्रदेश विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाओं, पशु तथा पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है । इस योजना का उद्देश्य आखेट शरण्यों तथा शूटिंग खण्डों में सुधार करना है ताकि लुप्त हो रही प्रजातियों को बचाया जा सके ।

4. **वन सांख्यिकी एवं मूल्यांकन शाखा** :—विश्वसनीय आंकड़े संकलन करने हेतु विभाग में सांख्यिकीय तथा मूल्यांकन शाखा की स्थापना की गई थी जो इस वर्ष भी कार्य कर रही है ।

5. **वन सुरक्षा** :—वनों को वन अग्नि, अवैध गिरान तथा अतिक्रमण आदि खतरों का सामना करना पड़ता है । इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त स्थानों पर चैक पोस्टस की स्थापना, अग्नि शमन उपकरणों का परिचयन तथा दूरभाष यन्त्रों की स्थापना की जानी चाहिए । यह योजना इस वर्ष भी कार्य कर रही है ।

अन्य कार्यक्रमों के साथ विभाग सड़कों, भवनों जिनमें लेबर हट सम्मिलित हैं का निर्माण, लोगों को वनों के प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष लाभों उनके उचित प्रबन्ध एवं आरक्षण हेतु जानकारी देने के कार्यक्रम चलाए हैं ।

2.7 मत्स्य पालन :—

मत्स्य विकास के लिए दो मुख्य जलाशय गोविन्द सागर तथा पौंग 40 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए है और नदियों की लम्बाई लगभग 3,000 किलोमीटर है । इसके अतिरिक्त 150 हैक्टेयर में ग्रामीण तालाबों के लिए उपलब्ध हैं ।

प्रदेश में मत्स्य पालन का बहुमुखी विकास के दृष्टिगत सातवीं पंचवर्षीय योजना में 9 स्कीमें सम्मिलित की गई हैं। इस वर्ष की मुख्य उपलब्धियां निम्नलिखित है :—

क्रमांक	मद	इकाई	वर्ष 1985-86 के लिये निर्धारित लक्ष्य	उपलब्धियां वास्तविक नवम्बर 1985	उपलब्धियां मार्च 1986 तक की सम्भावित
1	मिरर कार्प के बच्चों का उत्पादन	दस लाख	7.00	6.79	6.79
2	ट्राउट के अण्डों का उत्पादन	लाख	8.00	0.56	8.00
3	मछेरो का पंजीकरण	संख्या	9,000	8,941	9,000
4	मत्स्य उत्पादन	टन	3,400	2,066	3,400

जलाशयों से मत्स्य विदोहन तथा विपणन पूर्ण रूप से सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत किया जा रहा है। गोविन्द सागर जलाशय में 9 प्राथमिक मछुआ सहकारी समितियां तथा पौंग डैम जलाशय में भी 9 ऐसी समितियां स्थापित की गई है। इन जलाशयों से मत्स्य समुपयोजना एवं विपणन कार्य भी इन्हीं समितियों द्वारा किया जा रहा है। इन समितियों का मछेरा सदस्य मछली पकड़ने के लिए 50 रुपये प्रति वर्ष, प्रति गिलनैट शुल्क देता है। यह समितियां अपने मछली विक्रय के सकल मूल्य का 15 प्रतिशत भाग प्रतिवर्ष शुल्क के रूप में जमा करती है।

1986–87 के लिये योजना

वर्ष 1986-87 में विभागीय फार्मों पर एक करोड़ मत्स्य क्षुद्रमीन के उत्पादन अथवा खरीदने तथा ट्राउट के 8 लाख अण्डे उत्पादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान मछली फार्मों के जल क्षेत्र में वृद्धि जारी रहेगी। कार्प और ट्राऊट फार्मों के प्रबन्ध को सुदृढ़ किए जाने का भी प्रस्ताव है। राष्ट्रीय मत्स्य बीज कार्यक्रम के अन्तर्गत एक 10 हैक्टेयर मत्स्य बीज फार्म की स्थापना का कार्य जारी रहेगा। मत्स्य पालन विकास एजैन्सी केन्द्रीय प्रयोजित योजना के अन्तर्गत ऊना में पहले ही स्थापित की जा चुकी है। इस एजैन्सी के अन्तर्गत एक 5 हैक्टेयर मत्स्य बीज फार्म स्थापित करने का कार्य भी जारी रहेगा। कृषि उद्योग म लगे लोगों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बहते पानी में मछली उत्पादन की तकनीकी पर आधारित प्रचलित प्रणाली के अनुरूप मत्स्य पालन करने हेतु मत्स्य विकास एजेन्सी स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। यह एजेन्सी इस उद्योग में इच्छुक मत्स्य पालकों की जलाशय बनाने के लिए अनुदान तथा मत्स्य बीज और खुराक जैसी आवश्यक सामग्री प्रदान करेगी। एक माहिगिर मत्स्य फार्म (जिला मण्डी) पर स्थापना कार्य जारी रहेगा। प्रदेश की प्राकृतिक परिस्थितियों में केज कल्चर के आर्थिक पहलुओं के अध्ययन के लिए एक योजना के कार्यान्वयन का भी प्रस्ताव है। केन्द्रीय सरकार द्वारा चलाई गई माहिगिर व्यक्तिगत बीमा योजना भी लागू रहेगी। विभागीय फार्मों पर 50 मत्स्य पालकों का प्रशिक्षण के अतिरिक्त 2 विभागीय तथा 2 वजीफा प्राप्त प्रत्याशियों को बैरकपुर तथा आगरा में प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा। जनजातीय घटक योजना के अन्तर्गत 290 मछेरों तथा मत्स्य पालकों को लाभान्वित करने का प्रस्ताव है। जन जातीय उपयोजना के अन्तर्गत जन जातीय क्षेत्रों में मछली पालन उद्योग की क्षमता का सर्वेक्षण कार्य जारी रहेगा। जिला किन्नौर में स्थित ट्राऊट फार्म सांगला में 1.2 लाख ट्राऊट अण्डों के उत्पादन करने का भी प्रस्ताव है।

2.8 भू-एकत्रीकरण

भू-एकत्रीकरण कार्य को प्रगति पर लाने के लिए नये 20 सूत्री कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

पुराने सर्वेक्षण के अनुसार 49 लाख एकड़ भूमि भू-एकत्रीकरण के योग्य है। जिसमें से लगभग 14 लाख एकड़ रकबा 31-3-1985 तक एकत्रित किया जा चुका था। भू-एकत्रीकरण कार्य कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन और मण्डी जिलों में हो रहा है। वर्ष 1985-86 के दौरान 80,750 एकड़ भूमि को एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था; जिसमें से 31-1-1986 तक 59,978 एकड़ भूमि एकत्रित हो चुकी है। प्रस्तावित लक्ष्य वर्ष 1986-87 के लिये 84,500 एकड़ निर्धारित किया गया है। वर्ष 1985-86 में विभिन्न श्रेणियों के 26 नये पद सृजित किए गये।

2.9 भूमि सुधार

हिमाचल प्रदेश में 30 अप्रैल, 1981 तक 20,455 भूमिहीन और 70,029 अन्य पात्र व्यक्तियों की पहचान की गई। इनमें से 20,363 भूमिहीनों और 67,392 अन्य पात्र व्यक्तियों को अब तक भूमि दी गई। भूमिहीन व्यक्तियों की पहचान के लिए 31-3-83 तक की नई तारीख निश्चित की गई। इस तारीख तक 1,836 भूमिहीन लोग तथा 1,098 बेघर लोगों की पहचान की गई। इनमें से दिसम्बर, 1985 तक 220 भूमिहीनों तथा 135 बेघर लोगों को भूमि दी गई। इस कार्य के लिए कोई भी लक्ष्य निश्चित नहीं किए गए क्योंकि कुछ जिलों में भूमि बांटने योग्य नहीं है। जहां पर उचित भूमि उपलब्ध है वहां पर उचित व्यक्ति उपलब्ध नहीं है तथा जहां उचित व्यक्ति उपलब्ध है वहां उचित भूमि उपलब्ध नहीं है।

सभी 86,952 भोगाधिकारी किसान अपनी भूमि के स्वामी हो चुके हैं। 4,22,145 गैर-भोगाधिकारी किसानों से जिन में से सितम्बर, 1985 तक 3,81,072 को पहले ही कानून के अन्तगत स्वामित्व के अधिकार दिए गए है। शेष 41,073 ऐसे किसान हैं जिन के पास सुरक्षित वर्ग जैसे अल्पवयस्क, विधवाएं, रक्षा कमचारी, अपंग व्यक्ति इत्यादि के अन्तर्गत भूमि अधिकार प्राप्त है। स्वामित्व के अधिकार प्रदान करने का कार्य चल रहा है।

प्रदेश के सभी किसानों को चरण-बद्ध तरीके से किसान पास बुक देने का प्रावधान है। वर्ष 1985-86 के 2,13,750 किसान पास बुकों के लक्ष्य को तुलना में सितम्बर, 1985 तक 49,917 किसान पास बुकों पूरी की गई तथा किसानों को बांटी गई। इन पास बुकों का वैधानिक महत्व है और इनमें अपनी जोत क सम्बन्ध म किसानों के अधिकार तथा दायित्व की नवीनतम सूचना दो होती है।

3. सहकारिता एवं ग्रामीण एकीकृत विकास

3.1 सहकारिता

प्रदेश में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कमजोर वर्ग को उधार की सुविधाएं प्रदान करती है। वर्ष 1984-85 में प्राथमिक, औद्योगिक, बुनकर व अन्य गैर कृषि सहकारी सभाओं का पंजीयन हुआ है, जिस कारण सभी प्रकार की सहकारी सभाओं की संख्या 3,407 से 3,453 तक पहुंच गई थी। इनमें से प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी सभाओं की संख्या जो 30-6-84 को 2,109 थी बढ़कर 30-6-85 को 2,113 हो गई। राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में हुई प्रगति का स्तर निम्नलिखित आंकड़ों से आंका जा सकता है :–

क्रम सं.	मद	इकाई	1983-84	1984-85
1	समस्त प्रकार की समितियां	संख्या	3,407	3,453
2	सदस्यता	रु. लाखों में	8.06	8.32
3	अंश पूंजी	रु. लाखों में	2,034.10	2,169.76
4	जमा पूंजी	रु. लाखों में	8,050.99	9,325.59
5	कुल अल्पकालीन व मध्यकालीन ऋण वितरण (कृषि और गैर कृषि ऋण)	रु. लाखों में	1,449.05	1,740.35
6	दीर्घकालीन ऋण दिये गये	रु. लाखों में	92.38	109.95
7	कृषि उपज का विपणन मूल्य	रु. लाखों में	502.17	795.71
8	उपभोक्ता व वस्तुओं का फुटकर विवरण	रु. लाखों में	3,259.71	3,939.27
9	कृषि उर्वरकों का फुटकर वितरण	रु. लाखों में	642.06	696.09
10	ग्रामीण जनसंख्या का समावेश	प्रतिशत	85	87

सहकारी समितियों के मुख्य कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :–

1. **सहकारी ऋण :**—दीर्घकालीन ऋण, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय भूमि विकास बैंक परिसीमित तथा प्राथमिक भूमि विकास बैंक परिसीमित धर्मशाला द्वारा प्रदान किये जा रहे हैं। ये बैंक किसानों को विभिन्न कृषि उद्देश्यों के लिये दीर्घ कालीन ऋण देते हैं।

2. **विपणन :**—प्रदेश में विपणन का चार स्तरीय प्रबन्ध हैं। नगदी फसलें जैसे बीज का आलू, चाय, अदरक तथा सेब इत्यादि की पैदावार बड़ी-बड़ी मण्डियों में भेजी जा सकती है।

3. **उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण :**—प्रदेश के विशेषकर दूर दराज क्षेत्रों में आम लोगों के उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का वितरण करने के लिये प्राथमिक सहकारी समितियां ही समुचित संस्थायें हैं।

4. **उपकरणों की आपूर्ति :**—सहकारी समितियां किसानों की कृषि उपकरण जैसे उर्वरक, उन्नत बीज आदि की आपूर्ति करती है।

वर्ष 1986-87 के लिये योजना :—वर्ष 1985-86 में चल रही योजनायें अधिक तीव्रता से कार्यान्वित की जायेंगी जिससे सहकारिता के लिये निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

3.2 ग्रामीण विकास

हिमाचल प्रदेश में निम्नलिखित कार्यक्रम शुरू किये हैं :–

1. **सामुदायिक विकास :**—गांव वालों के सहयोग और सांझेदारी से एकीकृत विकास करना इस कार्यक्रम के अन्तर्निहित उद्देश्य है। वित्तीय वर्ष 1985-86 के दौरान 67.50 लाख रुपये का प्रावधान था जिसमें से अक्तूबर 1985 के अन्त तक 47.45 लाख रुपये खर्च किये जा चुके थे। वर्ष 1985-86 के दौरान निम्न कार्य किए गए :–

शिक्षा :—प्राईमरी स्कूलों, भवनों आदि का निर्माण/मुरम्मत करना।

सामाजिक शिक्षा :– सांस्कृतिक कार्यक्रमों और ग्रामीण खेलकूद का आयोजन करना।

संचार :—कच्ची सड़कों तथा खच्चर मार्गों का निर्माण करना।

मिश्रित कार्यक्रम :—महिला मण्डलों तथा युवक मण्डलों को उन्नत करना तथा सुदढ करना, महिला कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण देना, महिला मण्डलों को उत्साहवर्धक पुरस्कार देना, और गैर सरकारी लोगों के सम्मेलन का आयोजना करना इत्यादि।

आवास :—क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए आवास तथा कार्यालयों के लिए मकानों का प्रबन्ध करना इत्यादि।

उपरोक्त के अतिरिक्त धुआं रहित चुल्हों और ग्रामीण शौचालयों के निर्माण की योजनाएं चलाई जा रही हैं। नवम्बर, 1985 तक प्रदेश में 8,013 धुआं रहित चुल्हों का निर्माण और 338 व्यक्ति प्रशिक्षित किए गये। इसी प्रकार वर्ष 1985-86 में 300 ग्रामीण शौचालयों का भी निर्माण किया गया।

2. **जल पूर्ति योजनाएं :**—वर्ष 1985-86 के दौरान 120 गांव जिनमें 6,000 व्यक्ति रहते हैं के लिए पीने योग्य पानी पहुंचाने के लिए 20.00 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया।

3. **व्यवहारिक पौषाहार कार्यक्रम :**—वर्ष 1985-86 के दौरान इस कार्यक्रम के कार्यान्वियन के लिए 9.00 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया।

4. केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम

(क) **ग्रामीण एकीकरण विकास कार्यक्रम :**—यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश में केन्द्र के साथ 50:50 भाग के आधार पर चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को जो निर्धनता की रेखा के नीचे हैं को ऊपर लाने तथा उनके लिए अतिरिक्त रोजगार के साधन जुटाना है। वर्ष 1985-86 के दौरान 31,000 निर्धन ग्रामीण परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए 155.50 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया और 31,000 निर्धन परिवारों में से 23,000 परिवारों को वर्ष 1980-81 व 1981-82 के दौरान ग्रामीण एकीकरण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरी आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। जनवरी, 1986 तक इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 10,583 पुराने परिवार तथा 13,333 नये परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी थी।

इसके अतिरिक्त "स्वंय रोजगार के लिए ग्रामीण युवकों को प्रशिक्षण" भी इस कार्यक्रम का अंग है। नवम्बर, 1985 तक इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 1,649 युवकों को प्रशिक्षण दिया गया था।

(ख) **स्पिति और पूह विकास खण्डों में मरुस्थल विकास परियोजनाएं :**—यह कार्यक्रम 1979-80 से लाहौल-स्पिति जिले के स्पिति उप मण्डल और किन्नौर जिले के पूह उप-मण्डल में 1982 से 50:50 भाग के आधार पर केन्द्रीय कार्यक्रम के रूप में चलाया जा रहा है। अब वर्ष 1985-86 से यह कार्यक्रम पूर्णतयः केन्द्र सरकार द्वारा चलाया जायेगा।

(ग) **राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम:**—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण युवकों को बेकारी के मौसम में रोजगार दिया जाता है और सामुदायिक सम्पत्ति बनाई जाती है। वर्ष 1985-86 में जनवरी 1986 तक 10.44 लाख श्रम दिवस अर्जित किए गये। सितम्बर, 1985 तक 541.70 मी. टन. अनाज का उपयोग किया गया तथा 249 परिसम्पत्तियां बनाई गई।

(घ) **ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम :**—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण भूमिहीन व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है, जिससे भूमिहीन परिवार के एक सदस्य को वर्ष में 100 दिन तक अवश्य रोजगार दिया जा सके और साथ में परिसम्पत्तियां बनाई जा सके। 31 मार्च, 1985 तक, 38 सिंचाई योजनाएं, 112.60 कि. मी. सड़कें बनाई गयीं, 550.03 हैक्टेयर भूमि को वृक्षारोपण के अधीन लाया गया तथा 9.60 हैक्टेयर भूमि पर वनों की नर्सरी लगाई गई। इसके अलावा, वर्ष 1984-85 में 18.16 लाख श्रम दिवस अर्जित किए गये।

इस वर्ष के दौरान जनवरी, 1986 तक 12.02 लाख श्रम दिवस अर्जित किए गये हैं, 269.24 मी. टन. अनाज का उपयोग किया गया, सितम्बर, 1985 तक 21.17 कि. मी सड़कें तथा 5.20 कि. मी. नालियां बनाई गई। इसके अतिरिक्त, 7.80 हैक्टेयर भूमि पर वनों की नर्सरी लगाई गई, 757.95 हैक्टेयर भूमि को वृक्षारोपण के अधीन लाया गया तथा 27 सिंचाई योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं।

5. **क्षेत्र विकास के लिए सामाजिक अनुदान :**—जिला मण्डी के तीन खण्डों में यूनिसफ की सहायता से उपलब्ध आर्थिक उपकरण के अलावा एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम परिवारों को सामाजिक उपकरण सुलभ कराना इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत माताओं तथा बच्चों के पौष्टिक स्तर को बढ़ाना व स्त्रियों में साक्षरता बढ़ाना है।

6. **बेघर लोगों के लिए दो कमरों की आवास योजना :**—इस विभाग द्वारा प्रदेश में बेघर लोगों के लिए दो कमरों वाली 83 आवास योजनाएं चलाई जा रही है। राजस्व विभाग के प्रारम्भिक सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में 1,224 बेघर लोग हैं जिन को आवास की सुविधा दी जानी है।

7. **डवाकरा :**—ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं तथा बच्चों के विकास के लिए दूसरी योजना यूनिसफ की सहायता से वर्ष 1983-84 से चलाई जा रही है। अब तक इस में विकास खण्ड बैजनाथ, नगरोटा-बगवां, परागपुर, नगरोटा सूरियां तथा नूरपुर इस योजना में लिए जा चुके हैं। इस योजना के अन्तर्गत शालों की बुनाई, कताई, बांस तथा बाण कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

वर्ष 1986-87 के लिए योजना :—उपरोक्त विकास कार्यक्रम वर्ष 1986-87 में भी जारी रहेंगे।

3.3 **पंचायत**

पंचायतें यद्यपि लोगों की आर्थिक क्रियाओं से सीधे तौर पर सम्बद्ध नहीं हैं तथापि इन लोकतान्त्रिक संस्थाओं का लोगों की अर्थ व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष प्रभाव तथा इसमें भाग लेना बहुत महत्व रखता है। योजना आयोग के मतानुसार पंचायती राज संस्थाओं ने एक नया परिणाम उपलब्ध किया है और सीधे प्रशासन से बहुत महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन का परिचय दिया है। इस देश में जो कि प्रजातान्त्रिक प्रणाली से सम्बद्ध है, इन लोक तान्त्रिक संस्थाओं का सुदृढ़ किया जाना अनिवार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तथा भौतिक साधनों का भरपूर उपयोग तभी फलप्रद हो सकता है यदि पंचायती राज संस्थाओं को योजनाओं के बनाने तथा क्रियान्वयन की प्रक्रिया में पूर्ण तथा सक्रिय रूप से सम्बद्ध किया जाए।

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज प्रणाली को, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1968 को संशोधित करके जो 15-11-1970 से लागू किया गया है, एक नया रूप दिया गया है। इसके अनुसार त्रि-सूत्रीय पंचायत प्रणाली को अपनाया गया है जिसमें गांव स्तर पर पंचायत, विकास खण्ड स्तर पर पंचायत समिति तथा जिला स्तर पर जिला परिषद होगी। इस समय प्रदेश में 2,597 ग्राम पंचायतें, 69 पंचायत समितियां तथा 12 जिला परिषद हैं। ग्राम पंचायतों के निर्वाचन अब सम्पन्न हो चुके हैं तथा पंचायत समितियों और जिला परिषदों के चुनाव निकट भविष्य में करवाए जाएंगे।

वर्ष 1985-86 के अन्तर्गत निम्न योजनायें कार्य करती रहीं :—

1. पंचायती राज संस्थाओं को गृह कर के बदले मैंचिग अनुदान;
2. लाभप्रद सम्पत्ति के सृजन हेतु ऋण जैसे बगीचा, दुकानें स्टाल तथा किराया हेतु रिहायशी आवास निर्माण,
3. पंचायत निर्माण/मुरम्मत हेतु अनुदान,
4. पंचायत पुस्तकालयों के लिए सहायता,
5. पंचायत प्रतियोगिता हेतु नकद पुरस्कार,
6. समिति/जिला परिषद भवन निर्माण हेतु अनुदान तथा
7. पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा तथा बैजनाथ के लिए भवन निर्माण।

1986-87 की योजना :—

वर्ष 1985-86 में कार्यान्वित योजनायें वर्ष 1986-87 के दौरान भी कार्य करती रहेंगी।

4. बहुद्देशीय परियोजनाएं तथा विद्युत

4.1 बहुद्देशीय परियोजनाएं तथा विद्युत

प्रदेश राज्य परिषद ऐसी अनेक जल विद्युत परियोजनाओं की छानबीन तथा कार्यन्वयन का प्रयत्न कर रहा है जो कि आर्थिक दृष्टि से व्यवहार में लाई जा सकें। इसके साथ-साथ ग्रामीण विद्युतीकरण तथा औद्योगिकरण की गति को तीव्र करने के लिए सारे प्रदेश में वितरण प्रणाली का विकास किया जा रहा है।

विद्युत उत्पादन की क्षमता का अनुमान लगाने के लिए प्रारम्भिक जल विज्ञान, तल रूप तथा भौमकीय अन्वेषण के अनुसार हिमाचल प्रदेश की पांच नदी क्षेत्रों से जल-विद्युत उत्पादन की क्षमता 12,700 मैगावाट आंकी गई है। इस क्षमता में से 3,291.77 मैगावाट क्षमता का उत्पादन पहले ही किया जा चुका है परन्तु परिषद के अधीन इस में से केवल 132.77 मैगावाट उत्पादन क्षमता है।

इस समय निम्नलिखित तीन परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं :—

परियोजना का नाम	उत्पादन क्षमता (मैगावाट)	पूर्ण होने का संभावित वर्ष
1 संजय विद्युत परियोजना	120	1987–88
2 आन्ध्रा जल विद्युत परियोजना	16.95	1986–87
3 रोंगटोंग जल विद्युत परियोजना	2	1986–87

इसके अतिरिक्त तीन नई परियोजनाओं का प्रारम्भिक कार्य जैसे कि गज (10.5 मैगावाट), बनेर (6 मैगावाट) और थिरोट (3 मैगावाट) भी आरम्भ किया गया।

वर्ष 1985-86 की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नलिखित थीं :—

मद	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धियां (1/86 तक)	अनुमानित उपलब्धियां (2/86 और 3/86)
1. विद्युत उत्पादन	मिलियन यूनिट	540	533.22 (अस्थायी)	40
2. विद्युतीकरण ग्राम	संख्या	425	451	पूर्ण हो चुकी हैं।
3. पम्पों का उर्जायन	संख्या	70	104	
4. हरिजनों के घरों का विद्युतीकरण	संख्या	2,500	2,545	

उपरोक्त के अतिरिक्त प्रेषण तथा वितरण प्रणाली योजनाओं में वर्ष 1985-86 में निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त करने की योजना है :—

1. 220/33 के० वी०, 25 एम० वी० ए० सब-स्टेशन जैसूर चालू हो चुका है और 220/132 के० वी०, 50 एम० वी० ए० सब स्टेशन जैसूर का निर्माण भी शीघ्र ही चालू हो जाएगा।
2. 132/33 के. वी., 15 एम. वी. ए. सब स्टेशन गिरी नगर को 32.5 एम. वी. ए. की क्षमता का बनाना
3. 66 के. वी. बरोटीवाला–नालागढ़ लाईन सब-स्टेशन नालागढ़ का निर्माण।
4. 66 के. वी. भाखड़ा–मैहतपुर लाईन (रक्कड़) सब-स्टेशन रक्कड का निर्माण 29 जनवरी, 1986 को चालू हो चुका है।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित 220/132 के. वी. प्रेषण लाईनों में भी कार्य प्रगति पर है :—

1. भावा से पंचकुला (आई. एस. टी. एल.),
2. खोदरी से माजरी,
3. जैसूर से बादरी (डलहौजी),
4. सोलन से शिमला।

ग्रामीण विद्युतीकरण :—वर्ष 1985-86 के दौरान जनवरी, 1986 तक 451 गांवों का विद्युतीकरण किया गया जिस से प्रदेश में कुल विद्युतीकृत गांवों की संख्या 15,065 (89.05 प्रतिशत) हो गई।

1986–87 के लिए योजना :

वर्ष 1986-87 के लिए निम्नलिखित लक्ष्य रखे गये हैं :—

मद	इकाई	1986–87 के लक्ष्य
1. विद्युतीकरण ग्राम	संख्या	550
2. पम्पों का उर्जायन	संख्या	70

प्रेषण तथा वितरण प्रणाली के अन्तर्गत निम्नलिखित नई योजनाएं रखी गई :—

1. 132 के. वी. लाईन देहरा से हमीरपुर तक
2. 132 के. वी. लाईन हमीरपुर से कांगड़ा तक सब स्टेशन देहरा सहित
3. 132 के. वी. लाईन गिरी से पांवटा तक और 132/33/11 के. वी. सब-स्टेशन पांवटा सहित
4. 40/36/4 एम. वी. ए., 220/132/11 के. वी. ट्रांसफॉर्मर, देहरा व देहरा–शिमला लाईन के लिए एस०/यार्ड
5. 66/11 के. वी. सब स्टेशन–शौघी और गड़खल (कसौली)
6. बरोटीवाला सब-स्टेशन का विकास।

5. उद्योग एवं खनिज विकास

5.1 उद्योग एवं खनिज विकास

हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास का प्रारम्भ कुछ ही समय पूर्व हुआ है। प्रदेश के शान्त वातावरण तथा राजनैतिक स्थिरता के फलस्वरूप प्रदेश के भीतर तथा बाहर से उद्यमी इस प्रदेश में अपनी औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। इस समय प्रदेश में 70 मध्यम एवं बड़े पैमाने की ईकाइयां कार्यरत हैं जिन से लगभग 10,200 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं तथा इन में 200 करोड़ रुपए की पूंजी का निवेश किया गया है। लघु पैमाने के उद्योगों क क्षेत्र में 14,754 लघु इकाइयां कार्यरत हैं जिस मे लगभग 57,369 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हैं।

वष 1985-86 के दौरान उद्योग विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किये गए :—

1. **औद्योगिक अनुमोदन एवं समीक्षा अधिकरण (आई पारा) :—** इस अधिकरण का मुख्य कार्य उद्यमियों को उन की परियोजनाओं का कार्यान्वियन कराने के लिये विभिन्न संस्थानों/ऐजेंसियां जो इन से सम्बन्धित हों उन में सविनम्य स्थापित करना है। मध्यम एवं बड़े पैमाने के उद्योगों के लिए, औद्योगिक अनुमोदन एवं समीक्षा अधिकरण की स्वीकृति अनिवार्य है। 1 अप्रैल, 1985 से 30 नवम्बर, 1985 की आवधि के दौरान आई-पारा ने 52 मध्यम एवं बड़े पैमाने की परियोजनाओं का अनुमोदन किया।

2. **जिला उद्योग केन्द्र :—**कुटीर तथा लघु उद्योगों को उन्नत करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में जिला उद्योग केन्द्रों की स्थापना की गई है। 1 अप्रैल, 1985 से 31 अक्तूबर, 1985 तक इन केन्द्रों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का ब्योरा निम्नलिखित है :—

1.	परिचित किए गए कारीगरों की संख्या	2,056
2.	परिचित किए गए उद्यमियों की संख्या	1,660
3.	अस्थाई रूप से पंजीकृत लघु इकाईयों की संख्या	1,120
4.	स्थाई रूप से पंजीकृत लघु इकाईयों की संख्या	787
5.	इकाइयां स्थापित की गई :-	
	(1) सिडो	450
	(2) नोन सिडो	289
	(3) कारीगर	207
6.	रोजगार अवसर का सृजन :-	
	(1) सिडो	1,670
	(2) नोन सिडो	780
	(3) कारीगर	1,330

3. **औद्योगिक क्षेत्रों का विकास :—**उद्यमियों को साधन सम्बन्धी सुविधाएं प्रदान करने हेतु परवाणु, बरोटीवाला, बद्दी, पांवटा, मेहतपुर, शमशी, नगरोटा बगवां, बिलासपुर, रिकांग पिओ, संसारपुर टैरस तथा इलैक्ट्रोनिक कम्पलैक्स, सोलन में औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया गया है। इसके अतिरिक्त चम्बा, हमीरपुर, मण्डी, अम्ब, शोघी, राजा का बाग और केलांग क्षेत्रों में भी औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है।

4. **कला एवं प्रदर्शनी :—**राज्य में विभिन्न इकाइयों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की विक्री को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रदर्शनियों तथा मेलों में भाग लेता है। वर्ष 1985-86 के दौरान उद्योग विभाग ने अन्तराष्ट्रीय व्यापार मेला, नई दिल्ली, कांग्रेस शताब्दी प्रदर्शनी मद्रास, कांग्रेस शताब्दी प्रदर्शनी, बम्बई में भाग लिया। उद्योग विभाग ने राज्य स्तर पर आयोजित मेलों जैसे मिंजर मेला चम्बा, दशहरा मेला कुल्लू तथा लवी मेला रामपुर बुशहर में भी भाग लिया है।

5. **उद्यमी विकास कार्यक्रम :—**उद्योग विभाग संस्थान प्रशिक्षण, संयन्त्र प्रशिक्षण और बाहरी सर्वेक्षण के एक मास 15 दिन की अवधि के उद्यमी विकास पाठ्यक्रम का अयोजन करता है। इसके अतिरिक्त अल्पावधि के पाठ्यक्रम जिनकी अवधि 15 दिन प्रति पाठ्यक्रम होती है, योग्य उद्यमियों को सम्वेष्ट सूचना देने तथा औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करने के लिए आपेक्षित आवश्यकताओं तथा कार्य पद्धतियों से अवगत कराने के लिए आयोजित किये जाते हैं। 1 अप्रैल, 1985 से जनवरी 1986 तक 5 ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और 107 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया।

6. **रेशम उद्योग का विकास :—**रेशम उद्योग राज्य का एक महत्वपूर्ण कुटीर उद्योग है जिस के द्वारा किसानों को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त होता है और वह रेशम के कीड़ों को पालने और कुक्कुट को बेचने से अपनी आय में वृद्धि करते हैं। 1 अप्रैल, 1985 से 30 नवम्बर, 1985 तक 95,000 मलबरी पौधों तथा 1,480 औंस रेशम के बीजों का वितरण किया गया। 52,677 ककून का उत्पादन किया गया जिस का मूल्य 13.17 लाख रुपए है।

7. **औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन/छूट :—** 1 अप्रल, 1985 से 30 नवम्बर, 1985 तक 4.16 करोड़ रुपए की धन राशि का केन्द्रीय पूंजी निवेश सहायता के रूप में आवंटन किया गया तथा राज्य छूट योजना के अन्तर्गत 2.90 लाख रुपए की धन राशि का वितरण और 8.65 लाख रुपये की राशि का आवंटन ब्याज दर छूट योजना के अन्तर्गत किया गया।

8. **सार्वजनिक उपक्रमों में निवेश** :—उद्योग विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में आने वाले विभिन्न निगमों तथा बोर्डों में निवेश के लिए वर्ष 1985-86 में निम्नलिखित प्रावधान था :—

(लाख रुपये)

निगम का नाम	1985-86 में बजट प्रावधान	31-12-85 तक भुगतान
1. हिमाचल प्रदेश खनिज तथा औद्योगिक विकास निगम	60.00	68.00
2. हिमाचल प्रदेश वित्त निगम	40.00	40.00
3. नाहन फाउंडरी	15.00	25.00
4. हिमाचल प्रदेश लघु उद्योग एवं निर्यात निगम	4.00	1.00
5. हिमाचल प्रदेश हस्त शिल्प एवं हथकरघा निगम	7.00	7.00

9. **चाय उद्योग का विकास** :—चाय का उत्पादन मण्डी और कांगड़ा जिलों में 1,000 से 1,500 मीटर की समुद्र तल से ऊंचाई पर किया जाता है। इस समय 3,212 हैक्टेयर क्षेत्र चाय उत्पादन के अन्तर्गत है और 1,385 चाय सम्पदाएं प्रदेश में कार्यरत हैं। अप्रैल से दिसम्बर, 1985 के दौरान चाय के विकास हेतु निम्नलिखित छूटें प्रदान की गई हैं :—

1. विशेष घटक अनुसूचित जाति योजना के अन्तर्गत व्यय	2.05 लाख रु.
2. ब्याज, अनुग्रह	1.30 लाख रु.

10. **खनिज विकास** :—वर्ष 1985-86 के दौरान भू-गर्भ शाखा ने निम्नलिखित कार्य किये :—

(क) **चूना**

बरोह शिन्द (चम्बा) :—इस क्षेत्र का विस्तृत चूने सम्बन्धी सर्वेक्षण जारी रहा और 69 डाईमण्ड कोर नमूने और 330 डी. टी. एच. नमूने रसायनिक विश्लेषण हेतु एकत्रित किये गए। बरोह शिन्द तथा टिकरू क्षेत्रों म चून के भण्डार को जानने हेतु दो ड्रिलिंग मशीन भी लगाई गई हैं।

अर्की (सोलन) :—जिला सोलन के अर्की क्षेत्र में चूने की खोज का विस्तृत सर्वेक्षण जारी है तथा 0.355 वर्ग कि.मी. क्षेत्र का आवरण किया गया और 73 चैनल नमूने रसायन विश्लेषण हेतु एकत्रित किये गए।

सोग-खंगढ़, फाजों (सोलन) :—सोग-खंगढ़-फाजों, तहसील अर्की, जिला सोलन में चूने का सर्वेक्षण जारी रहा तथा 0.11 वर्ग कि. मी. क्षेत्र का आवरण किया गया।

अलसिंडी (मण्डी) :—झनखुनु नगालथा अलसिडी, जिला मण्डी में चूने के व्यापक सर्वेक्षण जारी रहे तथा 0.11 वर्ग कि. मी. क्षेत्र का चित्रण किया गया। 217 डी. टी. एच. नमूने, 30 डायमंड कोर नमूने, 10 ट्रैंच नमूने और 100 मी. ट्रैंच रसायनिक विश्लेषण हेतु एकत्रित किए गए।

रोपा-बनैस किरण (मण्डी) :—सील मुलक मैदान विकास खण्ड किरण भोजपुर, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी में चूने का विस्तृत सर्वेक्षण जारी रहा। 0.11 वर्ग कि. मी. क्षेत्र चित्रित किया गया तथा 89 चिप नमूनें रसायनिक विश्लेषण हेतु एकत्रित किए गए।

कामरु-तीलोरधार शीला (सिरमौर) :—जिला सिरमौर की चूने की खानों का गहन अध्ययन किया गया तथा पट्टा-क्षेत्रों में कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय किये गए हैं। एक आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण भी जिला सिरमौर के कामरू क्षेत्र में किया गया जिस से पता लगता है कि चूने के दोहन से गांवों के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं।

(ख) **जिप्सम**

लाहौल-स्पिति :—लाहौल-स्पिति जिले में जिप्सम के व्यापक सर्वेक्षण किये गए तथा 10 वर्ग कि. मी. क्षेत्र का चित्रण किया गया।

(ग) **गर्मपानी के स्त्रोत**

तत्तापानी (मण्डी) :—जिला मण्डी के तत्तापानी क्षेत्र में गर्म पानी के स्रोतों का सर्वेक्षण व चित्रण किया गया।

6. परिवहन एवं संचार

6.1 सड़कें तथा भवन निर्माण

हिमाचल प्रदेश का आर्थिक व सामाजिक विकास मुख्यतः कुशल संचार प्रणाली पर निर्भर करता है। सड़कें इस प्रदेश वासियों के लिए जीवन रेखायें हैं, क्योंकि यातायात के साधन जुटाने के लिए रेलवे व जल मार्ग बहुत कम हैं। प्रदेश की विकास योजनाओं में सड़क निर्माण को काफी अधिक महत्व दिया गया है। मार्च, 1985 के अन्त तक 14,663 किलोमीटर, वाहन चलने योग्य सड़कें थीं जिन का घनत्व 26.33 किलोमीटर प्रति 100 वर्ग किलोमीटर था, और मार्च, 1986 के अन्त तक 14,990 किलोमीटर, वाहन चलाने योग्य सड़कें हो जाएगी जिनका घनत्व 26.92 कि.मी. प्रति 100 वर्ग किलो मी. हो जाएगा।

I. सड़कें

वर्ष 1985-86 में "सड़कों एवं पुलों के निर्माण" शीर्षक के अन्तर्गत 25 करोड़ रुपये का प्रावधान स्वीकृत है। वर्ष 1985-86 के लक्ष्यों की प्राप्ति वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त तक पूर्ण हो जायेगी। वर्ष 1985-86 के लक्ष्य तथा दिसम्बर, 1985 तक उपलब्धियां निम्न-लिखित हैं :—

क्रम संख्या	मद	इकाई	लक्ष्य 1985-86	उपलब्धियां 31-12-85 तक
1	वाहन चलने योग्य (एक लेन)	किलोमीटर	260	272
2	जीप चलने योग्य	यथोपरि	30	20
3	जल निकास	यथोपरि	260	180
4	पक्की तथा विरालित	यथोपरि	125	122
5	पुल	संख्या	30	10

(i) **राष्ट्रीय उच्च मार्ग :**—वर्ष 1985-86 के लिए हिमाचल प्रदेश में पड़ने वाले राष्ट्रीय उच्च मार्गों के निर्माण तथा सुधार के लिए 450.00 लाख रुपये की धनराशि अनुमोदित की है, तथा 102.83 लाख रुपये उन की मुरम्मत एवं अनुरक्षण के लिए दिए हैं।

(ii) **अन्तर्राज्यीय तथा आर्थिक महत्व की सड़कें :**—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाल घाट–राजबन–रोहड़ू–सूंगरी–नारकण्डा सड़क का कार्य प्रगति पर है। भारत सरकार के परिवहन मन्त्रालय द्वारा वर्ष 1985-86 के लिए 25 लाख रुपए अनुमोदित किये हैं।

(iii) **सामाजिक महत्व की सड़कें :**—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मकेरियाँ–तलवाडा–नूरपुर सड़क के निर्माण हेतु वर्ष 1985-86 में भारत सरकार के परिवहन मन्त्रालय द्वारा 190.00 लाख रुपए की धनराशि अनुमोदित की गई है।

(iv) **सड़कों के किनारे पौध रोपण :**—पर्यावरण को आकर्षक बनाने हेतु सरकार सड़कों के किनारे पौध रोपण के लिए जोर दे रही है। वर्ष 1985-86 के पौध रोपण का लक्ष्य 51,000 पौधे था और लक्ष्य से अधिक प्राप्ति हो जायेगी।

(v) **खच्चर मार्ग का निर्माण :**—प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में यातायात की सुविधा पहुंचाने हेतु वाहन योग्य संरेखण पर खच्चर मार्गों के निर्माण का प्रावधान है, ताकि पैसा होने पर इनको वाहन योग्य बनाया जा सके।

(vi) **नंगल तलवाड़ा रेल लाईन का निर्माण :**—हिमाचल प्रदेश सरकार अधिगृहित भूमि का मूल्य, मिट्टी के कार्य का व्यय तथा लकड़ी के सलीपरों पर अनुदान के लिए सहमत हो गई है। महतपुर तक की भूमि अधिगृहित की जा चुकी है तथा इसे उत्तरी रेलवे के सुपुर्द कर दिया गया है। महतपुर से आगे की भूमि का अधिग्रहण प्रगति पर है। वर्ष 1985-86 में 100.00 लाख रुपए का प्रावधान है।

(vii) **ग्रामीण भूमिहीन रोजगार प्रत्याभूति कार्यक्रम :**—इस कार्यक्रम में 20-सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार 350.00 लाख रुपये के प्रावधान से एक परियोजना कम से कम आवश्यक कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पर्क सड़कों के निर्माण के लिए अनुमोदित की है। इस में से वर्ष 1985-86 के लिए 100.84 लाख रुपए रखे गए हैं। विभाग द्वारा 6.06 लाख मैनडेज के लक्ष्य की तुलना में 6.27 लाख मैनडेज में 40 किलोमीटर सड़क बनाई गई है।

II. भवन निर्माण :—

हिमाचल प्रदेश सरकार ने भवन निर्माण के लिए 300.00 लाख रुपए का प्रावधान किया है। वर्ष 1985-86 में दिसम्बर, 1985 तक 19 भवनों का निर्माण हो चुका है है जब कि लक्ष्य 28 भवनों का था।

आवासीय (लोक निर्माण) :—वर्ष 1985-86 में 100.00 लाख रुपये आवासीय भवनों के निर्माण के लिए प्रदान किये है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 में 95 भवन निर्माण के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, 1985 तक 13 भवनों का निर्माण हो चुका है।

वर्ष 1986-87 के लिये योजना :—वर्ष 1986-87 के लिए निम्न-लिखित कार्यक्रम बनाया गया है :—

सड़कें तथा पुल	कि.मी.	
(क) वाहन चलने योग्य सड़कें (एक लेन)	300	
2. जीप चलने योग्य	25	
3. जल निकास	250	
4. पक्की तथा विरालित	200	
5. पुल	30	(संख्या)
6. ग्राम जो सड़कों से जुड़ने है	100	(संख्या)
(ख) केबलवेज	35	

भवन (लो.नि.) :—वर्ष 1986-87 में 150 गैर-आवासीय भवनों के निर्माण की योजना है।

आवासीय (लो.नि.) :—वर्ष 1986-87 में 110 आवासीय मकानों के निर्माण की योजना है।

6.2 पथ परिवहन

हिमाचल पथ परिवहन निगम हिमाचल प्रदेश के सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। परिवहन के अन्य स्रोत जैसे नभ, स्थल तथा जल परिवहन नहीं के बराबर होने के कारण पथ परिवहन का महत्व और बढ़ जाता है। परिवहन सेवा को समन्वित, आयोजित, पर्याप्त, कार्यकुशल तथा कार्यसाधक बनाने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना की गई। निगम प्रदेश के सभी भागों में बस सेवाएं चला रहा है तथा पड़ोसी राज्यों/केन्द्रीय शासित प्रदेशों के साथ मिलकर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

इस समय लगभग 82 प्रतिशत यात्री परिवहन को राष्ट्रीयकृत किया जिसमें 1,200 बसें 1,050 मार्गों पर, जिनमें 239 अन्तर्राज्जीय मार्ग भी सम्मिलित है, चला रहा है। ये बसें 2 लाख किलोमीटर की दूरी तय करती है तथा लगभग 1.60 लाख यात्रियों को प्रतिदिन बसों में यात्रा कराती हैं। इन बसों में 37 रात्रि बस सेवाएं तथा 28 डिलक्स तथा सेमी डीलक्स बसें, जिनमें वीडियों लगे हैं, सम्मिलित है।

इस समय प्रदेश में 20 क्षेत्र तथा उप क्षेत्र कार्यरत हैं। तारादेवी तथा मण्डी में मुरम्मत तथा रख-रखाव के लिए दो मण्डलीय कर्मशालाएं हैं। तारादेवी में एक टिकट डिनामिनेशनल प्रोकोष्ठ व परमाणु में बस बॉडिज रिकन्डीशनिंग यूनिट स्थापित किया गया है। इन क्षेत्रों की गतिविधियों को नियन्त्रण में रखने के लिए तीन मण्डलीय कार्यालय कार्य कर रहे है। 22 विधान सभा क्षेत्रों में मुद्रिका बस सेवाएं भी उपलब्ध करवाई गई हैं तथा अन्य क्षेत्रों में भी धीरे-धीरे इस सुविधा को प्रदान करने का प्रस्ताव है। पार्सल बुकिंग तथा देने की सुविधाएं भी 30 स्थानों में लोगों की सुविधा के लिए शुरू की है। केन्द्र तथा प्रदेश के कर्मचारियों, छात्रों इत्यादि को मुफ्त यात्रा या किराए की दरों में विशेष छूट दी जाती है। प्रदेश में स्वतन्त्रता सेनानियों, अपंग तथा अन्धे व्यक्तियों, एम० पी०, एम० एल० ए० तथा उनके सेवकों व सम्वाददाताओं को निशुल्क बसों में यात्रा करने की सुविधा प्रदान की गई हैं।

वर्ष 1985–86 में की गई उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित है :–

1. **परिचालन क्षेत्र/उपक्षेत्र तथा कर्मशालाएं :**—वर्ष 1985-86 में एक नया क्षेत्र देहरा में खोला गया तथा उपक्षेत्र रामपुर का दर्जा बढ़ा कर क्षेत्र स्तर पर लाया गया। इसके अतिरिक्त जसूर में एक आधुनिक कर्मशाला निर्माणाधीन है जहां पर आधुनिक संयत्रों द्वारा बसों की मुरम्मत, टायरों की रिट्रिडिंग, टिकट छापने तथा बसों की बाडियां बनाई जाएंगी तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

2. **परिवहन बेड़ा :**—वर्ष 1984–85 के अन्त तक 1,238 बसें थी। प्रचलित वर्ष में यदि धन उपलब्ध हुआ तो 203 नई बसें खरीदने का प्रावधान है।

3. **बसों द्वारा तय किए गए मार्ग :**—प्रचलित वर्ष में लोगों को परिवहन की अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए 30 अतिरिक्त मार्गों पर 85 बस सेवाएं शुरू करने का प्रस्ताव है। वर्ष 1984-85 के अन्त तक 950 मार्गों पर 1,190 बस सेवाएं चलाई जा रही थी।

4. **बसों द्वारा तय की गई दूरी :**—वर्ष 1985-86 में बसों द्वारा तय की जाने वाली दूरी का लक्ष्य 781 लाख किलोमीटर रखा गया है जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 44 लाख किलोमीटर अधिक होगा। लगभग 615 लाख यात्रियों के बसों में सफर करने की सम्भावना है जबकि 1984-85 में 585 लाख यात्रियों ने बस सेवाओं का प्रयोग किया था। बसों की अच्छी मुरम्मत तथा रख-रखाव के कारण बसों की ब्रेकडाऊन प्रति 10,000 किलोमीटर 0.66 से घट कर 0.64 रह जाने की सम्भावना है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह संख्या 1.10 है। इसी प्रकार दुर्घटनाओं की संख्या 1984-85 के प्रति 1 लाख किलोमीटर पर 0.30 से घट कर वर्ष 1985-86 में 0.25 हो जाने की सम्भावना है। राष्ट्रीय स्तर पर राज्य पथ परिवहन उपक्रमों की संख्या 0.82 है।

5. **आय-व्यय के परिणाम :**—वर्ष 1984-85 मे निगम की 2,774.18 लाख रुपए की आय हुई तथा 3,298.31 लाख रुपये व्यय किए जाने के परिणामस्वरूप 524.13 लाख रुपये की हानि हुई। वर्ष 1985-86 में निगम को 3,745 लाख रुपए के व्यय की तुलना में 3,174 लाख रुपये आय होने की सम्भावना है। लगभग 571 लाख रुपए की अनुमानित हानि होने के मुख्य कारण मोटर वाहन के प्रयोगों में लाए जाने वाले सामान के मूल्यों जिनमें डीजल, तरल द्रव्य, टायर व ट्यूबे, फुटकर वस्तुएं तथा कर्मचारियों को मंहगाई भत्ते की अतिरिक्त किश्तों का भुगतान इत्यादि सम्मिलित है, वृद्धि होना है।

1986–87 के लिए योजना :—वर्ष 1986-87 में निगम द्वारा नई बसों तथा बसों की मुरम्मत के लिए आधुनिक यन्त्रों को खरीदने का प्रस्ताव है। निगम द्वारा आधुनिक बस अड्डों, आरक्षण कार्यालयों तथा गाडियां खड़ी करने के लिए शैडों का, जिन स्थानों पर यह उपलब्ध नहीं है, का निर्माण करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त प्रशासकीय तथा आवास भवनों का निर्माण भी किया जाएगा। इसके साथ-साथ जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में अच्छी बस सेवाएं चलाने के लिए जनजातीय क्षेत्रों/मार्गों से पुरानी बसे बदलने का भी प्रस्ताव है।

6.3 पर्यटन

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के लिए अत्याधिक संभावना हैं। भोजन तथा निवास की सुविधाओं के अतिरिक्त, प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अनगिनित स्थान हैं, जैसे कि पिकनिक स्थान, धार्मिक स्थान, झीलें, प्राकृतिक झरने, स्किंग, ट्रेकिंग, और शिवर क्षेत्र इत्यादि।

वर्ष 1985-86 के दौरान मनाली में 68 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्रतिष्ठित हाऊस क्लब का उद्घाटन कर के लोगों के लिए खोल दिया गया है। ऊपरी धर्मशाला में कैफेटेरिया का कार्य भी पूर्ण किया गया और आगामी पर्यटक मौसम में सेवा के लिए चालू कर दिया जायेगा। नूरपुर में कैफेटेरिया और कांगड़ा में शौचालय का कार्य पूर्ण होने वाला है जबकि नैनादेवी, संकटमोचन (शिमला) रामपुर बुशैहर और बैजनाथ में कैफेटेरिया का निर्माण कार्य वर्ष 1985-86 में किया गया है। रेणुका झील के विकास के लिए तथा सिरमौर जिले के सुकेति में फौजिल पार्क में कैफेटेरिया व यात्री सूचना केन्द्र के निर्माण का अनुमोदन कर लिया गया है तथा निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ कर लिया जयेगा। डलहौजी में सुभाष बावली को पिकनिक स्थान बनाने हेतु योजना और अनुमान सरकार के अनुमोदनार्थ भेज दिये गये हैं।

शिमला के होटल होली डे होम में अधिक भीड़ के कारण यह आवश्यक समझा गया कि स्वागत क्षेत्र, डाईनिंग रूम और रसोईघर इत्यादि को विस्तृत किया जाए। इस के अतिरिक्त, लिफ्ट, बिलियर्ड रूम, दुकानें और बैंक इत्यादि की सुविधाएं दर्शकों को दी जाने की भी योजना है। पर्यटन विकास निगम द्वारा वर्ष 1985-86 में इस उद्देश्य के लिए 5 लाख रुपये खर्च करने की योजना है।

धर्मशाला में अतिरिक्त आवास की आवश्यकता पूर्ति हेतु पर्यटन विकास निगम द्वारा 5 लौग-हट्स 5 लाख रुपये की लागत से बनाये जाने की योजना है। वर्ष 1985-86 में भरमौर में पर्यटक सराय का निर्माण कार्य प्रगति पर रहा। प्रसंगत वर्ष में ललनेटी में पर्यटक सराय के निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। केलांग और रिवालसर में पर्यटकों को आवास सुविधा प्रदान करने हेतु भूमि ग्रहण करने के लिए आवश्यक पग उठाये गये। पिछड़े क्षेत्रों के लिए ट्रेकिंग उपकरण जैसे कि तम्बू, स्की उपकरण, स्लिपिंग बैगज, गर्म जुराब इत्यादि 2 लाख रुपये के मूल्य के खरीदे गए।

भारतीय विकास समिति मध्यम वर्ग के पर्यटकों के लिए नैनादेवी दियोटसिद्ध (हमीरपुर) और संकटमोचन (शिमला) में धर्मशालाओं के निर्माण के लिए सिद्धान्त रूप से सहमत हो गई है। इन स्थानों पर भूमि का चयन कर लिया गया है और भूमि का समिति को स्थानान्तरण के लिए सम्बन्धित मन्दिरों की कमेटियों से वार्तालाप चल रहा है।

5 लाख रुपये की लागत से उन पर्यटक कम्पलैक्सों में, जहां पर काम कर रहे कर्मचारियों के लिए आवास सुविधा नहीं है, स्टाफ क्वाटरज बनाये जा रहे हैं। अधिक संख्या में दर्शकों को आकर्षित करने के लिए प्रमुख समाचार पत्रों और मैगजिनों में विज्ञापन दे कर प्रदेश में पर्यटक स्थान और पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए लगातार प्रचार किया जा रहा है। प्रदेश के अन्दर तथा बाहिर स्थित पर्यटक सूचना केन्द्रों के माध्यम से 6 फोल्डरज पर्यटकों में बांटने के लिए प्रकाशित किये गए। वर्ष 1985-86 में विभाग ने मद्रास तथा बम्बई की प्रदर्शनियों में भी भाग लिया। प्रसंगत वर्ष के दौरान उच्चकोटि के पर्यटक साहित्य बनाने का कार्य भी प्रारम्भ किया गया।

भरमौर, रोहड़ू और बानकुफर में हेलीपेड के निर्माण और विकास के लिए नागरिक विमानन विभाग ने लोक निर्माण विभाग द्वारा योजना और अनुमान बनाये हैं। लोक निर्माण विभाग तथा जिला अधिकारियों के साथ जिलों में हेलीपेड के निर्माण के लिए स्थान चुनने के कार्य को भी शुरू किया गया। प्रसंगत वर्ष में जुब्बड़हट्टी में हवाई अड्डे के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर रहा।

कुफरी में 1984 में खाद्य शिल्प संस्था का गठन किया गया और इसके लिए भवन निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। 38 छात्रों की प्रथम टोली ने घर की देख-रेख व होटल आगमन के एक साल की अवधि के पाठ्यक्रम को पूर्ण किया। वर्ष 1985-86 में 44 प्रशिक्षणार्थियों की दूसरी टोली को प्रशिक्षण दिया गया। इस के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश से 21 उम्मीदवार जिन्होंने खाद्य शिल्प संस्थाओं बम्बई, दिल्ली और चंडीगढ़ में प्रशिक्षण लिया है को छात्रवृत्ति दी गई। जिस से होटल उद्योग को प्रशिक्षित व्यक्ति मिल पाये।

वर्ष 1985-86 में हिमाचल प्रदेश के पर्यटन विकास निगम के यातायात कक्ष में पैकेज प्रवास का प्रबन्ध किया गया। निगम के पास 45 डिलक्स बसें, वातानुकूल बसें और कारें हैं जो कि न केवल प्रदेश में अपितु प्रदेश से बाहिर जैसे चंडीगढ़ और दिल्ली में पर्यटकों के यातायात की अच्छी सुविधा प्रदान करने के लिए कार्यरत हैं।

वर्ष 1986-87 के लिए योजना :—वर्ष 1986-87 के दौरान कुफरी में खाद्य शिल्प संस्था को और अधिक अच्छा बनाया जायेगा और रेणुका झील का विकास और सुकेती में फौजिल पार्क के कैफेटेरिया व पर्यटक सूचना केन्द्र के कार्य को पूर्ण किया जायेगा। शिमला में होटल होली डे होम के विस्तार के निर्माण कार्य को हि. प्र. पर्यटन विकास निगम द्वारा पूर्ण करने की योजना है। पिकनिक स्थान जसे कि शिमला में गलेन, अजीत सिंह स्मारक तथा डलहौजी में सुभाष बावली के विकास कार्य को वर्ष 1986-87 के दौरान पूरा किया जाएगा। निजी उद्यमियों को होटलों व कैफेटेरिया के निर्माण योग्य रिपोर्ट बनाने के लिए अनुदान दिया जायेगा। 5,000 रुपये का अनुदान होटल के प्रबन्ध में प्रत्येक प्रशिक्षित व्यक्ति को फर्नीचर तथा क्रोकरी इत्यादि खरीदने के लिए, और विभाग द्वारा खोके को सज्जित करने के लिए दिया जायेगा। विज्ञापन तथा आकर्षक पर्यटक साहित्य द्वारा और प्रर्दशनियों में भाग ले कर प्रचार किया जायेगा। खाद्य शिल्प संस्था कुफरी में प्रशिक्षण पा रहे उम्मीदवारों को छात्रवृत्ति दी जायेगी। प्रदेश में धार्मिक स्थानों पर बाथरूम, शौचालय इत्यादि की नागरिक सुविधाएं प्रदान करने की योजना है। पिछड़े क्षेत्रों में भरमौर में आवास सुविधा का निर्माण और ललनेटी में पर्यटक-इन को पूर्ण किया जायेगा। रिकांग पियो, केलांग और हडसर (चम्बा) में आवास सुविधा प्रदान करने की योजना है। हिमाचल प्रदेश निगम द्वारा वर्तमान डीलक्स और वातानकूल बसों और कारों की संख्या और अधिक करने की योजना है।

7. सामाजिक सेवाएं

7.1 शिक्षा

वर्ष 1985-86 में शिक्षा के क्षेत्र में की गई उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :—

1. प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा

(क) **प्राथमिक स्कूल** :—वर्ष 1985-86 में 110 नए प्राथमिक स्कूल खोलने का प्रस्ताव था जिसमें से दिसम्बर, 1985 तक 31 स्कूल खोले जा चुके हैं। प्रस्तावित स्कूलों के खोलने से राजकीय प्राथमिक स्कूलों की कुल संख्या 6,838 हो जाएगी। शिक्षा प्रशासन में सुधार हेतु वर्ष 1985-86 में 3 शिक्षा खण्ड स्थापित करने का प्रस्ताव है।

(ख) **माध्यमिक स्कूल** :—वर्ष 1985-86 में 63 माध्यमिक स्कूल खोलने की सम्भावना है जिनमें से दिसम्बर, 1985 तक 21 स्कूल खोले जा चुके हैं। इन सभी माध्यमिक स्कूलों के खोलने से 1985-86 के अन्त तक माध्यमिक स्कूलों की कुल संख्या 1,760 हो जाएगी।

(ग) **विकलांग बच्चों की सामूहिक शिक्षा** :—इस योजना के अन्तर्गत शिमला में विकलांग बच्चों (बहरे, दिमागी तौर पर कमजोर तथा शारीरिक रूप से विकलांग) को सामूहिक रूप से शिक्षा देने के लिए 3 केन्द्र कार्यरत हैं।

2. **उच्चस्तरीय शिक्षा** :—वर्ष 1985-86 में 32 उच्चस्तरीय स्कूलों को खोलने का प्रस्ताव है जिनमें से 29 स्कूल खोले जा चुके हैं। इन प्रस्तावित स्कूलों के खोलने से राज्य में उच्चस्तरीय स्कूलों की संख्या 789 हो जाएगी।

वर्ष 1986-87 से 10+2 शिक्षा प्रणाली चरण रूप से शुरू करने के लिए शिक्षा विभाग म संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में एक शाखा कायम की गई है जोकि प्रदेश में 1986-87 से 10+2 शिक्षा प्रणाली को सुचारू रूप से कार्यान्वित करेगी।

3. **विश्वविद्यालय तथा उच्च शिक्षा**:—हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विकास के लिए 10.00 लाख रुपए की राशि अनुदान सहायता का वर्ष 1985-86 के लिए प्रावधान है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकाघाट में एक महाविद्यालय खोले जाने के अतिरिक्त चम्बा में सांध्य कक्षाएं भी शुरू की गई है।

4. **प्रौढ़ शिक्षा** :—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 1,700 वयस्क शिक्षा केन्द्र स्वीकृत हैं। वर्ष 1985-86 में दिसम्बर, 1985 तक 40,736 वयस्क इन केन्द्रों में पंजीकृत थे।

5. **प्रशिक्षण कार्यक्रम**:—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत शिमला में मानवीय मान पर अभिविन्यास तथा संगोष्ठियों का 7 अगस्त से 10 अगस्त 1985 तक तथा 7 अक्तूबर, 1985 से 12 अक्तूबर, 1985 तक आयोजन किया गया जिनमें 200 जे. बी. टी. शिक्षकों तथा 114 बी. पी. इ. ओज ने भाग लिया। प्रचलित वर्ष में 4 शिक्षकों को अंग्रेजी में पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के लिए हैदराबाद भेजा गया। 24 अध्यापकों को सोलन में उर्दू प्रशिक्षण के लिए 15 शिक्षकों को मैसर में तेलगू तथा तामिल प्रशिक्षण के लिए तथा 16 अध्यापकों को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र चण्डीगढ़ में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। बी. एड प्रशिक्षण कक्षाएं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, एस. सी. इ. आर. टी. सोलन तथा महाविद्यालय, धर्मशाला में शुरू की गई जिनमें 160 विद्यार्थी प्रशिक्षण पा रहे हैं। इस समय राज्य के 6 संस्थानों में 2 वर्ष के जी. बी. टी. के नियमति प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा एक वर्ष के सघन पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

6. **छात्रवृत्तियां** :—योजना तथा गैर-योजना कार्यक्रमों के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 में 145.83 लाख रुपए की राशि छात्रवृत्तियों के लिए रखी गई है।

7. **नामांकन का स्तर**: —वर्ष 1985-86 में निम्नलिखित नामांकन स्तर प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के लक्ष्य प्राप्ति की सम्भावना है :—

विद्यार्थी	नामांकन प्रतिशत		
	प्राथमिक (आयु सीमा 6-11 वर्ष)	माध्यमिक (आयु सीमा 11-13 वर्ष)	उच्चस्तरीय (आयु सीमा 14-17 वर्ष)
छात्र	107	89	48
छात्राएं	87	59	23
योग	97	75	35

वर्ष 1986-87 के लिए योजना:—वर्ष 1986-87 में मुख्य कार्यक्रमों जिनमें 150 नए प्राथमिक स्कूल, 60 माध्यमिक स्कूल, 5 उच्चस्तरीय स्कूल, 2 महाविद्यालय तथा एक महाविद्यालय में सांध्य कक्षाएं सम्मिलित हैं शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त राज्य में 10+2 प्रणाली भी शुरू करने का प्रस्ताव है। 69 शिक्षा खण्ड (जो विकास खण्डों के सामान्तर होंगे) सृजित करने का प्रस्ताव है।

7.2 तकनीकी शिक्षा

इस विभाग में 4 बहुतकनीकी संस्थान, एक लघु तकनीकी स्कूल; 14 औद्योगिक प्रशिक्षण, 4 ग्रामीण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान; 13 कन्या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा एक औद्योगिक स्कूल

कार्यरत है। इसके अतिरिक्त इस विभाग के अधीन अपंगों के लिए व्यवसाय पुनर्वास केन्द्र काम कर रहा है। बहुतकनीकी संस्थाओं में तीन वर्षीय इंजीनियरिंग के सिविल, मकैनिकल इलैक्टरीकल, आटोमोबाइल तथा वास्तुकला इंजीनियरिंग के इलैक्टरानिकस एवं कम्युनिकेशन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाता है। लघु तकनीकी स्कूल कांगडा म छात्रों को उसकी साधारण पढाई के अतिरिक्त बढ़ईगिरी, यन्त्र सम्बन्धी टरनिंग, फिटिंग, वैलडिंग, लोहे के औजार, ढलाई तथा रंगाई इत्यादि में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। लघु तकनीकी स्कूल कांगड़ा में दो वर्षीय कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड हरियाणा द्वारा मैट्रिक के समकक्ष डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इंजीनियरिंग तथा नान्-इंजीनियरिंग ट्रैडों म (एक/दो वर्षीय कोर्स) प्रशिक्षण दिया जाता है तथा सफल प्रशिक्षणार्थियों को एन. सी. वी. टी. द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।

इसी प्रकार ग्रामीण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवम् कन्या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी एक तथा दो वर्षीय कोर्सो म इंजीनयरिंग तथा नॉन-इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण दिया जाता है तथा यह संस्थान भी एन. सी. वी. टी. के साथ अस्थाई तौर पर संबंधित है।

सत्र 1985-86 के अन्तर्गत विभिन्न संस्थानों के स्वीकृत प्रवेश क्षमता निम्न प्रकार से हैं :—

1. राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, सुन्दर नगर	95 छात्र
2. राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, हमीरपुर	65 छात्र
3. राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, रोहड़	15 छात्र
4. राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान कंडाघाट (महिला)	15 छात्राएं
5. राजकीय लघु तकनीकी, कांगड़ा	60 छात्र

(बहुतकनीकी संस्थानों एवं लघु तकनीकी स्कूल के प्राचार्य संस्था छोड़ जाने वाले उपरोक्त छात्रों की क्षति पूर्ति हेतु क्रमशः 10 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत अतिरिक्त छात्र दाखिल कर सकते हैं।)

6. सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं (14)	1,947 छात्र
7. सभी (4) ग्रामीण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं एंव औद्योगिक स्कूल	230 छात्र

(उपरोक्त प्रशिक्षण संस्थाओं मे संस्था छोड़ जाने वाले क्षतिपूर्ति हेतु साढ़े बारह प्रतिशत प्रवेश क्षमता के हिसाब से अति रिक्त प्रावधान जोड़ कर दर्शाया गया है)

8. सभी कन्या औद्योगिक संस्थाएं	448 छात्राएं

(इन संस्थाओं में संस्था छोड़ जाने वाली छात्राओं की क्षतिपूर्ति हेतु प्रवेश क्षमता में 25 प्रतिशत से अतिरिक्त छात्राएं दाखिल की जायेंगी)

वर्ष 1986-87 के लिए योजना :—वर्ष 1986-87 के अन्तर्गत पहले से जारी योजनाएं जारी रहेंगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय इन्जीनियरिंग कालेज हमीरपुर के लिये भूमि ग्रहण की जाएगी। लघु तकनीकी स्कूल कांगड़ा में प्रवेश पाने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाने की योजना है। राजकीय बहुतकनीकी सुन्दरनगर म उपयुक्त तकनीकी अपनाई जाएगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं और ग्रामीण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं को उच्चतर किया जाएगा और अन्य नए पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। चम्बा जिला के पांगी तथा भरमौर जनजातीय क्षेत्रों में छात्रों के लिये अतिरिक्त संस्थान उपलब्ध करवाएं जायेंगे।

7.3 युवा सेवाएं एवं क्रीड़ाएं

हिमाचल प्रदेश में युवा सेवाएं एवं क्रीडा विभाग जुलाई, 1982 में स्थापित किया गया। इस विभाग के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं।

(i) गैर-छात्र युवाओं को आत्म अभिव्यक्ति, आत्म-विकास एवं साँस्कृतिक उत्थान के अवसर प्रदान करना,

(ii) काम तथा पारिवारिक जीवन यापन के लिए युवकों को तैयार करना ताकि वे सामाजिक एवं नागरीय उत्तरदायित्व को निभा सक,

(iii) युवाओं म भ्रातृभाव, देश प्रेम एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण की भावना का विकास करना ताकि वे समुदाय एवं राष्ट्रीय विकास तथा योजना के कार्यों में भाग ले सकें।

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए युवा सेवाएं एवं क्रीडा विभाग ने वर्ष 1985-86 के दौरान निम्नलिखित योजनाओं को कार्यान्वित किया :—

1. **हिमाचल प्रदेश राज्य युवा बोर्ड को सहाय अनुदान :**—राज्य युवा बोर्ड, युवक/महिला मण्डलों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को चलाने के लिए वित्तीय सहायता देता है। इस वर्ष 120 ऐसे क्लब इस कार्यक्रम के अधीन लाए गए। वर्ष 1985-86 के बजट अनुमानों में हिमाचल प्रदेश राज्य युवा बोर्ड को 3.50 लाख रुपए देने का प्रस्ताव है।

2. **गैर-छात्र युवा उत्सव :**—सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रतियोगिताओं में युवाओं को और अधिक अवसर प्रदान करने हेतु विकास खण्ड जिला तथा राज्य स्तर पर ये उत्सव आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 1985-86 में इस कार्यक्रम के लिए 1.20 लाख रुपए रखे गए हैं। नवम्बर, 1985 तक 1.08 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं तथा दिसम्बर, 1985 से मार्च, 1986 तक शेष 0.12 लाख रुपए की राशि व्यय करने की सम्भावना है।

3. **पारम्परिक पोशाकें :**—वर्ष 1985-86 में पारम्परिक पोशाकों को खरीदने के लिए 0.50 लाख रुपए का प्रावधान है तथा मार्च, 1986 तक पूरा व्यय होने की संभावना है।

4. **अन्तर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम :—**इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 से 35 वर्ष की आयु के गैर-छात्र युवाओं को औद्योगिक, ऐतिहासिक और प्रगतिशील महत्व के स्थानों को देखने के लिए भेजा गया। वर्ष 1985-86 में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 1.00 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे।

5. **कार्य-कैम्प :—**वर्ष 1985-86 में कार्य-कैम्पों के आयोजनों के लिए 1.00 लाख रुपए का प्रावधान है जिसमें युवाओं को क्रीड़ा मैदानों, वनीकरण कार्यक्रमों, ग्रामीण सड़कों की मुरम्मत तथा सफाई इत्यादि के कार्यों में अन्तर्ग्रस्त किया जाता है।

6. **युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कैम्प :—**इन कैम्पों में हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के कुछ विशेषज्ञ कृषि तथा बागवानी गतिविधियों के बारे में भाषण देते हैं। वर्ष 1985-86 में इस कार्यक्रम के लिए 1.00 लाख रुपए दिए गए हैं। जिनमें से नवम्बर, 1985 तक 0.77 लाख रुपए व्यय किए गए हैं।

7. **शिमला में युवा केन्द्र व क्रीड़ा तथा सांस्कृतिक कम्पलैक्स का निर्माण :—**इस कम्पलैक्स के निर्माण का कार्य विभिन्न चरणों में किया जा रहा है। वर्ष 1985-86 में इस कार्य के लिए 40.00 लाख रुपए रखे गए है तथा 31 मार्च, 1986 तक व्यय होनेकी सम्भावना है।

8. **टूरिसम :—**इस कार्यक्रम के अन्तर्गत शहरी युवाओं को स्वयं रोजगार का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह कार्यक्रम ट्राइसम के आधार पर शुरू किया गया। प्रचलित वर्ष में इस कार्य के लिए 1.00 लाख रुपए रखे गए हैं तथा मार्च, 1986 तक इस राशि के व्यय होने की सम्भावना है।

9. **जिला युवा केन्द्रों का निर्माण :—**वर्ष 1985-86 में युवा केन्द्रों के निर्माण के लिए 3.02 लाख रुपए रखे गए हैं तथा इस राशि की 31-3-1986 तक व्यय होने की सम्भावना है।

10. **प्रचार :—**विभाग द्वारा चलाए जाने वाली विभिन्न युवा गतिविधियों के प्रचार के लिए वर्ष 1985-86 में 0.75 लाख रुपए रखे गए हैं।

11. **कैम्पों के लिए उपकरणों का क्रय :—**वर्ष 1985-86 में कैम्पों के उपकरणों के क्रय के लिए 1.00 लाख रुपए रखे गए हैं।

12. **हिमाचल प्रदेश क्रीड़ा परिषद् के लिए सहाय अनुदान :—** हिमाचल प्रदेश क्रीड़ा परिषद् प्रदेश में अपने महत्वपूर्ण कार्यक्रमों द्वारा क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कुशल सेवा प्रदान कर रहा है। क्रीड़ा परिषद् हिमाचल प्रदेश में विभिन्न क्रीड़ा संघों को सहाय अनुदान देती है। ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए वर्ष 1985-86 में 7.50 लाख रुपए रखे गए हैं।

13. **कोचिंग कैम्पों का आयोजन :—** वर्ष 1985-86 में कोचिंग कैम्प आयोजित करने के लिए 1.00 लाख रुपए रखे गए हैं।

14. **एन.आई.एस. पटियाला के प्रशिक्षणार्थियों को वजीफा :—** वर्ष 1985-86 में हिमाचल के 10 ऐसे प्रशिक्षणार्थियों को जो एन. आई. एस. पटियाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, को 100 रु. प्रति प्रशिक्षणार्थी वजीफा देने हेतु 0.10 लाख रुपए का प्रावधान है।

15. **गैर छात्रों को क्रीड़ा वजीफा :—**वर्ष 1985-86 में पहली बार वजीफे के लिए 0.20 लाख रुपए रखे गए हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लगभग 22 गैर-छात्र युवाओं को 75 रुपए प्रतिमास की दर से वजीफे दिए जा रहे हैं।

16. **दौड़ो और दौडाओ स्वास्थ्य एवम् आनन्द बढ़ाओ (रन रन रन फॉर हैल्थ एण्ड फन) :—**वर्ष 1985-86 में स्वास्थ्य चेतना तथा क्रीडाओं से सचेत रहने के लिए छात्रों तथा गैर-छात्रों के लिए उक्त अभियान चलाया गया है तथा उसके लिए 0.20 लाख रुपए का प्रावधान हैं।

17. **सेवा कार्यरत कर्मचारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम :—**इस कार्य के लिए 0.20 लाख रुपए रखे गए हैं तथा इस राशि के प्रचलित वर्ष में क्रीड़ा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों पर व्यय होने की सम्भावना है। इस योजना द्वारा सेवारत कर्मचारियों को खेलों के बारे नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

18. **स्वचालित प्रशिक्षण कैम्पों में उपस्थित होने के लिए अनुदान :—** वर्ष 1985-86 में स्वचालित प्रशिक्षण कैम्पों में उपस्थित होने के लिए 0.20 लाख रुपए की राशि अनुदान देने के लिए रखी गई है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत लाभदायक सिद्ध हो रही है

19. **ग्रामीण क्रीड़ा केन्द्रों की स्थापना :—**वर्ष 1985-86 में इन केन्द्रों के रख-रखाव पर 0.60 लाख रुपए व्यय किए जाएगे।

20. **'जिला स्टेडिया' तथा 'यूटीलिटी स्टेडिया' का निर्माण :—** प्रचलित वर्ष में जिला स्टेडिया तथा यूटीलिटी स्टेडिया के निर्माण के लए क्रमश: 9.85 लाख रुपए तथा 7.15 लाख रुपए रखे गए हैं।

21. **विभिन्न योजनाएं :—**वर्ष 1985-86 में छोटी योजनाओं जैसे क्रीड़ा मैदानों का निर्माण, क्रीड़ा उपकरणों का क्रय, राष्ट्रीय सेवा योजना, अन्तर्राष्ट्रीय युवा वर्ष इत्यादि के लिए 19.03 लाख रुपए का प्रावधान है।

1986-87 के लिए योजना :—वर्ष 1986-87 में पिछले वर्ष की सभी योजनाओं को चलाने का प्रावधान है। अगले वर्ष कुछ नई योजनाएं शुरू करने का भी प्रस्ताव है। विभाग को सही ढंग से चलाने के लिए निदेशालय में एक नया सैक्शन बनाने का प्रावधान है। पूर्व स्थापित ढांचे को और अधिक विकसित तथा दृढ़ किया जायेगा।

7.4 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

इस विभाग द्वारा पर्यावरण की सफाई में सुधार, छूत की बीमारियों की रोकथाम, स्वास्थ्य शिक्षा, परिवार कल्याण तथा मातृ एवम् शिशु स्वास्थ्य सेवा जैसी अमूल्य सेवाएं 40 असैनिक चिकित्सालयों, 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 17 ग्रामीण चिकित्सालयों (उथानित प्रा. स्वा. के.) 87 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 30 सहाय स्वास्थ्य केन्द्रों, 214 औषधालयों तथा 1,299 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण गतिविधियों का ब्यौरा इस प्रकार हैं:—

1. **ग्रामीण स्वास्थ्य योजना :**—इस योजना के अन्तर्गत राज्य में 4,420 स्वास्थ्य मार्गदर्शी लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहे हैं। वे मलेरिया निरीक्षण, परिवार कल्याण, प्रतिरक्षण जन्म एवम् मृत्यु पंजीकरण गतिवितियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं ।

2. **राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम :**—यह कार्य क्रम राज्य में किन्नौर तथा लाहौल स्पिति जिलों को छोड़कर समस्त जिलों में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत इस समय प्रदेश में 4,116 बुखार इलाज डिपो, 6,068 औषधी वितरण केन्द्र तथा 93 मलेरिया उपचारालय कार्य कर रहे हैं। वर्ष 1985 में (माह अक्तूबर तक) 6,39,703 रक्त स्लाईडें एकत्र की गई। 5,62,238 स्लाइडों की जांच की गई और उनमें से 32,368 अनुकूल पाई गई है।

3. **राष्ट्रीय कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम :**—कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम प्रदेश में 6 कुष्ठ चिकित्सालयों, 76 परिणाह (सीमा) क्लीनिक, 15 सर्वेक्षण तथा शिक्षा उपचार केन्द्रों द्वारा जिनमें 187 रोगियों को अन्तरंग चिकित्सा प्रदान की क्षमता है कार्यान्वित किया जा रहा है। इन संस्थाओं के अतिरिक्त इन्दिरा गांधी मैडिकल कालेज शिमला से सम्बन्धित एक 20 बिस्तरों वाला अस्थायी वार्ड तथा एक पूर्ण निर्माण योग्य शल्य इकाई कार्यरत है। दो स्वयं सेवी संस्थाएं जो स्पाटू तथा पालमपुर में स्थित हैं इस बीमारी के रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

वर्ष 1985-86 में (नवम्बर 1985 तक) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 184 नए रोगियों का पता लगाया गया जबकि लक्ष्य 1,060 का था और 300 लक्ष्य के अन्तर्गत 159 मामले समाप्त किए गए।

4. **एस.टी.डी. नियन्त्रण कार्यक्रम :**—राज्य में एस. टी. डी. के उपचार के लिए 72 एस.टी.डी. संस्थाएं हैं इनमें से अधिकतर संस्थाएं ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों में स्थित हैं। लगातार एस. टी. डी. नियन्त्रण काय के परिणामस्वरूप सिरोपाजिटिविटि दर जो वर्ष 1952 में 37.4 प्रतिशत थी वर्ष 1985 में (नवम्बर तक) घटकर 1.07 प्रतिशत रह गई। माह नवम्बर, 1985 तक 64,304 ब्लड एस.टी.एस. मामलों की जांच की गई जिनमें से 690 अनुकूल पाए गए।

5. **राष्ट्रीय क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम :**—राष्ट्रीय क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम में 2 क्षयरोग चिकित्सालय, 11 जिला क्षय रोग क्लीनिक, 6 क्षयरोग उपक्लीनिक तथा एक सर्वेक्षण एवं अधिवास उपचार केन्द्र जिनमें 713 बिस्तरों का प्रावधान है, के माध्यम से चलाया जा रहा है। वर्ष 1985-86 में नवम्बर, 85 तक 9,058 नये रोगियों का पता लगाया गया जबकि लक्ष्य 14,000 का था।

6. **बी.सी.जी. कार्यक्रम :**—बी. सी. जी. के टीके लगाने का कार्य क्षय रोग से बचाव की एक प्रभावशाली विधि है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1985–86 में 1,00,000 टीके लगाने का लक्ष्य है और माह नवम्बर, 85 तक 65,395 टीके लगाए गए।

7. **राष्ट्रीय अन्धेपन से बचाने का कार्यक्रम :**—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दो चालेष्णु इकाइयां राज्य को सौंपी गई हैं और इनको धर्मशाला तथा बिलासपुर में रखा गया है। वर्ष 1985-86 के 8,000 के लक्ष्य की तुलना में नवम्बर, 1985 तक 3,368 मोतिया बिन्द के आप्रेशन किए गये।

8. **परिवार कल्याण कार्यक्रम :**—परिवार कल्याण कार्यक्रम जिस का मुख्य उद्देश्य लोगों को छोटे परिवार को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। राज्य में स्वेच्छा के आधार पर चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 के लक्ष्य तथा माह दिसम्बर, 85 तक उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है:—

मद	लक्ष्य	उपलब्धियाँ
बन्ध्यकरण	38,000	15,485
लूप निवेश	21,000	16,315
गर्भ अवरोध प्रयोगकर्ता	23,000	29,626
ओरल गोलियां प्रयोगकर्ता	9,000	4,074

9. **मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं :**—यह कार्यक्रम जिसका मुख्य उद्देश्य सम्भावित माताओं तथा बच्चों के स्वास्थय में सुधार लाना हैं परिवार कल्याण कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग हैं। वर्ष 1985-86 के लिए लक्ष्य तथा माह नवम्बर, 1985 तक उपलब्धियां इस प्रकार हैं:—36,580 माताओं को टी. टी. (लक्ष्य का 37 प्रतिशत), 57,556 बच्चों (58 प्रतिशत) को डी. पी. टी., 81,462 (81 प्रतिशत) को डी. टी., 42,718 (43 प्रतिशत) को पोलियो, 40,375 (40 प्रतिशत) को टाईफाइड और 65,395 (65 प्रतिशत) को बी. सी. जी. के टीके लगाए गये। आहार सम्बन्धी कमजोरी से छुटकारा पाने के लिए 1,64,037 माताओं (लक्ष्य का 164 प्रतिशत) और 1,32,694 बच्चों (133 प्रतिशत) का उपचार किया गया।

10. **स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम :**— यह कार्यक्रम सभी एलापैथिक संस्थाओं के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल के बच्चों का चिकित्सा परीक्षण और रोगग्रस्त बच्चों का उपचार

किया जाता है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत डी. टी. टाइफाइड तथा टी. टी. के टीके लगाए जाते हैं। वर्ष 1985 में माह अगस्त तक 75,555 बच्चों का निरीक्षण किया और उन में से 32,463 रोगग्रस्त पाए गए ।

11. **दवाइयां :**—वर्ष 1985-86 में दवाइयां खरीदने के लिए आयुर्विज्ञान कालेज को छोड़कर 2.59 करोड़ रुपये का प्रावधान है ।

वर्ष 1986-87 के लिए योजना :— विभिन्न राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य तथा अन्य कार्यक्रमों को जारी रखने के साथ-साथ चिकित्सालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों तथा औषधालयों को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 70 उपकेन्द्र स्थापित किए जाएंगे ।

7.5 आयुर्वेद

वर्ष 1985 के दौरान आयुर्वेद विभाग में पांच चिकित्सालय, 430 औषधालय तथा 10 बिस्तरों वाले 6 कक्ष जिला सिविल अस्पतालों के साथ कार्यरत रहे जिनमें 456 अन्तरंग तथा आपात-कालीन रोगियों के लिए बिस्तरों की व्यवस्था है।

उपरोक्त के अतिरिक्त दो आयुर्वेदिक फार्मेसियां, एक जिला सिरमौर के माजरा नामक स्थान पर तथा दूसरी जिला मण्डी के जोगिन्द्र नगर नामक स्थान पर औषधि उत्पादन तथा बहिवर्ती संस्थानों को दवाइयां भेजने के प्रबन्ध में कार्यरत है । भारतीय चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान के लिए एक अनुसंधान संस्थान जिला मण्डी में जोगिन्द्र नगर नामक स्थान में कार्यरत हैं । इस विभाग के अनुसंधान संस्थान एवं आयुर्वेदिक फार्मेसी शाखा के कार्य को ठीक दिशा में लाने हेतु निदेशक आयुर्वेदा (तकनीकी) के पद का सृजन किया गया है और निदेशक की नियुक्ति कर दी गई है । आयुर्वेद में शिक्षा हेतु जिला कांगड़ा में पपरोला नामक स्थान पर वर्ष 1978 से एक राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चल रहा है जिसमें प्रति वर्ष 20 छात्रों को बी. ए. एम. एस. के पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। इस विद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 266 विद्यार्थी हैं । महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए एक पुस्तक अधिकोष की स्थापना भी की गई हैं और इसके लिए 60 हजार रुपये की पाठ्य पुस्तकें खरीदी गई हैं। इस वर्ष के दौरान महाविद्यालय के अन्तरंग अस्पताल ने भी ठीक प्रकार से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है।

इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय आयुर्वेद चिकित्सालय, शिमला तथा राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पपरोला में पंचकर्म चिकित्सा प्रारम्भ करने की योजना है । इस प्रकार की चिकित्सा देश के इस भाग में उपलब्ध नहीं है और इस चिकित्सा के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित कराया जा रहा है ।

तिब्बती चिकित्सा प्रणाली के अन्तर्गत मनाली में भोट चिकित्सा पद्धति के अनुसार भी चिकित्सा प्रदान की जा रही है । आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति के व्यवसायों को पंजीकरण के लिए एक बोर्ड भी कार्यरत है ।

आयुर्वेद विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों से भी सम्बन्धित है जैसे राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम इत्यादि । सामान्य स्वास्थ्य विभाग के कई उपकेन्द्र आयुर्वेद औषधालयों में स्थित हैं जहां प्रसूतावस्था तथा बाल स्वास्थ्य की देखभाल व चिकित्सा प्रदान की जा रही है । राजकीय औषधालयों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी परिवार कल्याण कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेते हैं तथा पात्र दम्पत्तियों को नियोजित परिवार के लिए प्रेरणा देने, परिवार कल्याण शिविरों का आयोजन करने, आदि में लगे हैं।

7.6 होम्योपैथी

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को सही रूप से चलाने के लिए वर्ष 1981 के दौरान हिमाचल प्रदेश होम्योपथिक प्रैक्टिशनर्ज एक्ट 1979 (1980 का एक्ट नं. 3) के प्रावधान के अनुसार प्रथम होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की कौंउसिल चालू की हैं ।

7.7 आयुर्विज्ञान महाविद्यालय

वर्ष 1985-86 के दौरान हिमाचल प्रदेश आयुर्विज्ञान महा-विद्यालय में 65 विद्यार्थियों की क्षमता रही । यह विद्यालय हिमाचल प्रदेश विश्व-विद्यालय से सम्बद्ध हैं। अध्ययन तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश राजकीय इन्दिरा गांधी अस्पताल तथा कमला नेहरू अस्पताल इससे सम्बद्ध हैं । प्रदेश में इस महाविद्यालय के खुलने से औषधी, शल्य क्रिया, स्त्री रोग व प्रसूती तन्त्र विज्ञान, एवं रति रोग विज्ञान, दन्त चिकित्सा, आंख-नाक गला, चिकित्सा विकृशा-विज्ञान, जीव भौतिक, इत्यादि में आम जनता को विशिष्ट सेवाएं सुलभ हैं । 31 दिसम्बर, 1985 तक की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :—

1. **विद्यार्थी :**— इस वर्ष के दौरान 65 विद्यार्थियों ने एम.बी.बी. एस. की परीक्षा पास की तथा 324 विद्यार्थी महाविद्यालय में नामांकित हैं इसके अतिरिक्त 65 विद्यार्थी इन्टरशिप तथा 53 विद्यार्थी हाऊस जौब प्रशिक्षण पा रहे हैं ।

2. **स्नातकोत्तर उपाधि तथा पत्रोपाधि पाठ्यक्रम :**— चौदह विभागों में उपाधि पाठ्यक्रम तथा 8 विभागों में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम आरम्भ किये गए हैं जिसमें कि 20 उपाधि तथा 18 पत्रोपाधि विद्यार्थियों की क्षमता है। उपाधि और पत्रोपाधि पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 14 है। इस वर्ष 16 छात्र स्नातकोत्तर उपाधि तथा 12 छात्र पत्रोपाधि पाठ्यक्रम पढ़ रहे हैं।

3. **अन्य प्रशिक्षण :**—इस महाविद्यालय में प्रदेश में अस्पतालों तथा औषधालयों की जरूरतें पूरी करने के लिए परिचारिकाओं, क्ष—रश्मि चित्रकों तथा चाक्षु सहायकों तथा प्रयोगशाला तकनीकियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इस समय 15 रश्मिचित्रकों, 43 चाक्षु सहायक व 29 प्रयोगशाला तकनीकियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

4. विशेष सेवाएं :—इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय उन महाविद्यालयों में से एक है जिन के पास फाईबर औपटिक ऐंडोसकोपी उपकरण हैं, संवृत्त हृदय शल्य चिकित्सा की जाती है तथा परिवार कल्याण योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए लैपरोसकोपिक उपकरण अपनाया गया है ।

5. आपातकालीन सेवाएं :— रोगियों की भलाई के लिए हर समय अपघात तथा "कार्डियक केयर यूनिट" सेवाएं प्रदान की जाती हैं । प्रयोग शाला तथा रक्तकोष सेवाएं भी हर समय उपलब्ध होती हैं ।

6. विश्व स्वास्थ्य संगठन/राष्ट्र मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम:—इस संस्थान के अधिकारियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन/राष्ट्रमण्डल कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है । ऐसे प्रशिक्षण अध्ययन रोगियों की देखरेख को सुधारने में लाभदायक सिद्ध हुए हैं ।

7. शिविर :— महाविद्यालय ने केन्द्रीय सरकार द्वारा आयोजित योजना अन्धेपन पर नियन्त्रण पाने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत सुन्दरनगर तथा करसोग-(जिला मण्डी), गोंदपुर (जिला ऊना), तथा नालागढ़ (जिला सोलन) में आंखों के उपचार के शिविरों का आयोजन किया जिनमें 14,914 रोगियों का परीक्षण किया गया, 676 आंखों के तथा 225 अन्य आप्रेशन किए गए ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त निवारक तथा सामाजिक आयुर्विज्ञान विभाग ने दूर दराज क्षेत्रों में विभिन्न छोटे एवम् बड़े शिविर आयोजित किए जिनमें 7,523 रोगियों तथा 2,133 स्कूल के बच्चों का परीक्षण किया ।

8. पोस्टमार्टम कार्यक्रम :—आयुर्विज्ञान महाविद्यालय केन्द्रीय सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पोस्टपार्टम कार्यक्रम में भी भाग ले रहा है । वर्ष 1985–86 के दौरान 955 बड़े व 2,933 छोटे ओ. बी. जी. आप्रेशन, 151 बड़े व 1,128 छोटे आप्रेशन तथा 671 टयूबैकटोमी आप्रेशन किए गए ।

9. निर्माण कार्यक्रम :—आयुर्विज्ञान महाविद्यालय तथा इससे सम्बन्धित अस्पताल के विभिन्न भवनों का निर्माण जारी है। कोबालट यूनिट भी जनसाधारण को 1986-87 के दौरान उपलब्ध हो जाएगा।

वर्ष 1986–87 के लिए योजना :— वर्ष 1986-87 के दौरान निम्नलिखित कार्य क्रम के कार्यन्वयन का प्रस्ताव है :—

1. एम. बी. बी. एस. के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में 65 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा । स्नातकोत्तर प्रशिक्षण तथा पाठ्यक्रम विभिन्न विशेषताओं में भी चालू रहेंगे।

2. केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित "अन्धेपन पर नियन्त्रण पाने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम" भी शुरू रहेगा ।

3. मुख्य भवन निमाण के अतिरिक्त निम्नलिखित निर्माण कार्य भी शुरू किए जाएंगे :—

(क) 10 बिस्तरों वाला पोस्टपार्टम वार्ड का निर्माण

(ख) नए विशेष तथा शिशु वार्ड का निर्माण

(ग) प्रशासकीय/बहिरंग रोगी खण्ड का निर्माण

(घ) अन्य आवश्यक निर्माण कार्य भी किए जाएंगे ताकि कुछ विभागों के आवास के लिए जो कमियां महसूस की जा रही हैं पूरी की जा सकें ।

7.8 आवास

हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड का गठन सन 1972 में प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मकान बनाने, रिहायशी प्लाट विकसित करने तथा विभिन्न आवास योजनाओं को कार्यान्वित करने के लक्ष्य से किया गया था । वर्ष 1985–86 में बोर्ड ने विभिन्न योजनाओं को निम्न तरीके से कार्यान्वियन किया :—

1. सामाजिक आवास योजना :— हि. प्र. आवास बोर्ड ने शिमला, सोलन, परवाणु, नाहन, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मण्डी, पालमपुर, तथा धर्मशाला में सामाजिक आवास क्लोनियां स्थापित की हैं। इन में वर्ष 1984–85 तक 1,401 मकान तथा 931 प्लाट का निर्माण हो चुका था । वर्ष 1985–86 में 226 इकाइयों के पूर्ण किए जाने की आशा है।

2. स्वतः वित्तदायी योजनाएं :— इस योजना के अन्तर्गत आवास बोर्ड शिमला तथा परवाणु में मकान/फ्लैट बना रहा है । वर्ष 1984–85 तक ऐसी 330 इकाइयां पूर्ण हो चुकी थीं । वर्ष 1985–86 के दौरान 120 इकाइयां पूर्ण करने का लक्ष्य है ।

3. किराया आवास योजना :—हि. प्र. आवास बोर्ड इस योजना के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के लिए मकान निर्माण हेतु दो योजनाएं चला रहा है। वर्ष 1984–85 तक पुलिस किराया आवास योजना के अन्तर्गत शिमला, सोलन, परवाणु, नाहन, बिलासपुर, कुल्लू, हमीरपुर, पालमपुर, धर्मशाला स्कोह (धर्म शाला) तथा चम्बा में 228 ईकाइयों का निर्माण हो चुका है । इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1985–86 में 45 इकाइयों को पूर्ण करने का लक्ष्य है । सरकारी किराया आवास योजना के अन्तर्गत वर्ष 1984–85 तक शिमला, सोलन, नाहन, ऊना, मण्डी, हमीरपुर तथा धर्म शाला में 308 इकाइयों का कार्य पूर्ण हो चुका था । वर्ष 1985–86 के लिए 16 इकाइयां पूर्ण करने का लक्ष्य है ।

4. प्रयोगात्मक आवास योजनाएं :—आवास बोर्ड भारतीय सरकार के "राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन" की प्रयोगात्मक आवास योजना के अन्तर्गत परवाणु में 48 एल. आई. जी. फ्लैटों का निर्माण कर रहा है । वर्ष 1984–85 के अन्त तक 24 फलैटों का कार्य पूर्ण हो चुका था तथा बाकी के 24 फ्लैटों के निर्माण का कार्य वर्ष 1985–86 के दौरान पूरा हो चुका है ।

5. डिपोजिट कार्य :—आवास बोर्ड विभिन्न संस्थाओं के लिए निर्माण कार्य कर रहा है । होटल होलीडे होम, शिमला, होटल शिवालिक, परवाणु, शिमला तथा हमीरपुर में बचत भवनों के महत्वपूर्ण निर्माण कार्य आवास बोर्ड ने पूर्ण किए हैं । वर्ष 1985–86 में बचत भवन, ऊना तथा हि. प्र. लोक प्रशासन संस्थान और केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थाओं के कई दूसरे निर्माण के कार्य चालू है ।

6. परवाणु में औद्योगिक प्लाटों का निर्माण :— आवास बोर्ड परवाणु में 234 औद्योगिक प्लाटों का निर्माण कर चुका है तथा ये प्लाट राज्य सरकार के उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न उद्योगपतियों को उद्योग स्थापित करने हेतु आबंटित किये गये हैं।

7. वाणिज्यिक योजनाएं :— वर्ष 1985–86 के दौरान आवास बोर्ड वाणिज्यिक योजनाओं के अन्तर्गत भट्टाकुफर (शिमला) में वर्कशाप–कम–शापिंग कम्पलैक्स, जिला शिमला में ढली में नियमित मण्डी तथा मण्डी में संयुक्त आफिस कम्पलैक्स का निर्माण कार्य आरम्भ करने जा रहा है।

आवास बोर्ड द्वारा किए गए सर्वेक्षण के दौरान जनसाधारण की मांग को देखते हुए (संजोली) शिमला, सोलन, नाहन, ऊना हमीरपुर, बिलासपुर, मण्डी तथा धर्मशाला में वर्तमान कलोनियां का विस्तार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सुन्दरनगर तथा कांगड़ा में नई क्लोनियां निर्माण करने का भी प्रस्ताव है।

7.9 पेय जल योजना

मार्च, 1985 तक प्रदेश के 16,916 ग्रामों में से ग्रामीण क्षेत्रों में 26.23 लाख की जनसंख्या (1971 जनगणना) के 12,743 ग्रामों को इस योजना के अन्तर्गत लाया गया। इनमें से 8,319 ग्रामों में पेयजल की भारी समस्या है तथा 4,424 ग्रामों में सुगमता से पहुँचाया गया। वर्ष 1984-85 में 770.57 लाख रुपए राज्य क्षेत्र तथा यूरोपीयन आर्थिक समुदाय के कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान किए गए। 629 लाख रुपए की सहायता भारत सरकार द्वारा ए. आर.पी. के अन्तर्गत भी की गई। दयोठ सिद्ध ग्राम समूह की पेयजल योजना जिसमें रायल डच सरकार की वित्तीय सहायता है के लिए 75 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। जनवरी, 1986 तक 405 ग्रामों को पेयजल सुविधा प्रदान की गई थी।

शहरी पेयजल योजना :—वर्ष 1985–86 में 95 लाख रुपए की राशि विभिन्न पेय जल योजनाओं पर व्यय की जाने की आशा है

मल प्रवाह पद्धति :—वर्ष 1985–86 में 40 लाख रूपए की राशि मल प्रवाह योजनाओं में प्रदान की गई जिसमें 16 योजनाएं निर्माणाधीन हैं।

7.10 पिछड़े वर्गों का कल्याण

कल्याण विभाग–समाज के कमजोर वर्गों एवं पिछड़ी जातियों जिनमें अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जन जातियां तथा पिछड़ वर्ग, स्त्रियां और शिशु भी सम्मिलित हैं के कल्याण-कार्य की देखरेख करता है। इन लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने तथा सामाजिक उत्थान के लिए निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत विकास कार्य किए जा रहे हैं :—

1. पिछड़े वर्गो का कल्याण,
2. समाज कल्याण;
3. विशेष पोषाहार कार्य क्रम, तथा
4. आई. सी. डी. एस. परियोजना।

पिछड़े वर्गों का कल्याण :—अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों तथा पिछड़े वर्गों के छात्रों को पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्तियां तथा तकनीकी छात्रवृत्तियां उनके सामान्य तथा तकनीकी शिक्षा स्तर को बढ़ाने के लिए दी जाती है। पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्तियों के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर कक्षाओं के छात्रों को क्रमश: 8 रुपए 12 रुपए तथा 15 रुपए प्रति छात्र प्रति मास छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च/उच्चतर कक्षाओं के अनुसूचित जातियों/जन जातियों के छात्रों को पुस्तक तथा स्लेट इत्यादि खरीदने के लिए क्रमश: 30 रुपए, 50 रुपए और 80 रुपए प्रति छात्र प्रति वर्ष अनुदान के रूप में दिए जाते हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण पाने वाले छात्रों को 100 रुपए प्रति मास शिक्षार्थि प्रति तकनीकी छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। जो छात्र विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से विभिन्न व्यवसायों में उत्तीर्ण होते हैं तथा जो अन्य औद्योगिक केन्द्रों से प्रशिक्षण पाते हैं उन्हें औजार तथा उपकरण खरीदने के लिए 300 रुपए तक की सहायता दी जाती है।

अनुसूचित जातियों/जनजातियों के रहन सहन की स्थिति सुधारने के लिए सरकार अधिक वर्षीले क्षेत्रों में 5,000 रुपए प्रति परिवार आवास अनुदान के रूप में तथा घरों के निर्माण के लिए प्रति परिवार 4,000 रुपए तक देती है। इस से आधी धनराशि मुरम्मत के लिए दी जाती है। इसके अतिरिक्त सरकार अन्तर्जातीय विवाहों, को प्रोत्साहन करने के लिए पुरस्कार देती है। ऐसे विवाहों को बढ़ावा देने के लिए पारितोषिक की राशि 3,000 रुपए से बढ़ा कर 5,000 रुपए प्रति दम्पत्ति कर दी है।

प्रदेश में अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए अनुसूचित जाति विकास निगम की स्थापना की गई हैं। निगम बैंकों की सहायता से विभिन्न कार्य क्रम चलाता है।

वर्ष 1986–87 के लिए योजना :— वर्ष 1985–86 में चलाए जा रहे सभी कार्यक्रम वर्ष 1986–87 में भी चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त वर्ष 1986–87 में निम्नलिखित दो नई योजनाएं चलाने का प्रावधान है :—

1. अनुसूचित जाति परिवार जो क्रूरता के शिकार हों उन्हें सहायता देना,
2. आशुलिपि तथा टंकण में प्रवीणता—इस योजना के अन्तर्गत विभाग अपने विभिन्न क्षेतिय कार्यालयों में अनुसूचित जन जाति के 10 प्रशिक्षाणार्थियों को टंकण तथा आशुलिपि में प्रवीण करने का प्रस्ताव है। इनको 200 रुपए प्रति मास की दर से एक वर्ष तक या जब तक उन्हें उचित नियुक्ति प्राप्त न हो छात्रवृत्ति दी जाएगी।

वर्ष 1986–87 में 25 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने के लिए 0.50 लाख रुपए व्यय करने का प्रावधान है।

7.11 समाज तथा स्त्री कल्याण

समाज कल्याण कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों जैसे निराश्रित, निर्बल, शारीरिक एंव मानसिक रूप से अपंग लोगों का कल्याण करना है। उनकी सामाजिक अन्याय से सुरक्षा करने तथा सभी प्रकार के शोषकों से बचाने के लिए सरकार ने बाल वालिका आश्रम, निराश्रित गृह, सामुदायिक केन्द्र खोल रखे है। वर्ष 1985–86 के कार्यक्रमों की प्रगति का ब्योरा निम्नलिखित है :—

1. **वृद्धावस्था पेंशन :—** सरकार राज्य में 49,249 व्यक्तियों को 50 रुपए प्रति मास की दर से वृद्धावस्था पैन्शन दे रही है। 60 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रित को जिन्हें पालने वाला कोई भी नहीं, पेंन्शन दी जाती है। अपंग व्यक्तियों के लिए आयु की ऐसी कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। पेंन्शन सरकारी खर्च पर मनिआर्डर द्वारा त्रैमासिक भेजी जाती है।

2. **विधवाओं के लिए पेंशन :—** वृद्धावस्था पेंन्शन की तरह सरकार विधवाओं को भी पेंन्शन देती है। इस योजना के अन्तर्गत 14,265 विधवाओं को पेन्शन दी गई हैं। विधवाओं के लिए आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

3. **कार्यरत महिलाओं के लिए आवास :—** नगरों में कार्यरत महिलाओं को आवास की सुविधा सुलभ कराने के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार ने 11 कार्यरत महिला आवास गृहों के निर्माण की स्वीकृति दी है जो स्वंय सेवी संगठनों तथा स्थानीय निकायों द्वारा निर्मित किए जाएंगे। निर्माण का 75 प्रतिशत खर्च केन्द्र अनुदान के रूप में देगा तथा शेष 25 प्रतिशत राज्य सरकार स्वंय सेवी संगठनों तथा स्थानीय निकायों के स्थान पर उपलब्ध करायेगी। वर्ष 1986–87 में एक नए आवास गृह के निर्माण का प्रस्ताव है।

4. **स्टेट होम :—**निराश्रित स्त्रियों और लावारिस लड़कियों के लिए सरकार पांच स्टेट होम चम्बा, कांगड़ा, मण्डी, शिमला तथा कल्पा में चला रही है। इन गृहों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा प्रवास की सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कटाई, सिलाई तथा कढ़ाई में प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि ऐसे आवास को छोड़ने के उपरान्त वे अपनी रोजी रोटी कमा सके। ऐसी स्त्रियों के पुनर्वास के लिए 1,000 रुपए प्रति स्त्री तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। ऐसे सदनों में रहने वाली महिलाओं के पुनर्वास को सुगम बनाने हेतु प्रशिक्षण में फेर बदल लाया जा रहा है। ठीक महिलाओं के मामलों में 2,500 रुपए तक वैवाहिक अनुदान भी दिया जाता है।

5. **बाल बालिका आश्रम :—**निराश्रित बच्चों तथा अनाथों के लिए सरकार ने कल्पा, सराहन, सुनी, मशोबरा, टूटीकण्डी (शिमला), सुन्दरनगर, सुजानपुर, कुल्लू, भरमौर और परागपुर में बाल/बालिका आश्रम खोले है। इन आश्रमों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा प्रवास के अतिरिक्त मैट्रिक तक शिक्षा दी जाती है।

6. **बच्चों के गृह/विशेष स्कूल :—** निराश्रित तथा उपेक्षित बच्चों के लिए हिमाचल प्रदेश चिलडरन एक्ट, 1979 की धाराओं के अन्तर्गत सुन्दरनगर में एक औबजरवेशन होम-कम चिलडरन होम की स्थापना की गई है। इन बच्चों को निशुल्क आवास तथा प्रवास की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त ऊना जिले में हरोली में एक विशेष स्कूल खोला गया है जिसमें 16 वर्ष तक के अपराधी लड़कों तथा 18 वर्ष तक की अपराधी लड़कियों को प्रवेश दिया जाता है। यह स्कूल इसलिए स्थापित किया गया ताकि अपराधी बच्चे जेलों के बड़े अपराधियों के साथ न मिल जाए। इस समय बच्चों के लिए केवल एक न्यायालय ऊना में कार्यरत है परन्तु वर्ष 1986–87 में ऐसे और न्यायालय स्थापित करने की संभावना हैं।

7. **आई. सी. डी. एस. कार्यालय :—**वर्ष 1983-84 तक प्रदेश में 12 आई. सी. डी. एस. परियोजनाएं कार्यरत थी। वर्ष 1985-86 में ऐसी 3 और परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। ये परियोजनाएं बच्चों तथा गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं के लिए पौषाहार तथा स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्थापित की गई हैं।

उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त, वर्ष 1985-86 में प्रदेश में 23 विभागीय सामुदायिक केंन्द्र कार्य कर रहे हैं। कुछ योजनाएं स्वंय सेवी संस्थाओं द्वारा सहाय अनुदान से चलाई जा रही है।

वर्ष 1986–87 के लिए योजना :— वर्ष 1985-86 में चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों के अतिरिक्त वर्ष 1986-87 में निम्नलिखित 2 नए कार्य चलाने का प्रस्ताव है :—

1. **फोस्टर केयर सर्विस :—** वर्ष 1986-87 में शारीरिक, मानसिक तथा भावमय देखभाल और विकास के लिये विकास तथा निराश्रित अनाथ तथा असम्बन्धित बच्चों को सामान्य परिवार जैसी स्थिति बनाने के लिए फोस्टर केयर सर्विस योजना चलाने का प्रावधान है। इस योजना के अन्तर्गत 16 वर्ष तक के बच्चों को सामान्य परिवारों के साथ मिलाया जाएगा जो उन्हें अपने बच्चों की तरह पाल सकें।

2. **विकलांगों के लिए प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र :—**वर्ष 1986-87 में विकंलागों को कुर्सियों की बुनाई, मोमबत्तियां बनाने तथा सिलाई इत्यादि में प्रशिक्षण देने के लिए एक प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र की स्थापना करने की योजना है।

7.12 पौषाहार कार्यक्रम

सामाजिक तथा स्त्री कल्याण विभाग द्वारा चलाए गए विशेष पौषाहार कार्यक्रम का उद्देश्य 6 वर्ष तक की आयु वर्ष के बच्चों, गर्भवती स्त्रियों तथा दूध पिलाने वाली माताओं को अनुपूरक पौष्टिक आहार प्रदान करना है। वर्ष 1986-87 के लिए इस योजना के अन्तर्गत 133.75 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है, जिससे प्रदेश के 1,683 केन्द्रों से 67,055 बच्चों और 12,965 गर्भवती स्त्रियों तथा दूध पिलाने वाली माताओं को लाभ पहुंचेगा। पौष्टिक आहार की प्रति इकाई लागत 1-10-85 से 25 पैसे से बढ़ा कर 50 पैसे प्रति दिन प्रति बच्चा तथा 50 पैसे से बढ़ा कर 80 पैसे प्रति दिन प्रति माता कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त ग्रामीण एकीकरण विकास विभाग भी व्यवहारिक पौषाहार कार्यक्रम चला रहा है। यह कार्यक्रम मूलतः शैक्षणिक है, जिस का उद्देश्य ग्रामीण लोगों के खानपान की आदत में परिवर्तन लाना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यतः कुक्कुट इकाइयां स्थापित करना, घर आंगन में सब्जी उगाना तथा कमजोर वर्ग के बच्चों तथा गर्भवर्ती स्त्रियों और दूध पिलाने वाली माताओं को पौष्टिक आहार कराना सम्मिलित हैं।

7.13 रोजगार तथा श्रम कल्याण

श्रम तथा रोजगार विभाग वर्तमान श्रम शक्ति तथा इसमें हुई बढ़ौतरी का लेखा रखता है। जन शक्ति की मांग व पूर्ति, रोजगार संस्थाओं, व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा रोजगार संबंधी सूचना के माध्यम से व्यवस्थित की जाती है। इस विभाग का दूसरा मुख्य कार्य श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करना है जो विभाग श्रम कल्याण के विभिन्न कानूनों के प्रभावशाली ढंग से अमल में लाकर सुनिश्चित करता है। विभाग की कार्य प्रणाली का ब्योरा नीचे दिया गया है :—

क. जन शक्ति तथा रोजगार योजनाएं

इस योजना के अधीन श्रमिकों को निम्न प्रकार से सहायता की जाती है (1) विभिन्न योग्यताओं तथा अनुभव के अनुसार रोजगार चाहने वालों को उपयुक्त रोजगार प्राप्त करवाना, (2) फालतू तथा निकाले गए कर्मचारियों तथा श्रमिकों को वैकल्पिक रोजगार दिलाना, (3) मालिकों को उपयुक्त श्रमिक भेजना (4) रोजगार संबंधी अवसरों तथा प्रशिक्षण संबंधी सूचनाएं एकत्र करना तथा (5) युवक और रोजगार चाहने वालों को नए रोजगार की आवश्यकता के अनुसार अपने व्यवसाय को बदलना आदि। प्रदेश में रोजगार संबंधित सहायता/सूचना प्रदान करने के लिये रोजगार सहायता/सूचना केन्द्र प्रदेश के कई प्रशासनिक इकाईयों तथा महत्वीय संस्थानों में स्थापित किए गए हैं।

रोजगार स्थिति :— अक्तूबर 1985 तक प्रदेश में रोजगार की सामान्य स्थिति की यदि पिछले वर्ष से तुलना की जाए तो यह प्रकट होता है कि चालू पंजीका में 28.8 प्रतिशत की बढ़ौतरी हुई जबकि प्रदेश के रोजगार कार्यालयों द्वारा विभिन्न रिक्तियों के अन्तर्गत सम्प्रेषण 15.95 प्रतिशत घटा। रोजगार चाहने वालों की संख्या में वृद्धि का मुख्य कारण नई नवीकरण पद्धित है। सम्प्रेषण घटने का मुख्य कारण हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा साक्षात्कार नहीं करवाना है। पंजीकरण तथा अधिसूचित व्यक्तियों में अधिक परिवर्तन नहीं हुआ जबकि रोजगार प्राप्त करने वालों की संख्या में 19.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

एक जनवरी, 1985 से 30 नवम्बर, 1985 तक की अवधि में 68,685 प्राथियों को पंजीकृत किया गया तथा 6,449 प्राथियों को रोजगार प्रदान करवाया गया। 10,147 रिक्तियों को अधिसूचित किया गया। 30 नवम्बर, 1985 तक सभी रोजगार कार्यालयों में 3,12,916 प्रत्याशी चालू रजिस्टर में थे।

इस अवधि में 543 पद जो भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित थे अधिसूचित किये गए तथा 531 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 2 आश्रितों को भी गैर आरक्षित पदों पर लगाया गया। 30-11-1985 तक 16,588 भूतपूर्व सैनिक चालू रजिस्टर पर थे।

30-11-1985 को 2,286 शारीरिक रूप से अपंग चालू रजिस्टर पर थे, 422 शारीरिक रूप से अपंग पंजीकृत थे 38 को नौकरियां दी गई और 13 को 1-1-1985 से 30-11-1985 की अवधि में प्रशिक्षण हेतु, बी. आर. टी. सी. सुन्दरनगर में प्रवेश करवाया गया। इसके अतिरिक्त रोजगार बाजार सूचना एकत्रित की जाती रही तथा उपभोक्ताओं को दी जाती रही। व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा रोजगार मन्त्रणा सेवा द्वारा रोजगार मार्गदर्शक सूचनाएं भी दी जाती रही।

ख. श्रम कल्याण योजनाएं

श्रम संगठन श्रम कल्याण योजनाओं को सुचारू रूप से कार्यान्वित करवाने को सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त उत्पादन तथा उत्पादकता को बढ़ाने के लिए श्रम संगठन श्रमिकों को प्रबन्ध में भाग लेने की योजना के अन्तर्गत श्रमिकों में अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में बहुत सी श्रम कल्याण योजनाएं संचलित रही, जिनमें से कुछ एक का ब्यौरा निम्न है :—

1. **कर्मचारी राज्य बीमा योजना :—** कर्मचारी बीमा योजना अधिनियम, 1948 कर्मचारियों को बीमारियों के भय, प्रसूति अपंगता और मृत्यु आदि से होने वाले खतरों से सुरक्षित करता है। खानों और रेलवे शैड्स को छोड़कर पूरे वर्ष चलने वाले कारखानों, जिनमें 20 या अधिक लोग काम करते हों और शक्ति का प्रयोग करते हों। ऐसे श्रमिक जिनका मासिक वेतन 1,600 रुपए से अधिक न हो इस अधिनियम के अन्तर्गत आते हैं। यह योजना मूलतः कर्मचारियों तथा मालिकों के अंशदान से चलाई जाती है तथा कुल व्यय का 1/8 भाग सरकार देती है।

यह योजना सोलन, परवाणु तथा महतपुर में चालू है। इस समय लगभग 7,100 कर्मचारी इस योजना के अधीन है तथा इस योजना को दूसरे क्षेत्रों तथा कारखानों में भी लागू करने का प्रयास किया जा रहा है।

2. **कर्मचारी भविष्य-निधि एक्ट, 1952 :—** यह योजना उन सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है जो उन कारखानों, प्रतिष्ठानों में काम करते हैं, जिनकों लगे हुए 3 वर्ष पूरे हो गए हैं तथा 50 व इस से अधिक व्यक्ति काम पर हैं अथवा जिनकी स्थापना हुए 5 वर्ष हो गए हैं और 20 से 49 व्यक्ति काम पर हैं। इस समय हिमाचल प्रदेश में इस ऐक्ट के अधीन लगभग 38,458 कर्मचारी आ चुके हैं।

3. **औद्योगिक कर्मकारों तथा आर्थिक रूप से दुर्बल वर्गों के लिए एकीकृत सहाय आवास योजना :—** इस योजना का वर्तमान नाम भूतपूर्व संचालित दो योजनाओं, औद्योगिक श्रमिकों के लिए आवास योजना, 1952 तथा कमजोर वर्ग आवास योजना, 1962 को

मिलाकर दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार राज्य सरकारों को धन उपलब्ध करवाती है तथा राज्य सरकारें अनुमोदित संस्थाओं को आवास संबंधी सुविधाएं प्रदान करने हेतु धन देती है।

4. श्रमिक शिक्षा योजना :– इस केन्द्रीय संचालित योजना का उद्देश्य श्रमिकों को उन परिस्थितियों को सही जानकारी देना है जिन में वे कार्य करते हैं और उन परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए तैयार करना है जो कार्य की विषमता से उत्पन्न होती है। श्रमिकों को यह भी प्रशिक्षण दिया जाता है कि उनको श्रमिकों के अधिक से अधिक लाभ के लिये अपने संघों द्वारा क्या आचरण अपनाना चाहिए। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए श्रमिकों के शिविर परवाणु, महैतपुर, सोलन, हमीरपुर तथा प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों जैसे किन्नौर, तथा तहसील रोहड़ू में चिटगांव आदि स्थानों में लगाए गए।

5. फैक्टरी रोजगार :– फैक्टरी अधिनियम, 1948 उन्हीं संस्थानों से लागू होता है जिनमें 20 या अधिक कर्मकार बिना शक्ति के प्रयोग से या जहां पर 10 या अधिक कर्मकार शक्ति के प्रयोग सहित कार्य कर रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य कर्मकारों के हितों की रक्षा करना, जिनमें उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, कल्याण, व्यस्कों के कार्य करने के घण्टे आदि हैं।

6. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 का लागू करना :-हिमाचल प्रदेश सरकार ने 12 अनुसूचित न्युक्तियों की न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की है। चाय रोपण के जिसमें मजदूरी दर 8 रुपए 40 पैसे प्रतिदिन है के अतिरिक्त सभी 12 अधिसूचित नियुक्तियों में अकुशल कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी 10 रुपए प्रति दिन निर्धारित की गई है। जन-जातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में वर्तमान दरों पर क्रमशः 25 प्रतिशत तथा $12\frac{1}{2}$ प्रतिशत बढ़ौतरी कृषि, सड़क तथा भवन निर्माण तथा मुरम्मत, पत्थर तोड़न तथा पत्थर की बजरी बनाने, तथा वन तथा इमारती लकड़ी के कार्यों में लगे श्रमिकों को स्वीकार की गई है। इसके अतिरिक्त सुरंगों में कार्यरत कर्मकारों की न्यूनतम मजदूरी में भी 20 प्रतिशत को वृद्धि की है। संशोधित दरें 16-8-1984 से लागू हुई है। जबकि अधिसूचना मई, 1985 में जारी हुई थी। वर्ष 1985-86 में सरकार ने न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अन्तर्गत "कागज तथा कागज उत्पत्ति के" व्यवसाय को भी जोड़ा है। कृषि श्रमिकों न्यूनतम वेतन के भुगतान के लिए सभी तहसीलदारों तथा जिला रोजगार अधिकारियों को न्यूनतम वेतन, अधिनियम 1948 के अन्तर्गत निरीक्षक घोषित किया गया जो कि श्रम संगठन के कार्यों के अतिरिक्त है। विभाग इस बात का भी ध्यान रखता है कि सरकार द्वारा निश्चित मजदूरी फैक्टरी कर्मकारों को नियमित रूप से मिलती रहे और मालिकों द्वारा कोई फजूल कटौती न की जाए। विभाग यह भी ध्यान रखता है कि श्रमिकों को ठीक चिकित्सा सुविधांए प्राप्त हो तथा दुर्घटना के समय उन्हें उचित राशि क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाए। 12 सतर्क समितियां जिला स्तरों पर तथा 37 उपमण्डल स्तर में बन्धुआ मजदूरों की शिनाखत तथा उनके पुर्नवास स्थापित की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य तथा जिला स्तर पर छानबीन समिति का गठन भी किया गया है जो कि शिनाख्त हुए बन्धुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजनाओं की सिफारिश करती है।

ग. सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों में रोजगार :– जून, 1985 के अन्त तक प्रदेश में 2,63,234 (2,44,443 सार्वजनिक क्षेत्र, 18,791 निजी क्षेत्र) कर्मचारियों की तुलना में पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,49.911 (2,33,358 सार्वजनिक क्षेत्र, 16,553 निजी क्षेत्र) कर्मचारी कार्यरत थे। सार्वजनिक क्षेत्र में राज्य सरकार के कार्यान्लियों में 71.67 प्रतिशत, केन्द्रीय सरकार के कार्यालियों में 6.86 प्रतिशत, अर्ध सरकारी कार्यालियों, (केन्द्रीय) में 5.58 प्रतिशत, अर्ध सरकारी कार्यालियों (राज्य) में 14.68 प्रतिशत तथा स्थानीय निकायों में 1.22 प्रतिशत कर्मचारी कार्यरत थे।

वर्ष 1986–87 के लिए योजना :– वर्ष 1986-87 में श्रम कल्याण अधिनियम के अन्तर्गत श्रम कल्याण निधि जो विभिन्न कल्याण योजनाओं को धन देगी के गठन का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त 2 श्रम क्षेत्रीय कार्यालियों की स्थापना के अतिरिक्त श्रम नियमों को कारगर ढंग से लागू करने का भी प्रस्ताव है। रोजगार के क्षेत्र में विभाग द्वारा रोजगार की ओर सुविधाएं प्रदान करने/सुधार करने के उद्देश्य से उप-रोजगार कार्यालियों को सुदृढ़ करना व एक व्यावसायिक मार्गदर्शन इकाई की स्थापना करना।

7.14 नगर विकास तथा ग्राम नियोजन

वर्ष 1985-86 के दौरान 12 कस्बे परवाणु, बरोटीवाला, नालागढ़, पौंटा साहिब, नाहन, सराहन, धर्मशाला, पालमपुर, महैतपुर, ऊना, चम्बा और डलहौजी का विकास सरकार के द्वारा अनुमोदनार्थ किया गया था। कुल्लू, मनाली, मण्डी, हमीरपुर, बरोटीवाला, नालागढ़, परवाणु और रिकोंग पिओ कस्बों की विकास योजना की तैयारी का काम प्रगति पर है।

शिमला, मण्डी और हमीरपुर की परिसर योजना की तैयारी प्रगति पर है। पुर्ननिरिक्षण आन्तरिक विकास योजना, शिमला, एक व्यापक विकास योजना है।

इस वर्ष के दौरान पांच हजार, झुगियों में रहने वालो के सुधार का लक्ष्य तय हुआ है (1) शिमला (2) थियोग (3) कोटखाई (4) जुब्बल (5) कांगड़ा (6) भुन्तर (7) अपर सुलतान पुर कुल्लू (8) बिलासपुर (9) सुजानपुर और देहरा गोपीपुर कस्बों का काम प्रगति पर है।

एक परियोजना रिपोर्ट 122 करोड़ रु. की शिमला, मण्डी, कुल्लू-मनाली और धर्मशाला के शहरी विकास के लिए (विश्व बैंक की सहायता से) तैयार हो चुकी है।

7.15 भाषा एवं संस्कृति

भाषा एंव संस्कृति विभाग सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा भाषा एंव संस्कृति के उत्थान में संलग्न है।

हर वर्ष की तरह, 1985-86 के दौरान भी हिन्दी, पहाड़ी, संस्कृत तथा उर्दू दिवस बनाए गए। जिला स्तर पर कालीदास जयंती मनाने के अतिरिक्त अखिल भारतीय लेखक तथा कवि सम्मेलन भी आयोजित

किया गया । हिन्दी भाषा को सरकारी भाषा अपनाने हेतु एक शासकीय भाषा कमेटी बनाई गई । लोक गीतों, लोक गाथाओं, मुहावरों तथा लोकोक्तियों से संबंधित 4,361 पृष्ठों का संकलन किया गया । वर्ष 1985-86 के दौरान "प्रशासनिक शब्द संग्रह" "काव्य धारा भाग-लोकोक्ति संग्रह", "परमार स्मारिका," "कुल्लू दशहरा स्मारिका" तथा "हिमाचल प्रदेश के स्वतन्त्रता सेनानी" (जिसमें कि 1,964 सेनानियों का परिचय छाया चित्रों सहित दिया गया है) नामक पुस्तकों का प्रकाशन हुआ । इसके अतिरिक्त हिन्दी पत्रिका द्विमासिक "विपाशा" तथा त्रैमासिक उर्दू पत्रिका "फिक्रो-फन" भी प्रकाशित हुई ।

इसके अतिरिक्त कला के उत्थान के लिए छायाचित्र, चित्रकला तथा लघुचित्र-कला प्रदर्शनियां, बच्चों व विद्यार्थियों के लिए "आन द स्पाट" चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई । हिमाचल प्रदेश के सांस्कृतिक दलों ने भारत-पैरिस उत्सव, व्यापार मेला, दिल्ली, आयोध्या तथा उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला में भाग लिया । प्रदेश के सांस्कृतिक दल ने "फूल वालों की सैर" में प्रथम स्थान प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त प्रथम नाटक उत्सव जिला और राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता तथा राष्ट्रीय नाट्य स्कूल के सहयोग से एक नाटक आयोजित किया गया ।

वर्ष 1985-86 के दौरान राज्य संग्रहालय, शिमला के लिये 60 कलाकृतियां अर्जित की गई तथा चार प्रकार के रंगीन पोस्टकार्ड तथा एक टांकरी प्रारम्भिक पुस्तिका का प्रकाशन हुआ । वार्षिक कला प्रदर्शनी तथा फोटोग्राफी व चित्रकला प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया गया । वर्ष 1985–86 के दौरान हुए पुरातात्विक सर्वेक्षण में तहसील पांवटा साहिब के 60 महत्वपूर्ण मन्दिर तथा नाहन के 83 मन्दिर पुरातात्विक मानचित्र पर लाए गए । विभिन्न मन्दिरों के छायाचित्रों व सलाइडज का अनुरक्षण किया गया तथा शिमला में स्वर्गीय डा. वाई. एस. परमार की प्रतिमा की भी स्थापना की गई । 3,000 से अधिक फाइलें तथा पुराने रिकार्ड प्राप्त किए तथा राज्य अभिलेखागार में आम जनता के लिए रखा गया हि० कला सांस्कृति तथा भाषा अकादमी में गुलेरी जयन्ती, यशपाल समारोह, पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम तथा लाल चन्द प्रार्थी स्मृति समारोहों के अतिरिक्त विभिन्न राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित की । हिमाचली लेखकों की पुस्तकों पर अकादमी पुरस्कार घोषित किए गए ।

वर्ष 1986–87 के लिए योजना :–

धर्मशाला में कला वीथी को पूरा करने के अतिरिक्त, राज्य व जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता, उर्दू दिवस, नाटक उत्सव विभिन्न प्रदर्शनी, मन्दिर तथा पुराने स्मारकों का पुरातात्विक, सर्वेक्षण, राज्य अभिलेखागार के लिए पुराने अभिलेखों को अर्जित करना, देव तथा युद्ध गाथाओं के प्रकाशन की योजनाएं चालू रखने का कार्यक्रम है ।

7.16 पर्वतारोहण

पर्वतारोहण तथा सम्बद्ध क्रीड़ा विभाग, मनाली देश व विदेश के नवयुवकों व नवयुवतियों को पर्वतारोहण, स्कीइंग, उच्चतुंगीय पदयात्रा, जल क्रीड़ा, चट्टानोरोहण तथा बर्फ की चट्टानों के अभाव पर संक्षिप्त पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण देता है । वर्ष 1985-86 में 7 प्राथमिक तथा विशेष पाठ्यक्रम, 5 अग्रिम पाठ्यक्रम, 12 चट्टानों पर चढ़ने के पाठ्यक्रम, 6 स्कीइंग पाठ्यक्रम, 1 एम. ओ. आई. पाठ्यक्रम, 8 जल क्रीड़ा पाठ्यक्रम, 4 स्कीइंग पाठ्यक्रम, हिमाचली छात्रों को छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत लाया गया ।

इन विभिन्न कार्यों के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 में 206 लड़के व लड़कियों को प्राथमिक पाठ्यक्रम, 37 युवाओं को अग्रिम पाठ्यक्रम, 473 पर्वतारोहियों को पर्वतारोहण के लिए, 17 छात्रों को चट्टानों पर चढ़ने के पाठ्यक्रमों, 171 छात्रों की स्कीइंग पाठ्यक्रमों, 151 युवाओं को जल क्रीड़ा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देने का कार्य किया । इन कार्यों के अतिरिक्त हिमाचल के 100 युवाओं का मनाली, धर्मशाला, डलहौजी तथा नारकण्डा में छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण के लिए स्कीइंग पाठ्यक्रमों का आयोजन किया । 4 व्यक्तियों को अनुदेशों के तरीकों में प्रशिक्षण दिया ।

फरवरी 1985 में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शीतकालीन उत्सव मनाया गया जिसमें लगभग 350 युवाओं ने भाग लिया । सोलंग नाला में लगाई गई स्की लिफ्ट स्की प्रशिक्षार्थियों को स्की पाठ्यक्रम हेतु काम में लाया जाता है ।

विभाग विभिन्न क्लबों से आए विभिन्न अभियान दलों तथा पर्वतारोहियों को पर्वतारोहणी उपकरण किराए पर देता है जिससे सरकार को 1.50 लाख रुपए की आय होती है ।

जनजातीय उप-योजना के अन्तर्गत विभाग ने दो बचाव केन्द्र कोखसर तथा मढ़ी में खोले हैं । ये बचाव केन्द्र सर्दियों में जनजातीय लोगों को रोहतांग दर्रा पार करने में सहायता करते हैं । वर्ष 1985-86 में इन बचाव केन्द्रों नें 2,075 जनजातीय लोगों को रोहतांग दर्रा पार करने में सहायता की । जनजातीय क्षेत्रों के 63 युवाओं को पर्वतारोहण तथा बचाव पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण भी दिया ।

इस वर्ष वाचनालय भवन के निर्माण का कार्य भी पूरा किया जाएगा । होस्टल के दूसरे ब्लाक का कार्य प्रगति पर है । पौंग डैम में जल क्रीड़ा कम्पलैक्स के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है ।

वर्ष 1986–87 के लिए योजना :–वर्ष 1986-87 में चालू कार्यक्रमों को भी अधिक गति से चलाया जाएगा तथा 315 व्यक्तियों को प्राथमिक अग्रिम एम.ओ.आई. चट्टानों पर चढ़ने के पाठ्यक्रमों, 490 व्यक्तियों को पर्वतारोहण, 250 व्यक्तियों को जल क्रीड़ाओं तथा 200 व्यक्तियों को स्कीइंग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाएगा । वर्ष 1986-87 में नारकण्डा, डलहौजी तथा अन्य केन्द्रों में एक्ट न. 4 के अन्तर्गत बचाव कार्यों के लिए नए पर्वतारोहण होस्टल बनाने का प्रावधान है ।

7.17 विज्ञान और औद्योगिकी

हिमाचल प्रदेश में विज्ञान और औद्योगिकी विभाग वर्ष 1983 में स्थापित किया गया। राज्य में विज्ञान और औद्योगिकी परिषद् तथा परिवेश मुख्यमन्त्री की अध्यक्षता में निम्नलिखित उद्धेश्यों से स्थापित किया गया :—

(1) विज्ञान का प्रचार, तथा विज्ञान व औद्योगिकी के प्रयत्नों द्वारा लोगों में वैज्ञानिक स्वभाव की उत्पति।

(2) विज्ञान तथा औद्योगिकी पर आधारित तथा विज्ञान एवं औद्योगिकी से सम्बन्धित कुछ क्षेत्रों में तकनीकी स्थापना का कार्यक्रम जिसमें तकनीकी स्थानान्तरण का पहलू दूसरी योजनाओं जैसा कि एकीकृत ग्राम विकास परियोजना रोज़गार उत्पत्ति कार्यक्रम, औद्योगिक विकास इत्यादि से सम्बद्धता भी शामिल है।

(3) इंजिनियरिंग द्वारा रूपरेखा तथा सलाह की योग्यता।

(4) राज्य स्तर पर प्राकृतिक स्रोतों पर आधारित बहुमुखी आंकड़ों का निर्माण।

(5) विज्ञान तथा औद्योगिकी शिक्षा विकास कार्यक्रम का आरम्भ।

(6) देशी तकनीकी का उपयोग एवं विज्ञान तथा औद्योगिक उद्यमता।

(7) विज्ञान तथा औद्योगिकी पर कार्यशालाएं/सैमिनार।

(8) विज्ञान तथा औद्योगिकी सूचना का आधार।

(9) राज्य की विकास मान्यताओं के अतिरिक्त विज्ञान तथा औद्योगिकी योजनाएं, समन्वित विज्ञान तथा औद्योगिकी कार्यक्रम इत्यादि।

विभिन्न अनुभवी वैज्ञानिकों तथा औद्योगिकों तथा योजनाकारों की अध्यक्षता में 6 श्रमिक दलों (i) भूमि तथा जल प्रबन्ध, (ii) ग्रामीण औद्योगिकी स्थानान्तरण, (iii) विद्युत, (iv) स्वास्थ्य, (v) शिक्षा तथा श्रम शक्ति विकास, तथा (vi) औद्योगिक विकास की इन क्षेत्रों में विज्ञान तथा औद्योगिकी कार्यकलापों की सिफारिशों के लिए स्थापना की।

प्रदेश में विज्ञान तथा औद्योगिकों को लोकप्रिय बनाने के लिए वर्ष 1984 में राष्ट्रीय उत्पादता परिषद् के साथ राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया जो विज्ञान तथा औद्योगिकी विभाग के प्रस्तावित पक्ष के रूप में कार्य करता है। वर्ष 1984-85 तथा 1985-86 (अक्तूबर 1985 तक) में लोगों की धुंआरहित चुल्हों तथा बायोगैस के निर्माण तथा उपयोग में प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न विकास खण्डों में 113 शिवरों का आयोजन किया। इसी अवधि में 35,726 धुंआरहित चुल्हे तथा 4,194 बायोगैस प्लांट का निर्माण किया गया। एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम के लिए चार खण्ड चुने गए तथा प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई।

विज्ञान तथा औद्योगिक अनुसंधान परियोजना के लिए सहायता :— 1984-85 तथा 1985-86 में (अक्तूबर, 1985 तक) विभिन्न अनुसंधान योजनाओं/शोध कार्यों में विज्ञान तथा औद्योगिकी अनुसंधान योजनाओं को चलाने के लिए 74,000 रुपए रखे गए हैं।

अनुसंधान तथा विकास कक्ष की स्थापना :—सौर उर्जा, बायोगैस, धुंआरहित चुल्हों, सस्ती सफाई तथा सस्ते आवास के अनुसन्धान तथा विकास के लिए राजकीय बहुशिल्प, सुन्दरनगर के सामुदायिक विकास कक्ष में अनुसंधान तथा विकास कक्ष की स्थापना की गई है। प्रचलित वर्ष में ऐसे एक और अनुसंधान तथा विकास परियोजना राजकीय बहुशिल्प, हमीरपुर में चलाने का प्रस्ताव है।

सौर उर्जा :—सौर उर्जा के क्षेत्र में पानी गर्म करने तथा कमरा गर्म करने इत्यादि के लिए सरकारी संस्थानों में सौर उर्जा के विकास के लिए 10 परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का कार्य विज्ञान तथा औद्योगिकी कार्यों में प्रसिद्धि प्राप्त करना है।

वनों के भार की कम करने तथा खाना बनाने के लिए सौर उर्जा का प्रयोग करने के लिए इस वर्ष स्पिति घाटी में सौर कुकर मुफ्त देने का कार्य प्रगति पर है। किन्नौर जिले की हंगरंग घाटी में एक गांव को बिजली सेकने तथा खाना बनाने के लिए चुना गया है ताकि बिजली के आर्थिक प्रयोग व उपयोगिता की समीक्षा करने हेतु इस के ईंधन व परिवहन की लागत की तुलना जलाने की लकड़ी से की जा सके।

चिकित्सा तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत अनुसंधान परियोजनाएं :—यह विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के सांस, रक्त बहाव तथा अन्य अंगों के प्रभाव को निर्धारित तथा विश्लेषण करने के लिए परियोजनाएं चलाता है।

फोटोवैलटिक इकाईयां:—विज्ञानतथा औद्योगिकी विभाग ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के साथ प्रयोग के तौर पर रोहतांग पास के रास्ते में मुराही तथा स्पिति घाटी में विद्युत के उद्देश्य से फोटोवैलटिक इकाईयां खोली हैं। इससे स्थानीय लोगों पर प्रभाव पड़ता है तथा विज्ञान तथा औद्योगिकी के लिए जाग्रण होता हैं।

विज्ञान की प्रसिद्धि तथा लोगों में जागृति पैदा करना :—इस योजना के अन्तर्गत शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिलों विज्ञान प्रश्नोतरी, प्रस्ताव संगोष्ठी, परिसंवाद इत्यादि आयोजित करने का प्रस्ताव है। विज्ञान पर चार्ट तथा मैगजीन को प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत ट्रांजिस्टर, रेडियो, वी. सी. आर, रंगीन परिवीक्षक प्रदान किए जायेंगे तथा 6 लाख रुपये की राशि से छोटे कम्प्यूटर लगाए जायेंगे।

चाय अनुसंधान :—विज्ञान तथा औद्योगिकी विभाग सी.एस.आई.आर. कम्पलैक्स पालमपुर की सहायता से वर्तमान चाय बागानों को पुनर्जीवित करना तथा चाय की पैदावार बढ़ाने के लिए चाय बागानों के मालिकों का प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत 3,000 चाय बागानों के मालिकों को लाभ होने की सम्भावना है।

वर्ष 1986-87 के लिए योजना :—वर्ष 1986-87 में 12 लाख रुपए की राशि विज्ञान तथा औद्योगिकी पर तथा 5 लाख रुपए परिवेश तथा परिस्थितिकी पर व्यय करने का प्रस्ताव है।

7.18 जनजाति तथा अनुसूचित जातियों का विकास

पांचवीं योजना की पूर्व संध्या पर जन-जातीय स्थिति के गहन विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया कि यह वर्ग प्रायः सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा ही चला आ रहा हैं। अतः सुनियोजित प्रयत्न के तौर पर जन-जातीय क्षेत्रों के तीव्रतर सामाजिक एवं आर्थिक विकासार्थ वर्ष 1974-75 से उप-योजना पद्धति अपनाई गई। उप-योजना पद्धति के अन्तर्गत 50 प्रतिशत या इससे अधिक अनुसूचित जन-जाति जनसंख्या के विकास खण्डों का चिन्हांकित करना, राज्य, केन्द्रीय योजनाओं एवं वित्तीय संस्थानों से साधनों का आरक्षित करना और इस आरक्षित राशि का विशेष केन्द्रीय सहायता द्वारा सम्पूर्ण करना और उचित प्रशासनिक एवं कार्मिक नीतियों का अपनाना शामिल है।

प्रदेश में किन्नौर एवं लाहौल-स्पिति जिले समस्त रूप में एवं चम्बा जिला की केवल पांगी और भरमौर तहसीलें ही जन-जातीय क्षेत्र घोषित किए गए हैं।

छठी योजनावधि में संशोधित क्षेत्र विकास पद्धति का सूत्रपात किया गया जिसके अन्तर्गत चम्बा तथा भटियाट नामक दो कोष्ठ जनजातीय उप-योजना पद्धति के अन्तर्गत चिन्हांकित किए गए। छठी योजनावधि में ही सामान्य विकास के बजाय परिवार/व्यक्तिगत लाभ पर बल दिया गया। 7वीं योजना के लिए अब तक अपनाए मूल आदर्श ही सही सिद्ध होंगे।

1985-86 सातवी योजना का प्रथम वर्ष था। जन-जातीय उप-योजना के लिए राज्य योजना से प्रवाह जो छठी योजनावधि में 8.6 प्रतिशत रहा, बढ़ा कर 7वीं योजना के लिए 9 प्रतिशत कर दिया गया। प्रारम्भ से ही यह प्रवाह ऊपर रहा है। 177.60 करोड रुपए के सकल योजना आकार में जन-जातीय उप-योजना के लिए वर्ष 1985-86 में 15.85 करोड़ रुपए आरक्षित किए गए और 1.93 करोड़ रुपए की विशेष केन्द्रीय सहायता प्राप्त हुई। जन-जातीय कोष्ठों के लिए 0.12 करोड़ रुपए की विशेष केन्द्रीय सहायता प्राप्त हुई। आर्थिक सेवाओं के क्षेत्र को उच्चतम प्राथमिकता दी गई।

समन्वित जन-जातीय विकास परियोजना कार्यालय समस्त परियोजना क्षेत्रों जैसे, किन्नौर, लाहौल-स्पिति, पांगी तथा भरमौर में स्थापित किए गए हैं। परियोजना सलाहकार समितियां भी गठित की गई है जिनका काम नियोजन, कार्यान्वयन एवं संचालन है। राज्य स्तर पर उच्चाधिकार प्राप्त समन्वय एवं पुनर्विलोकन समिति एवं इसकी स्थायी उप-समिति तथा जन-जातीय सलाहकार परिषद् भी उप-योजना के कार्यन्वयन का अवलोकन करती है। तीन परियोजना क्षेत्रों का मूल्यांकन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय/हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय द्वारा निष्पक्ष माध्यमों द्वारा करवाया गया है तथा शेष दो जो कि किन्नौर तथा लाहौल हैं का मूल्यांकन कृषि विश्वविद्यालय को सौंपा गया है।

अनुसूचित जातीय विकास

1981 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 10.54 लाख है। जनजातीय उप-योजना के विपरीत जो कि क्षेत्राधारित है अनुसूचित जाति जनसंख्या बिखरी हुई होने के कारण व्यक्ति/परिवार/बस्ती आधारित स्कीमें/कार्यक्रम अपनाए गए हैं ताकि इन जातियों की प्राप्त सम्पदा में वृद्धि की जाए जिससे इनकी उत्पादकता में वृद्धि हो और उन द्वारा अपनाए गए धन्धों से अधिकतर आय प्राप्त हो और इन धन्धों को वर्तमान की अपेक्षा कम घृणात्मक बनाया जाए और इन जातियों में शिक्षा का प्रसार किया जाए ताकि वे और उनके बच्चे समस्तरी उर्वाधर गतिशीलता प्राप्त कर सकें। साथ ही उनके रहन-सहन और वातावरण में सुधार लाना निहित है।

छठी योजना में प्रथम बार विशेष घटक योजना के लिए राज्य योजना के दौरान अखिल भारतीय 9.53 प्रतिशत ध्येय के मुकाबले इस प्रदेश में वास्तविक उपलब्धी 9.94 प्रतिशत रही। ये प्रयास भारत सरकार गृह मंन्त्रालय (अब कल्याणकारी विभाग) द्वारा दी गई विशेष केन्द्रीय सहायता से सम्पूर्ण किए गए। जो राशि छठी योजनावधि में अनुमोदित 5.55 करोड़ रुपए थी की बजाय वास्तविकतयः 6.34 करोड़ रुपए रही। सातवीं योजनावधि के लिए विशेष घटक योजना के लिए योजना प्रवाह बिना 'विभाजीय और अविभाजीय' भागों के 11 प्रतिशत अंकित किया गया है। विशेष केन्द्रीय सहायता की मात्रा सातवीं योजना के लिए 8.76 करोड़ रुपए अनुमोदित की गई है।

विशेष घटक योजना के जिला स्तर पर सामायिक संचालन हेतु जिला स्तरीय संचालन एवं पुर्नाविलोकन समितियां गठित की गई हैं जिसके अध्यक्ष जिलाधीश है। राज्य स्तर पर उच्चाधिकार प्राप्त समन्वय एवं पुर्नाविलोकन समिति का गठन किया गया है जो विशेष घटक योजना एवं जन-जातीय उप-योजना के कार्यान्वियन की समीक्षा करती है। इस समिति की एक स्थायी उप-समिति एक संसद सदस्य की अध्यक्षता में गठित है जो मौके पर जा कर योजनाओं का और कार्यक्रमों का निरीक्षण करती है और मुख्य समिति को अपने अनुभवों से अवगत कराती है।

निष्पक्ष जांच हेतु मूल्यांकन अध्ययन हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला एवं हिमाचल कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर द्वारा करवाए गए हैं। इन अध्ययनों के निष्कर्ष उपलब्ध हैं और इन से मार्गदर्शन लेते हुए त्रुटियों को दूर किया जाएगा।

नए 20-सूत्रीय कार्यक्रम के सूत्र 7 का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति के तथा उनको गरीबी की रेखा पार करने में सहायता प्रदान करना है। इस दिशा में भागीरथ प्रयत्न किए जा रहे हैं और वर्तमान स्थिति इस प्रकार है :—

काल	अनुसूचित जाति परिवारों को लाभांवित करने का लक्ष्य		प्राप्ति	
	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1985—90 (7वीं योजना)	1,09,833*	18,419	-	-
1984-85 (आधार वर्ष)	33,780	3,720	34,606	5,218
1985-86	24,000	2,631	16,204 (31-12-85 तक)	2,507

*इसमें बार बार दी गई सुविधाएं/सुविधा प्राप्त परिवार सम्मिलित हैं।

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Aministration
17-B,SriAurbindo Marg,NewDelhi-110016
DOC. No.....3095
Date....18/6/86

8. विविध

8.1 आबकारी एवं कराधान

सरकार की आबकारी एवं कराधान नीति आर्थिक सुदृढ़ता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह सरकारी कोष में राजस्व का एक मुख्य स्रोत है। वर्ष 1985-86 में सरकार की आबकारी नीति की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित रही :—

(i) बार और क्लब (एल-3, एल-4, एल-4ए व एल-5) लाईसैंसों की वर्ष 1985-86 में बीयर के अनुमान शुल्क दरें पिछले वर्ष जैसी रही है। वर्ष 1985-86 में एल-3, एल-4, तथा एल-5 लाइसैंसों की निर्धारित दरें निम्न प्रकार से हैं:—

(क) 10,000 तक की जन संख्या के स्थानों में	12,000 रु०
(ख) 10,000 से 15,000 तक की जनसंख्या के स्थानों में	15,000 रु०
(ग) 15,000 से अधिक जनसंख्या के स्थानों में	22,000 रु०

वर्ष 1985-86 में एल-4 ए लाइसैंसों की निर्धारित शुल्क की निम्न दरें रही:—

(क) 10,000 तक की जनसंख्या के स्थानों में	8,000 रु०
(ख) 10,000 स 15,000 तक की जनसंख्या के स्थानों में	10,000 रु०
(ग) 15,000 से अधिक जनसंख्या के स्थानों में	15,000 रु०

बार व क्लब एल-3, एल-4, एल-4ए तथा एल-5 लाइसैंस सरकार द्वारा प्रमाणित अपने अपने क्षेत्र से स्थानीय सप्लाई लेंगे जिस पर अनुमान शुल्क देय नहीं होगा।

(ii) भारत में बनी शराब व बीयर पर बिक्री कर गत वर्ष की भान्ति इनके उत्पादन स्थान पर ही लागू रहा।

(iii) इस वर्ष देशी शराब की 50 व 60 डिग्री प्रूफ रखने की आज्ञा दी गई।

(iv) कुछ इलाकों में घर की खपत तथा विशेष अवसरों पर उपयोग के लिए देसी शराब के लाइसैंस को रियायती दरों पर देना जारी रहा।

(v) वर्ष 1985-86 में भारत में बनी शराब, विदेशी शराब व बीयर पर निम्न आबकारी शुल्क रखे गए हैं :—

1. देसी शराब :—	
(क) 50 डिग्री प्रूफ	रुपए 10.00 प्रति प्रूफ लिटर
(ख) 60 डिग्री प्रूफ	रुपए 12.00 प्रति प्रूफ लिटर
2. भारत में बनी विदेशी शराब 25 डिग्री अंड प्रूफ	रुपए 22.00 प्रति प्रूफ लिटर
3. बीयर 5 प्रतिशत तक अलकोहल मात्रा	रुपए 1.00 प्रति बोतल 650 मि. लि.
4. सीडार	रुपए 0.75 प्रति बोतल 650 मि. लि.
5. (क) स्वीट व वाईन :—	
(i) 20 प्रतिशत तक शराब मात्रा	रुपए 3.00 प्रति बल्क लिटर
(ii) 20 प्रतिशत से अधिक परन्तु 30 प्रतिशत से कम प्रूफ स्पिरिट	रुपए 4.00 प्रति बल्क लिटर
(ख) भारत में बनी रम जब सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों व आई.टी.बी.पी. को सी. एस. डी. या अन्य स्त्रोतों द्वारा जो सरकार द्वारा मान्य हो :	
(i) गैर अग्रिम क्षेत्रों में	रुपए 16.00 प्रति प्रूफ लिटर
(ii) अग्रिम क्षेत्रों में	रुपए 9.00 प्रति प्रूफ लिटर
(ग) रैक्टीफाइड स्पिरिट (जब दवाईयां बनाने के अलावा प्रयोग हों)	रुपए 10.00 प्रति प्रूफ लिटर
(घ) भांग पर ड्यूटी	रुपए 20 प्रति 10 किलो ग्राम या कम
(ङ) अफीम पर ड्यूटी	रुपए 730.00 प्रति किलोग्राम

6. एल-1 फार्म में (विदेशी शराब के थोक व्यापार) लाइसैन्स देने का निर्धारित शुल्क 35,000 रुपए रहा।

7. वर्ष 1985-86 में भारत में बनी विदेशी शराब व बीयर पर निर्धारित शुल्क निम्न दरों से लगाया गया था :

(क) भारत में बनी विदेशी शराब	रुपए 1.50 प्रति प्रूफ लिटर
(ख) बीयर :	
(i) 5 प्रतिशत शराब की मात्रा तक	रुपए 0.30 प्रति बल्क लिटर
(ii) 5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक शराब की मात्रा	रुपए 0.50 प्रति बल्क लिटर
(ग) रेक्टीफाइड स्पिरिट	रुपए 0.03 प्रति प्रूफ लिटर
(घ) देसी शराब	रुपए 0.03 प्रति प्रूफ लिटर

8. पिछले वर्ष की तरह शुष्क दिनों की संख्या 16 रही ।

9. वर्ष 1985-86 में निम्नलिखित शराब की दुकानें नीलाम की गई :—

(i) देसी शराब की परचून दुकानें	411
(ii) विदेशी शराब की परचून दुकानें	215
(iii) देसी तरीके से बनाई गई देसी शराब की दुकानें	13
(iv) बीयर बार (एल-10)	19
योग	658

10. वर्ष 1985-86 में 20 लाख प्रूफ लिटर देसी शराब का कोटा नीलाम किया गया ।

11. जन-जातीय क्षेत्रों में फलों से बनाई जाने वाली देसी शराब रखने की सीमा पिछले वर्ष की तरह ही रखी गई है ।

वर्ष 1985-86 में कराधान नीति के अन्तर्गत विभाग में निम्न-लिखित उपलब्धियां की गई है :—

1. हिमाचल प्रदेश सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1968 :— इस अधिनियम के अधीन जो कि राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। वर्ष 1984-85 में सामान्य बिक्री कर के रूप में 2,124.29 लाख रुपए कर के रूप में आय हुई है। वर्ष 1985-86 में 2,877.00 लाख रुपए सामान्य बिक्री कर रखने का प्रस्ताव है ।

2. केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम :— केन्द्रीय बिक्री कर अधि-नियम जो कि राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जाता है । इस अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 में 176.51 लाख रुपए की तुलना में वर्ष 1985-86 में 168.55 लाख रुपए आय होने की सम्भावना है ।

3. हिमाचल प्रदेश मोटर स्पिरिट (बिक्री कर कराधान) अधि-नियम 1968 :— इस अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 के 122.58 लाख रुपए की तुलना में वर्ष 1985-86 में 126.45 लाख रुपए की आय होने की सम्भावना है ।

4. हिमाचल प्रदेश यात्री एवं सामान कराधान अधिनियम, 1955 :— वर्ष 1984-85 में कुल आय 733.08 लाख रुपए की हुई जबकि वर्ष 1985-86 में 839.00 लाख रुपए की आय होने की सम्भावना है । इसके अतिरिक्त सरकार ने मिनी बसों पर भी कर लगाए हैं । मिनी बसों जिनकी बैठने की क्षमता 25 सीटों से अधिक न हो 10,000 रुपए यात्री कर तथा 2,000 रुपए सरचार्ज के रूप में मुश्त निश्चित की है ।

5. हिमाचल प्रदेश मनोरंजन कर अधिनियम, 1968 :— यह अधिनियम सारे प्रदेश में लागू है तथा कर की दर प्रवेश फीस की 100 प्रतिशत है । इसके अतिरिक्त सरकार ने वीडियों पर एक मुश्त देय कर जनसंख्या के आधार पर देय निश्चित की है । इस अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 की 70.33 लाख रुपए की तुलना में वर्ष 1985-86 में 80.00 लाख रुपए आय होने की सम्भावना है ।

6. हिमाचल प्रदेश मनोरंजन कर (चलचित्र प्रदर्शन) अधिनियम 1968 :— यह अधिनियम सारे प्रदेश में लागू है तथा प्रदेश के सारे चलचित्र गृहों का वर्गीकरण शहरों की महता जनसंख्या और आकार के आधार पर ए.बी.सी.डी. वर्गों में किया जाता है ।

7. हिमाचल प्रदेश कराधान (मार्ग पर ढोए गए विशेष सामान पर) अधिनियम, 1976 :— इस अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 में 124.00 लाख रुपए की आय हुई जबकि वर्ष 1985-86 में 265.00 लाख रुपए की आय होने की सम्भावना थी ।

8. हिमाचल प्रदेश विलास (होटल तथा वास स्थान पर) अधि-नियम :— इस अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 के 11.83 लाख रुपए की आय की तुलना में वर्ष 1985-86 में 16.00 लाख रुपए की आय होने की सम्भावना थी ।

8.2 खाद्य एवं आपूर्ति

